संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, सोमवार, 19 फरवरी 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 18 अंकः 49 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# जम्मू-कश्मीरः पीएम मोदी देंगे 3161 करोड़ का तोहफा

**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को जम्मू-कश्मीर जाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी यहां 3,161 करोड़ रुपये की 209 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। वह जम्मू के मौलाना आजाद स्टेडियम में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।। इसके साथ ही प्रधानमंत्री अपने इस केंद्र शासित प्रदेश के दौरे से आगामी लोकसभा चुनाव के लिए चुनाव अभियान का भी आगाज करेंगे। दरअसल जम्मू-कश्मीर में लोकसभा की पांच सीटें हैं। इसमें वर्तमान में बीजेपी के पास दो सीटें हैं। अब पार्टी इस आंकड़े को बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है। उधर, पीएम मोदी के दौरे से पहले कश्मीर में सुरक्षा बलों को सतर्क कर दिया गया है। अधिकारियों ने रविवार को यहां बताया कि पुलिस और अर्द्धसैनिक बल शहर और उसके आसपास दर्जनों स्थानों पर वाहनों की जांच कर रहे हैं। एहतियात के तौर पर श्रीनगर में अलग-अलग स्थानों पर प्रवेश और निकास मार्गों पर विशेष जांच चौकियां स्थापित की गई हैं।

**मोदी की सभा में होगी 1 लाख की भीड़ः** जम्मू के एमए स्टेडियम में प्रधानमंत्री मोदी अपने दो घंटे के कार्यक्रम के दौरान 3,161 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इसमें एक लाख से अधिक लोगों के शामिल होने की संभावना है। हाल ही में एसटी दर्जा प्राप्त करने वाले पहाड़ी समुदाय में इस रैली में शामिल होने की उत्सुकता देखने को मिल रही है। पीएम मोदी युवाओं को नियुक्ति पत्र भी बांटेंगे। इसके बाद वो वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उनसे बात करेंगे।

पीएम मोदी महत्वाकांक्षी जम्मू-श्रीनगर ट्रेन का आंशिक उद्घाटन करेंगे जो बनिहाल शहर से 48.5 किलोमीटर आगे की प्रतीकात्मक यात्रा करेगी। दरअसल प्रधानमंत्री मोदी सांबा जिले के विजयपुर शहर में एम्स, रियासी जिले में सबसे ऊंचा रेलवे पुल, देविका कायाकल्प परियोजना, शाहपुर कंडी परियोजना, आईआईएम जम्मू, जम्मू और कश्मीर दोनों डिवीजनों में कई प्रमुख सड़कें और परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे।

**124 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास**


पीएम मोदी जम्मू-कश्मीर में 124 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इनमें 2210 कनाल को कवर करने वाले नौ औद्योगिक एस्टेट, 62 सड़क परियोजनाओं और 42 पुलों का निर्माण और उन्नयन, घाटी के अनंतनाग, कुलगाम, कुपवाड़ा, शोपियां और पुलवामा जिलों में नौ स्थानों पर कश्मीरी प्रवासियों के लिए 2816 फ्लैट, ट्रांसपोर्ट नगर का अपग्रेडेशन शामिल है। श्रीनगर में परिम्पोरा और जम्मू स्मार्ट सिटी के लिए एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्र के लिए डेटा सेंटर/आपदा रिकवरी केंद्र शामिल है।

## आदर्श विचार



"एक अनुशासित व्यक्ति अपना तथा समाज व देश का विकास कर सकता है। भागवद्"

## मन की बात



"चिंतन करो, चिंता नहीं, नए विचारों को जन्म दो।"

स्वामी विवेकानंद

## तीसरी आंख




# कांग्रेस देश बांटने में जुटीः पीएम मोदी

### भाजपा अधिवेशनः कांग्रेस ने सेना पर सवाल उठाए, राफेल की राह में भी रोड़े अटकाएः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**डबल इंजन**

8 कांग्रेस देश को बांटने में लगी है। सेना पर सवाल उठाए और राफेल की राह में भी रोड़े अटकाए





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली के** भारत मंडपम में भाजपा का दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन रविवार 18 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन के साथ खत्म हो गया। पीएम ने अपने 64 मिनट के भाषण में कार्यकर्ताओं को ऊर्जा से काम करने का मंत्र दिया। वहीं, कांग्रेस समेत विपक्ष पर निशाना साधते हुए 10 साल की अपनी सरकार की उपलब्धियां भी बताई। मोदी ने कहा कि कांग्रेस देश को बांटने में लगी है। उन्होंने सेना पर सवाल उठाए और राफेल की राह में भी रोड़े अटकाए। प्रधानमंत्री जैन संत विद्यासागर जी महाराज की बात करते हुए भावुक भी हो गए। अधिवेशन में यूपीए सरकार के 10 साल के कार्यकाल के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था पर एक श्वेत पत्र जारी किया गया। इसके अलावा राम जन्मभूमि पर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन करते हुए भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने श्रीराम मंदिर निर्माण पर प्रस्ताव पेश किया।

## पहला प्रधानमंत्री हूं, जिसने शौचालय के बारे में सोचाः पीएम मोदी

**पहला** प्रधानमंत्री हूं, जिसने शौचालय के बारे में सोचा। महिलाओं के खिलाफ अपशब्द बोलने वालों के लिए कानून लाए। 3 करोड़ से ज्यादा महिलाओं के नाम घर रजिस्टर्ड कराकर उन्हें घर की मालकिन बनाया। 12 करोड़ महिलाओं के लिए शौचालय बनाया। 1 रुपए में सुविधा सैनिटरी पैड दिए। बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए, बेटी को नौकरी करने में आसानी हो, इसके लिए कदम उठाए। एक करोड़ लखपति बहनें बनाई। प्रेग्नेंसी लीव को 26 हफ्ते का कर दिया।

**कार्यकर्ताओं के लिए अगले 100 दिन नई उमंग नए जोश के हैंः** राष्ट्रीय अधिवेशन में उपस्थित और देश के कोने-कोने से जुड़े भाजपा कार्यकर्ताओं का मैं अभिनंदन करता हूं। भाजपा का कार्यकर्ता साल के हर दिन चौबीसों घंटे देश की सेवा के लिए कुछ ना कुछ करता ही रहता है। अब अगले 100 दिन नई ऊर्जा, नई उमंग, नए उत्साह, नया विश्वास, नए जोश के साथ काम करने के हैं।

## देश के सपने भी विराट होंगे और संकल्प भी विराट होंगेः पीएम

**पीएम** ने कहा कि पिछले 10 साल में भारत ने जो गति हासिल की है। बड़े लक्ष्यों को हासिल करने का जो हौसला पाया है, वो अभूतपूर्व है। ये मैं नहीं, पूरी दुनिया गाजे-बाजे के साथ बोल रही है। हर देशवासी को एक बड़े संकल्प के साथ जोड़ दिया है। ये संकल्प है विकसित भारत का। अब देश ना छोटे सपने देख सकता है और ना छोटे संकल्प ले सकता है। सपने भी विराट होंगे और संकल्प भी। 10 साल में जो हासिल किया, वो पड़ाव मात्र है। मंजिल तक पहुंचने का नया विश्वास है। अभी हमें देश के लिए, कोटि-कोटि भारतीयों का जीवन बदलने के लिए बहुत कुछ हासिल करने का संकल्प लेना है। बहुत से निर्णय अभी बाकी हैं।

## कमलनाथ का चरित्र दबाव में आने वाला नहींः दिग्विजय सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**

**मध्य प्रदेश** के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और उनके पुत्र छिंदवाड़ा से सांसद नकुलनाथ की बीजेपी में शामिल होने की चचाओं के बीच पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने बड़ा दावा किया है। उनका कहना है कि कमलनाथ का चरित्र किसी भी दबाव में न आने वाला है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बीजेपी में शामिल होने की अटकलों को दिग्विजय सिंह ने खारिज किया और कहा कि कमलनाथ जैसा व्यक्ति जिन्होंने अपनी राजनीति की शुरूआत कांग्रेस से की और जिन्हें हम सब इंदिरा जी का तीसरा पुत्र मानते है, उन्होंने हमेशा कांग्रेस का साथ दिया है और कांग्रेस के स्तंभ रहे। कांग्रेस की ओर से कमलनाथ को दी गई जिम्मेदारियां का जिक्र करते हुए दिग्विजय सिंह ने कहा कि कमलनाथ को कौन सा पद नहीं मिला, उन्हें पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया।

# 'मेरा परिवार सीने पर गोली खाने को तैयार'

**टीम एक्शन इंडिया/ मुजफ्फरनगर**

**मुजफ्फरनगर** के सिसौली में भारतीय किसान यूनियन की आयोजित हुई मासिक पंचायत में किसान नेता चौधरी राकेश टिकैत ने जोशीला भाषण दिया। उन्होंने कहा कि टिकैत परिवार गोली खाने को तैयार है, लेकिन किसानों का साथ नहीं छोड़ेगा। आंदोलन में टिकैत परिवार का एक सदस्य शहादत देगा। उन्होंने कहा कि सीमा पर नहीं तो आंदोलन के दौरान किसानों की मांगों के लिए सीने पर गोली खाएंगे, लेकिन पीछे नहीं हटेंगे। किसानों की राजधानी कहे जाने वाले कस्बा सिसौली के किसान भवन पर आयोजित भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत के दौरान चार



**समर्थन**

8 सीमा पर नहीं तो आंदोलन के दौरान किसानों की मांगों के लिए सीने पर गोली खाएंगे, लेकिन पीछे नहीं हटेंगे

राज्यों से किसान नेता जुटे थे। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि एमएसपी कानून से कम उन्हें कुछ भी मंजूर नहीं है। उन्होंने कहा कि 21 फरवरी को यूनियन के कार्यकर्ता जिला मुख्यालय पर ट्रैक्टरों के साथ मार्च करेंगे। इसके बाद 26 और 27 फरवरी को हरिद्वार से लेकर गाजीपुर बार्डर तक उस दिशा को मुंह कर ट्रैक्टर खड़े किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह सरकार पूंजीपतियों की है, जो किसानों की कोई चिंता नहीं करती है। अगर किसानों को अपना भविष्य सुरक्षित रखना है तो आंदोलन करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पंजाब से दिल्ली जा रहे किसानों को रोकने में सरकार जितनी ताकत लगा रही है, वह ठीक नहीं है।

# ..नहीं सुने तो हम भी पंजाब के किसानों की तरह हो जाएंगे..

**टीम एक्शन इंडिया/ग्रेटर नोएडा**

**दिल्ली-एनसीआर** किसान आंदोलन से कराह रही है। नोएडा-ग्रेटर नोएडा के किसान संगठनों ने भी प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार के खिलाफ हल्ला बोल दिया है। भारी संख्या में किसान गौतमबुद्ध नगर जिले में जगह-जगह काफी समय से धरने पर बैठे हुए है। यहां के किसान अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। धरने में भारी संख्या में महिलाएं, पुरुष, युवा और बुजुर्ग शामिल हैं। धरनारत किसानों का कहना है कि इस बार लड़ाई आरपार की है।

अपना हक सरकार से लेकर रहेंगे। जीत कर ही दम लेंगे। किसान सभा के दिन-रात के धरने के 17वें दिन किसानों ने जबरदस्त धरना-प्रदर्शन किया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर अखिल भारतीय किसान सभा डटी हुई है।

# बसपा के लिए इंडिया के दरवाजे 'खुले' हैं

**टीम एक्शन इंडिया/प्रयागराज**

**उत्तर प्रदेश** में कांग्रेस की कोशिश तमाम विपक्षी दलों को एक छतरी के नीचे लाने की हो रही है। कांग्रेस के उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने रविवार को कहा कि बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के लिए विपक्षी गठबंधन इंडिया के दरवाजे खुले हैं। अब मायावती को तय करना है कि वह आगामी लोकसभा चुनाव भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ एकजुट होकर लड़ना चाहती हैं या अकेले अपने दम पर। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' खुले दिल से चाहता है कि बसपा भी इस गठबंधन



का हिस्सा बने, लेकिन मायावती पहले ही घोषणा कर चुकी हैं कि वह लोकसभा चुनाव अकेले लड़ेंगी। राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माने जाने वाले राज्य उत्तर प्रदेश में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान अविनाश पांडे ने कहा कि कांग्रेस 'पूरे दिल से' समाजवादी पार्टी का समर्थन कर रही है।

**बेरोजगारी** यूपी सिपाही भर्ती की फोटो शेयर कर राहुल ने बीजेपी पर साधा निशाना

# 'डबल इंजन सरकार मतलब बेरोजगारों पर डबल मार...

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश में बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर रविवार को निशाना साधा। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार का मतलब बेरोजगारों पर दोहरी मार है। राहुल ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में दावा किया कि आज बेरोजगारी की बीमारी से उत्तर प्रदेश का हर तीसरा युवा ग्रसित है। जहां डेढ़ लाख से अधिक सरकारी पद खाली हैं, वहां न्यूनतम योग्यता वाले पदों के लिए भी ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट और पीएचडी धारक लाइन लगा कर खड़े हैं। डबल इंजन सरकार का मतलब बेरोजगारों पर



'डबल मार' है। राहुल ने कहा कि पहले तो भर्ती निकलना एक सपना है, भर्ती निकले तो पेपर लीक, पेपर हुआ तो नतीजे का पता नहीं और लंबे इंतजार के बाद रिजल्ट आने पर भी अक्सर भर्ती के लिये अदालत का चक्कर। सेना से लेकर रेलवे और शिक्षा से लेकर पुलिस तक की भर्तियों का सालों-साल इंतजार कर लाखों छात्र 'ओवरएज' (अर्हता उम्र पार) हो चुके हैं। निराशा के इस चक्रव्यूह में फंसा छात्र अवसाद का शिकार होकर टूट रहा है।

**साधा निशाना**

8 पोस्ट में दावा किया कि आज बेरोजगारी की बीमारी से उत्तर प्रदेश का हर तीसरा युवा ग्रसित है

**'कांग्रेस युवाओं की तपस्या को व्यर्थ नहीं जाने देगी'ः** कांग्रेस नेता ने दावा किया कि इन सब से व्यथित होकर जब वह अपनी मांगें लेकर सड़क पर निकले तो मिलती हैं उसे पुलिस की लाठियां।



# सीएम और आतिशी को दोबारा नोटिस देगी क्राइम ब्रांच

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

भाजपा पर आम आदमी पार्टी के विधायकों की खरीद फरोख्त करने के आरोप मामले में दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व कैबिनेट मंत्री आतिशी को दोबारा नोटिस भेजने का निर्णय लिया है। एडिशनल पुलिस कमिश्नर, क्राइम ब्रांच, संजय भाटिया का कहना है कि अभी किसानों के दिल्ली कूच करने के एलान के मद्देनजर दिल्ली पुलिस का फोकस सीमाओं की पहरेदारी पर है। यह मामला खत्म होते ही दोनों को दोबारा नोटिस भेज जानकारी मांगी जाएगी। 27 जनवरी को एक्स पर किए गए पोस्ट में आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया था कि भाजपा, आम आदमी पार्टी के सात विधायकों से संपर्क कर मुख्यमंत्री को गिरफ्तार कराने व उन्हें तोड़ने की बात कह रही है। 21 विधायकों से बात हो जाने व अन्य से बात करने की बात कह रही है। भाजपा, दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार गिराने की बात कह रही है। विधायकों



को 25-25 करोड़ रुपये देने व आगामी चुनाव में भाजपा की ओर से टिकट दिलाने की बात कह रही है लेकिन विधायकों ने भाजपा के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। पोस्ट के बाद आप नेता आतिशी ने पत्रकार वार्ता करके भी यही आरोप लगाया था। इसके बाद 29 जनवरी को दिल्ली भाजपा के कुछ सांसदों व विधायकों ने पुलिस मुख्यालय पहुंचकर पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा से मुलाकात कर उन्हें मुख्यमंत्री व आप सरकार द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच करवा कार्रवाई करने के लिए शिकायत की थी। इसपर पुलिस आयुक्त ने जांच की जिम्मेदारी क्राइम ब्रांच को सौंप दी थी। उसी सिलसिले में क्राइम ब्रांच मामले की जांच कर रही है। अभी इस मामले में कोई केस

**नोटिस की तैयारी**

**8 अभी किसानों के दिल्ली कूच करने के एलान के मद्देनजर दिल्ली पुलिस का फोकस सीमाओं की पहरेदारी पर है**

दर्ज नहीं किया गया है। जांच में सामने आए सुबूतों के आधार पर पुलिस आगे का निर्णय लेगी। इसी सिलसिले में करीब दो हफ्ते पहले क्राइम ब्रांच ने मुख्यमंत्री के सिविल लाइंस स्थित आवास व आतिशी के आवास पर जाकर उन्हें नोटिस सौंप तीन दिन के अंदर भाजपा नेताओं पर आप विधायकों की खरीद फरोख्त करने के आरोप लगाए जाने से संबंधित जानकारी देने को कहा था, लेकिन अब तक दोनों नेताओं से पुलिस को कोई जवाब नहीं मिल पाया है।

# विश्व पुस्तक मेला: वीकेंड पर 1.5 लाख से ज्यादा लोग पहुंचे प्रगति मैदान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**विश्व पुस्तक** मेले में 1.5 लाख से ज्यादा लोग पहुंचे। उत्साहित लोगों ने वीकेंड पर परिवार के साथ पहुंचकर यहां लंबी कतारों में लगकर प्रगति मैदान के अंदर प्रवेश किया। आसपास की सड़कें आगंतुकों की भारी संख्या में पहुंचने से जाम रहीं। नई दिल्ली की सभी सड़कों से मानो लोग पुस्तक मेले में जा रहे हों। रविवार को मेले के आखिरी दिन भी भारी भीड़ जुटने की उम्मीद है। मेले के आखिरी दिन यहां किताबों पर भारी छूट मिल रही। कई किताबों पर 70 फीसदी तक की छूट है। मेले में साहित्यिक जगत के दिग्गजों, शिक्षकों और किताब प्रेमियों की मंडली ने किताबों और पढ़ने के प्रति अपने प्यार का बेहतरीन उदाहरण पेश किया। शनिवार को मेले के एंट्री गेट पर लंबी लाइन रही। शटल सेवा के लिए लोगों को लंबा इंतजार करना पड़ा, लेकिन आगंतुक देर शाम तक यहां डटे रहें।




किताबों के स्टालों, अंतरराष्ट्रीय प्रकाशन के मंच पर और लाइव सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हर जगह खूब भीड़ रही। लोगों ने विभिन्न मंडपों, वैचारिक चचाओं, चित्र प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। **बच्चों को फ्री में बांटी किताबें:** बच्चों के मंडप में कहानी कहने-सुनाने, चित्रण, सुलेख, कला, नाटक में हिस्सा लेने के लिए भारी संख्या में बच्चे आए। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को ब्रेल किताबें बांटी गईं। हॉल-1 में यूडीआईडी कार्ड दिखाने पर बच्चों को ऑडियो, ईबुक्स और मुफ्त में ब्रेल किताबें दी गईं। वसुंधरा बहुगुणा ने असम के माजुली द्वीप की पौराणिक कहानी सुनाई।

बहुभाषी भारत, फेस्टिवल ऑफ फेस्टिवल्स में पोएट्री थ्रू द लेंस ऑफ इंडिया पर एक चर्चा सत्र आयोजित हुआ।

# 'शरजील इमाम का हिरासत में रहना जरूरी'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली दंगे से पहले भड़काऊ भाषा देने के मामले में कड़कड़डूमा कोर्ट ने आरोपित शरजील इमाम को जमानत देने से इनकार कर दिया। उसने वैधानिक जमानत अर्जी लगाते हुए पक्ष रखा था कि उस पर जो आरोप लगाए गए हैं, उनमें अधिकतम सजा की आधी से अधिक अवधि वह न्यायिक हिरासत में बिता चुका है। उसकी अर्जी को खारिज करते हुए अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश समीर बाजपेयी के कोर्ट ने कहा कि मौजूदा मामले में तथ्य सामान्य नहीं हैं। आरोपित पर लगे आरोपों और उसकी विघटनकारी गतिविधियों को देखते हुए राहत नहीं दी जा



सकती। उसकी हिरासत को जारी रखना उचित होगा। इससे पहले भी शरजील की कई अर्जियां खारिज हो चुकी हैं। दिल्ली दंगे से पहले वर्ष 2019 में जामिया मिल्लिया इस्लामिया व जनवरी 2020 में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) में नागरिकता संशोधन

**आदेश**

**8 आरोपित पर लगे आरोपों और उसकी विघटनकारी गतिविधियों को देखते हुए राहत नहीं दी जा सकती।**

कानून और राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर का विरोध करते हुए भड़काऊ भाषण देने के मामले में आरोपित शरजील इमाम 28 जनवरी 2020 से न्यायिक हिरासत में है। राजद्रोह कानून पर पुनर्विचार होने तक इस आरोप को लेकर उसके खिलाफ कार्रवाई रोक दी गई थी। जबकि सांप्रदायिक शत्रुता फैलाने, राष्ट्रीय एकता के खिलाफ भाषण देने, अफवाह फैलाने व गैर कानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) की धारा 13 के तहत आरोप में मुकदमा चल रहा है। पिछले वर्ष शरजील ने सीआरपीसी के प्रविधान के तहत वैधानिक जमानत के लिए अर्जी दायर कर कहा था कि उसके ऊपर लगे यूएपीए के आरोपों में अधिकतम सात साल की सजा हो सकती है, जबकि वह चार वर्ष से अधिक समय न्यायिक हिरासत में बिता चुका है। कोर्ट ने आरोपपत्र में लगाए गए आरोपों व तथ्यों पर गौर करते हुए कहा कि शरजील ने भले ही किसी को हथियार उठाने या लोगों को मारने की बात नहीं कही।

# छतरपुर मेट्रो स्टेशन पर गेट नंबर- 2 रहेगा बंद

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** की 'लाइफलाइन' कही जाने वाली मेट्रो से सफर करने वालों के लिए जरूरी खबर है। अगले कुछ समय से छतरपुर मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-2 को एंट्री और एग्जिट के लिए बंद कर दिया गया है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने रविवार को अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है। डीएमआरसी के मुताबिक, मेट्रो के चौथे चरण के विस्तार कार्य के चलते छतरपुर मेट्रो स्टेशन पर गेट नंबर- 2 को बंद कर दिया गया है। साथ ही यात्रियों को सलाह दी कि वह एंट्री और एग्जिट के लिए गेट 1 और 3 का इस्तेमाल करें।



इस संबंध में डीएमआरसी के एक अधिकारी ने कहा कि चौथे चरण का काम खत्म होने तक गेट बंद कर दिया गया है। फेज चार में 'जनकपुरी पश्चिम-आरके आश्रम मार्ग (28.92 किमी), मजलिस पार्क-मौजपुर (12.55 किमी) और तुगलकाबाद-एरोसिटी (23.65 किलोमीटर) परियोजना पर काम चल रहा है।

परियोजना के तहत डीएमआरसी 45 स्टेशनों तक फैले तीन प्राथमिकता वाले कॉरिडोर के 65.2 किलोमीटर पर निर्माण कार्य कर रहा है। छतरपुर मेट्रो स्टेशन आगामी 'गोल्डन लाइन'शुरू होने के साथ एक इंटरचेंज सुविधा बन जाएगा।

# उधारी चुकाने के चक्कर में फंसा कोचिंग संचालक

**नोएडा।** कोतवाली सेक्टर-24 पुलिस ने परीक्षार्थी के स्थान पर यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा दे रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। वह सेक्टर-11 स्थित नेहरू इंटरनेशनल स्कूल में बने परीक्षा केंद्र पर परीक्षा दे रहा था। पुलिस ने शनिवार को आरोपी की गिरफ्तारी परीक्षा खत्म होने के कुछ मिनट पहले की। उसके पास से कूटरचित आधार कार्ड और प्रवेश पत्र समेत अन्य सामान बरामद हुआ है। आरोपी कोचिंग संचालक भी है। सेक्टर-24 थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्त में आए आरोपी की पहचान जेवर के भानू कौशिक के रूप में हुई है। वह जेवर के ही योगेश सिंह के स्थान पर परीक्षा दे रहा था। कुल चार लाख रुपये में भानू ने सौदा तय किया था। पूछताछ में भानू ने बताया कि उसने वर्ष 2017 में एक कोचिंग सेंटर ग्रेटर नोएडा के जगतफार्म में शुरू किया था, जो कोरोना काल में बंद हो गया था। कोचिंग सेंटर बंद होने से भानू को काफी नुकसान हुआ, जिसके कारण वह आर्थिक तंगी से जूझने लगा। उसी दौरान उसकी पत्नी की डिलीवरी हुई थी, तब उसने योगेश से 95 हजार उधार लिया था। आर्थिक तंगी के कारण वह रुपये वापस नही कर पाया था।

**उधारी माफ, बाद में तीन लाख और देने का वादा किया**

परीक्षार्थी योगेश सिंह बीते दिनों भानू के पास आया और उसे अपनी जगह यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा देकर पास कराने के लिए कहा। योगेश ने कहा कि यदि वह उसकी परीक्षा पास करा देगा।

# स्टॉक और आईपीओ में इन्वेस्ट के नाम पर व्यक्ति से ठगी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/गुरुग्राम**

साइबर ठगों ने सोहना रोड के यूनिवर्स गार्डन निवासी एक व्यक्ति के मोबाइल में फर्जी ऐप डाउनलोड कराकर स्टॉक और आईपीओ में इन्वेस्ट करने के नाम पर एक करोड़ पांच लाख रुपये ठग लिए। जब व्यक्ति ने आईपीओ को बेचकर राशि निकालने की कोशिश की तो मोबाइल से ऐप डिलीट कर दिया गया। पीड़ित की शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की है। सोहना रोड के यूनिवर्स गार्डन निवासी संजय जैन ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि छह फरवरी को उन्होंने ऑनलाइन मीडिया पर एक कंपनी का विज्ञापन देखा। इसमें स्टॉक खरीदने के लिए खाता खोलने और निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने की बात लिखी थी। जब उन्होंने इस पर पूछताछ की तो वेल्स कैपिटल मैनेजमेंट कॉरपोरेट कंपनी की तरफ से दो लोगों ने लाइव सेशन के माध्यम से उन्हें इसके बारे में सिखाया।

झांसे में आकर संजय जैन ने स्टॉक के लिए कंपनी के ऐप में खाता खुलवा लिया। इस पर उनके मोबाइल में ऐप डाउनलोड कर दिया गया। इसके बाद सेशन के दौरान ही उनसे आईपीओ और स्टॉक में निवेश कराया गया।

# शादियों के मौसम में चमकने वाले चांदनी चौक पर संकट के बादल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

शादियों का मौसम आने से 15-20 दिन पहले से चांदनी चौक में रौनक लौट आई थी। दिल्ली के विभिन्न स्थानों के साथ गुरुग्राम, नोएडा, गाजियाबाद समेत दूसरे राज्यों से और विदेश से दुकान, बुटिक तथा शादी वाले घरों के लोगों की खरीदारी से गुलजार हो गया था। खासकर अधिकतर दुकानों पर दुल्हनें अपने लिए लहंगा और साड़ी पसंद करते दिखाई देती थीं। यह स्थित कुछ दिन पहले तक यथावत थी, लेकिन पंजाब से किसान आंदोलन का वेग उठने के साथ से पांच दिन पहले से इस ऐतिहासिक व महत्वपूर्ण बाजार पर संकटों के बादल छा गए हैं। जो शादियों के इस मौसम में मायूसी देने को आमदा है। क्योंकि, पिछले कुछ दिनों में यहां के व्यापार में 75



प्रतिशत तक की गिरावट आ गई है।

**300 करोड़ रुपये से अधिक का है प्रतिदिन का कारोबार:** स्थिति यह कि भविष्य में भी कारोबारी अनिश्चितताओं को देखते हुए यहां के थोक व खुदरा व्यापारियों ने लहंगा, साड़ी व सूट निमार्ताओं को आर्डर देना फिलहाल काफी कम कर दिया है। उन्हें नहीं पता है कि यह आंदोलन कब तक चलेगा और आगे मांग की क्या स्थिति रहेगी। चिंतित दुकानदार बताते हैं कि दिल्ली तक के रास्ते बाधित होने तथा सुरक्षा व जाम संबंधित चिंताओं के चलते खरीदार दिल्ली आने से कतरा रहे हैं। ऐसे में उन्हें इंटरनेट माध्यम से संतुष्ट करने की कोशिश की जा रही है, लेकिन वह ज्यादा सफल नहीं है। क्योंकि, व्यावसायिक वाहनों के भी आंदोलन के प्रभावित होने से सामान

**व्यापारी परेशान**

**8 पांच दिन पहले से इस ऐतिहासिक व महत्वपूर्ण बाजार पर संकटों के बादल छा गए हैं।**

के पहुंचाने में दिक्कतें ज्यादा है।

**देश क्या विदेश तक में शादी चांदनी चौक बिना अधूरी...:** इस मुगलकालीन शहर में कपड़ों की बिक्री सैकड़ों वर्ष से होती आ रही है। खासकर शादियों को लेकर यहां के उत्पाद दिल्ली के साथ ही हरियाणा, पंजाब, हिमाचल, उत्तराखंड, राजस्थान, उत्तर प्रदेश व अन्य राज्यों के साथ ही अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, मारीशस समेत अन्य देशों में लोकप्रिय है। इस बाजार के तकरीबन 30 हजार से अधिक दुकानों पर कपड़ों तथा परिधानों की बिक्री होती है। जहां उप्र, हरियाणा, बंगाल, गुजरात व पंजाब समेत अन्य राज्यों से लहंगे, साड़ी समेत अन्य परिधान व कपड़े तैयार होकर बिकने आते हैं। यह नए फैशन, गुणवत्ता व दर के मामले में काफी लोकप्रिय है। एक अनुमान के अनुसार प्रतिदिन यहां 300 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार होता है, लेकिन किसान आंदोलन के चलते यह 100 करोड़ रुपये से भी घट गया है।

स्थिति काफी विकट है, यहां न माल आ पा रहा है और न जा पा रहा है। यह शादियों का मौसम है, जिसमें बिक्री सबसे अधिक होती है। मुश्किल से 25 प्रतिशत ही कारोबार रह गया है।

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्ता **कमलेश पत्नी Lt. श्री सतबीर, निवासी– प्लॉट नंबर 135, एमसीडी कॉलोनी, सेक्टर–04, रोहिणी, दिल्ली ने मुकदमा सं० 1497/2017 धारा 125 Electricity Act अन्तर्गत थाना विजय विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्ता **कमलेश** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्ता **कमलेश** फरार हो गयी है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रही है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **मुकदमा सं० 1497/2017 धारा 125 Electricity Act अन्तर्गत थाना विजय विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्ता **कमलेश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.03.2024** को या इससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
**श्री जीतेन्द सिंह**
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (विद्युत)
उत्तर–पश्चिम, कोर्ट नं० 205
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

**DP/1987/RD/2024 (Court Matter)**

# घर बैठे जमा होगा बिजली का बिल

**साहिबाबाद।** उपभोक्ताओं को बिजली बिल जमा करने के लिए अब विद्युत निगम के कार्यालयों व जनसुविधा केंद्रों पर भटकना नहीं पड़ेगा। वह बैठे बिजली बिल जमा कर सकेंगे। समय से बिल जमा होने से जुमार्ना व समय की बचत होगी। इससे जिले के करीब 11 लाख उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। पावर कारपोरेशन ने इसके लिए पांच एजेंसियों से अनुबंध किया है।

अभी तक बिजली बिल जमा करने के लिए उपभोक्ताओं को विद्युत निगम के बिल काउंटर की लाइन में खड़ा होना पड़ता है। घंटों लाइन में लगने के बाद भी कई बार बिजली बिल जमा नहीं हो पाता।


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

## एक्शन इंडिया मीडिया हाउस

**संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104**

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# जल्द पेश होगा दिल्ली का बजट

## केंद्रीय गृह मंत्रालय से मिली मंजूरी, सूत्र बताते हैं कि विधानसभा में भी अब यह बजट इसी सप्ताह पेश कर दिया जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** विधानसभा का बजट सत्र भले ही मार्च के पहले सप्ताह तक बढ़ा दिया गया हो, लेकिन दिल्ली सरकार के बजट को राजनिवास के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय से भी स्वीकृति मिल गई है। सूत्र बताते हैं कि विधानसभा में भी अब यह बजट इसी सप्ताह पेश कर दिया जाएगा। जबकि सत्र मार्च माह के पहले ही दिन स्थगित किया जा सकता है। गौरतलब है कि 15 फरवरी से बजट सत्र शुरू करने की सूचना दिल्ली सरकार की ओर से जनवरी के आखिरी सप्ताह में ही साझा कर दी गई थी। लेकिन बजट पेश करने की तारीख पर संशय बरकरार था। पहले इसके लिए 16 फरवरी का दिन बताया जा रहा था तो फिर 19 फरवरी की सूचना आने लगी।

इस बीच वित्त मंत्री ने बजट सत्र के पहले ही दिन यानी 15 फरवरी को सदन में वक्तव्य देते हुए स्थिति स्पष्ट की कि बजट को एलजी से तो स्वीकृति मिल गई है, लेकिन अभी केंद्रीय गृह मंत्रालय से स्वीकृति मिलना शेष है। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र से स्वीकृति मिलने में आठ दस दिन लग सकते हैं, ऐसे में 25 फरवरी से पहले बजट पेश नहीं हो पाएगा। उन्होंने बजट सत्र मार्च के पहले सप्ताह तक बढ़ाने का सुझाव भी दिया। विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने वित्त मंत्री के सुझाव को स्वीकार कर लिया। इस दौरान वित्त मंत्री सहित सीएम अरविंद केजरीवाल ने भी माना था कि बजट में देरी के लिए सरकार की ही गलती रही है।



**बजट की तैयारी**

**8 सरकार द्वारा 13 फरवरी को भेजे गए बजट प्रस्ताव पर एलजी वीके सक्सेना को 14 तारीख को स्वीकृति दे दी थी**

**गृह मंत्रालय से भेजा गया बजटः** अब इस संदर्भ में ताजा जानकारी यह है कि दिल्ली सरकार द्वारा 13 फरवरी को भेजे गए बजट प्रस्ताव पर एलजी वीके सक्सेना को 14 तारीख को स्वीकृति दे दी थी। इसके बाद 15 फरवरी को केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजे गए बजट प्रस्ताव पर भी दो ही दिन में स्वीकृति की मुहर लग गई है। राजनिवास के सूत्रों ने इसकी पुष्टि भी की है। सूत्र बताते हैं कि गृह मंत्रालय से बजट दिल्ली सरकार के पास वापस भी भेज दिया गया है। दूसरी तरफ विश्वस्त सूत्र बताते हैं कि सदन में अब यह बजट 22 या 23 फरवरी यानी बृहस्पतिवार या शुक्रवार को पेश किया जा सकता है।

## हेमंत सोरेन की पत्नी और केजरीवाल के बीच फोन पर हुई बातचीत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**झारखंड के** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने रविवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने फोन पर बातचीत की है। इस बारे में उन्होंने सोशल साइटस एक्स पर बताया है। वहीं, अरविंद केजरीवाल ने कहा कि वह हेमंत सोरेन के साथ खड़े हैं। कल्पना सोरेन ने एक्स पर पोस्ट किया, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद से फोन पर बातचीत हुई। अरविंद केजरीवाल का धन्यवाद कि इस घड़ी में वह झारखण्डी योद्धा हेमंत सोरेन और झामुमो (झारखंड मुक्ति मोर्चा) परिवार के साथ हैं। केंद्र सरकार और बीजेपी का षड्यंत्र आज पूरा देश देख रहा है। झारखंड के साथ-साथ दिल्ली एवं अन्य गैर-भाजपा शासित राज्यों में कैसे लोकतंत्र को तार-तार किया जा रहा है, यह देख हर कोई क्षुब्ध है। केंद्र सरकार और बीजेपी के इस षड्यंत्र का हमें मिलकर मुकाबला करना है। वहीं, अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर पोस्ट किया, कल्पना जी, हम झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ पूरी तरह खड़े हैं।

# प्याज-टमाटर के बाद मुंह चिढ़ा रहा लहसुन

## राष्ट्रीय राजधानी में खुदरा बाजार में यह 500 रुपये के भी पार चला गया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्याज** व टमाटर के बाद अब लहसुन मुंह चिढ़ा रहा है। राष्ट्रीय राजधानी में खुदरा बाजार में यह 500 रुपये के भी पार चला गया है। इसके कुछ दिन इसी दर के आसपास बने रहने की आशंका है। आजादपुर मंडी के आढ़तियों के अनुसार मार्च के आरंभ तक मंडियों में नई फसल आनी आरंभ हो जाएगी, उसके बाद दाम में गिरावट आएगी। दिल्ली में गुजरात, मध्य प्रदेश व गुजरात से मुख्य तौर से लहसुन आती है, इसी तरह पंजाब, उत्तर प्रदेश व कश्मीर की लहसुन का भी कुछ हिस्सा होता है। पिछले कुछ माह से लहसुन की मांग और आपूर्ति में अंतर बनी हुई है। इसके चलते दाम में तेजी है। शनिवार को थोक मंडी में 220 से 250 रुपये है तो खुदरा बाजार में यह 500 रुपये में बिका। जबकि हिमाचल की अच्छी गुणवत्ता वाली लहसुन की कीमत 600 रुपये किलो तक में है।

**रेस्तरां संचालकों ने की लहसुन के उपयोग में कटौतीः लहसुन के दाम में इस तेजी के चलते** गृहणियों के साथ ही रेस्तरां संचालकों ने भी लहसुन के उपयोग में कटौती की है। दरियागंज स्थित जायका रेस्तरां के संचालक दानिश इकबाल के अनुसार मुगलई व्यंजनों में लहसुन की प्रमुखता है। उनके रेस्तरां में दो से तीन किलो लहसुन की खपत है। इस प्रकार रेस्तरां खर्च पर प्रतिदिन एक हजार रुपये का बोझ बढ़ गया है। एक गृहणी वंदना ने कहा कि, वह लहसुन काफी किफायत से ला रही हैं और उसका उपयोग कर रही हैं।



**महंगाई**

**8 आजादपुर मंडी के आढ़तियों के अनुसार मार्च के आरंभ तक मंडियों में नई फसल आनी आरंभ हो जाएगी**

**इन राज्यों में दो बार होती है लहसुर की फसलः** आढ़तियों के अनुसार मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात जैसे राज्यों में लहसुर की फसल दो बार होती है। खरीफ की फसल को जून-जुलाई में लगाया जाता है और अक्टूबर-नवंबर में काटा जाता है। जबकि रबी की बुआई सितंबर-नवंबर में की जाती है और कटाई फरवरी-मार्च में की जाती है। इस साल मानसून देर से आने के कारण खरीफ का चक्र गड़बड़ है, जिसके कारण उत्पादन भी कम है। आजादपुर मंडी के आढ़ती चिराग गुप्ता ने बताया कि यह उपज आने का समय है। इसलिए बाजार में इसकी किल्लत है। कुछ किसान आंदोलन का भी असर है, जो इसके साथ कुछ सब्जियों को महंगा किए हुए हैं। जब मार्च में फसले आने लगेगी तो दाम में गिरावट की उम्मीद है। पिछले वर्ष इसी तरह प्याज और टमाटर ने भी दिल्ली वालों को परेशान किया था। जिसके कारण सरकारी एजेंसियों को सस्ते प्याज और टमाटर की बिक्री के मोर्चे पर उतरना पड़ा था।

# कपड़े, जुराब व हाथों में पहने कड़ों से की अपनों की पहचान



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**अलीपुर पेंट फैक्ट्री** में लगी भीषण आग में मरने वालों के अपनों ने शवगृह में रखे शवों को कपड़े, जुराब, जूते व हाथों में पहने कड़े व चूड़ियों से पहचान की। एक महिला समेत आठ मृतकों की पहचान शुक्रवार देर शाम तक हो गई थी। जबकि तीन लोगों की पहचान शनिवार को हुई। सभी के शव पोस्टमार्टम के बाद स्वजन को सौंप दिए गए।

**पैंट देख जीजा ने पंकज को पहचानाः** पंकज के जीजा शुभदेस ने बताया कि जहांगीरपुरी स्थित बाबू जगजीवन राम अस्पताल में शुक्रवार की सुबह 6 बजे से ही साले की शिनाख्त के लिए पहुंचे। कई घंटे तक यहां घूमते रहे, लेकिन इस केस के जांच अधिकारी के नहीं आने पर देरी होती चली गई।

शाम करीब चार बजे शव शिनाख्त के लिए शवगृह में पहुंचे। जहां पंकज के शव को पैंट देखकर पहचाना। शाम साढे पांच बजे शव हमें मिला।

**जुराब से हुई फैक्ट्री मालिक की शिनाख्तः** इस हादसे में जान गंवाने वाले फैक्ट्री मालिक अशोक कुमार की पहचान उनके जुराब से हुई। इनकी बहू शुक्रवार की शाम शवगृह पहुंची। जहां इनका जुराब देख, शव की शिनाख्त की। देर शाम तक पोस्टमार्टम के बाद इनके शव को भी पुलिस ने स्वजन को सौंप दिया।

**स्टाल देख बेटी को पहचान रोने लगी मांः** इस हादसे में जान गंवाने वाली महिला मीरा की मां कांति देवी ने बेटी के गले में लिपटे स्टाल, चूड़ियां व जूते देख शिनाख्त करते ही शवगृह के बाहर आकर रोने लगी।

# उप्र पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा सम्पन्न, पकड़े गए 204 मुन्नाभाई

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा कड़ी निगरानी के साथ रविवार को समाप्त हो गई। योगी सरकार के कड़े निर्देश को देखते हुए परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस महकमें ने अपनी पूरी ताकत लगा दी। एसटीएफ एवं क्राइम ब्रांच की टीमों की सक्रियता के चलते नकल माफिया एवं सॉल्वर गैंग के सदस्यों तथा जालसाजों की एक नहीं चलने पायी और पुलिस के हत्थे चढ़ गए। कहीं शिक्षक तो कहीं पुलिस कर्मी सहित प्रदेश के विभिन्न जनपदों से कुल 204 मुन्नाभाई पकड़े गए। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए 75 जिलों में कुल 2385 परीक्षा केंद्र बने थे। नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए उप्र एसटीएफ, क्राइम ब्रांच की टीमें सादे कपड़ो में सक्रियता से नकल माफियाओं के मनसूबे पर पानी फेरने के लिए लगातार जुटी रही है। परीक्षा के दूसरे व अन्तिम दिन की पहली पाली में 82 लोग पकड़े गए और दूसरी पाली में 36 लोगों को गिरफ्तार किया गया। जबकि रविवार को 96 जालसाज एवं सॉल्वर गैंग के सदस्य पकड़े गए थे। कानपुर,प्रयागराज,बलिया में एक सरकारी शिक्षक संतंत्र यादव पकड़ा गया। फिरोजाबाद में दो पुलिस कर्मी समेत पांच लोग पकड़े गये। बदांयू में शिक्षक समेत तीन लोग पकड़े गए। इस तरह उप्र पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान कुल 204 मुन्नाभाई धरे गए।

**वापसी के लिए बस व रेलवे स्टेशनों पर अभ्यार्थियों की भीड़ः** उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी की परीक्षा रविवार को सकुशल सम्पन्न हो गई। परीक्षा देकर छूटे अभ्यार्थियों का रूख सीधा बस व रेलवे स्टेशन की ओर हो गया और प्रदेश के सभी जनपदों में यही स्थिति रही। इस दौरान सभी जिलों के रोडेवेज के अधिकारी सक्रिय रहे और बसों को रवाना करने में लगे रहे। ट्रेनों में भीढ़ ठसाठस भरी रही।



# राष्ट्रीय अधिवेशन से और अधिक ऊर्जावान हुई हरियाणा भाजपा

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी और प्रदेश प्रभारी बिप्लब देब सहित 300 पदाधिकारियों ने लिया राष्ट्रीय अधिवेशन में हिस्सा, मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गृहमंत्री अमित शाह के प्रस्ताव का किया अनुमोदन, बीजेपी ही देश के लिए आशा और कांग्रेस केवल निराशा: नायब सैनी

**लक्ष्य**

**8 भाजपा के हरेक कार्यकर्ता के सामने 370 सीटें जीतने और एनडीए को 400 पार का लक्ष्य रखा गया**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**भारतीय जनता** पार्टी हरियाणा प्रदेश की टीम दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन से और अधिक उजार्वान होकर लौटीं है। हरियाणा से मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी, प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब, संगठन मंत्री फणींद्र नाथ शर्मा, केंद्रीय संसदीय बोर्ड की सदस्य सुधा यादव, राष्ट्रीय सचिव ओपी धनखड़ सहित लगभग तीन सौ से अधिक पदाधिकारी राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह आदि केंद्रीय नेतृत्व से आगामी चुनावों के लिए जीत का नया जोश लेकर आई हरियाणा भाजपा टीम मुख्यमंत्री मनोहर लाल और प्रभारी बिप्लब के मार्गदर्शन तथा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी के नेतृत्व में नई उर्जा के साथ मैदान में दिखाई देगी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने राष्ट्रीय अधिवेशन में गृहमंत्री अमित शाह द्वारा रखे गए प्रस्ताव ह्यह्यभाजपा देश की आशा और विपक्ष में निराशाह्नह्न का अनुमोदन किया। राष्ट्रीय अधिवेशन के बाद प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने बताया कि राष्ट्रीय अधिवेशन में भाजपा के हरेक कार्यकर्ता के सामने 370 सीटें जीतने और एनडीए को 400 पार का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा रखे गए प्रस्ताव ह्यह्यभाजपा देश की आशा और कांग्रेस में निराशाह्नह्न का मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अनुमोदन किया। नायब सैनी ने कहा कि केवल भाजपा ही देश की आशा है और कांग्रेस केवल निराशा है। पूरा देश इस बात को स्वीकार कर रहा है। सैनी ने कहा कि हरियाणा भाजपा का हरेक कार्यकर्ता हर समय उत्साह से जनसेवा के कार्य में जुटा रहता है और राष्ट्रीय अधिवेशन के बाद अब और अधिक जोश के साथ पब्लिक के बीच जाएंगे तथा लोकसभा की सभी दसों सीटों को एतिहासिक मार्जिन से जीतने का काम करेंगे। उन्होंने बताया कि हरियाणा भाजपा केंद्र से मिले लक्ष्य को पूरा कर दसों सीटें जीतेगी। लोकसभा में 51 प्रतिशत वोट प्राप्त करने के लिए जीत का इतिहास लिखेंगे।

प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस परिवार में उलझकर रह गई है। परिवार के अलावा कांग्रेस को कुछ नहीं दिखता, इसलिए अब बिखरने के कगार पर पहुंच चुकी है। जनता ने भी कांग्रेस को नकार दिया है और अब जनता मोदी की गारंटी पर विश्वास करती है। श्री सैनी कहा कि मोदी के नेतृत्व में जिस रफ्तार से काम हो रहा है उसकी कांग्रेस कभी कल्पना भी नहीं कर सकती। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत तीव्र गति से प्रगति कर रहा है। मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की सबसे बड़ी तीसरी आर्थिक शक्ति होगा, यह मोदी की गारंटी है।

नायब सैनी ने कहा कि मोदी-मनोहर सरकार में गरीब कल्याण योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के सबको मिल रहा है। विकसित भारत के संकल्प को साकार करना मोदी के गारंटी से ही संभव है और मोदी गारंटी ही विकसित भारत की गारंटी बन सकती है।

### राष्ट्रीय अधिवेशन से और अधिक ऊर्जावान हुआ भाजपा का कार्यकर्ता: बिप्लब देब

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**भाजपा** प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब ने कहा कि दिल्ली में हुए दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन से भाजपा का हरेक कार्यकर्ता पहले से और भी अधिक ऊर्जावान हुआ है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की 10 लोकसभा सीटों को ऐतिहासिक मतों से जीतने के लिए पार्टी का कार्यकर्ता अपनी नई और अधिक उर्जा के साथ फील्ड में उतरेगा और प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दिए गए 400 पार के नारे को सच करके दिखाएगा।

बिप्लब देब ने कहा कि मोदी सरकार ने 10 सालों में हर वर्ग को मजबूत किया है। महिला सशक्तिकरण को लेकर दस सालों में अनेक कार्य हुए हैं। लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण देकर महिला नेतृत्व को मोदी सरकार ने बढ़ावा दिया है। युवाओं को स्वावलंबी बनाने की अनेकों योजनाएं 10 सालों में धरातल पर उतरी है। किसानों को समृद्ध बनाने में जितने काम मोदी सरकार ने किए हैं उतने कांग्रेस के शासनकाल में कभी नहीं हो पाए। बिप्लब देब ने कहा कि कांग्रेस की झूठ की दुकान बंद हो चुकी है।

# एक करोड़ रुपए की कीमत के 361 किलो गांजा पत्ती सहित 2 तस्कर दबोचे

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्ति अभियान के तहत पलवल पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। जिला पुलिस की विभिन्न क्राइम यूनिट लगातार मादक पदार्थ तस्करी पर कड़ा प्रहार कर रही है और नशा तस्करों को दबोचने में सफलता हासिल कर रही है। इसी कड़ी में एस पी अंशु सिंगला के नेतृत्व में पलवल एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी उप निरीक्षक अजीत नागर की टीम ने अवैध नशा तस्करी पर कड़ा प्रहार करते हुए बंद बॉडी कैंटर में 361.550 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा पत्ती की बड़ी खेप सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। इस पदार्थ की मार्किट कीमत करीब एक करोड़ रुपए है। एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी उप निरीक्षक अजीत नागर ने बताया कि सीआईए पलवल की टीम मे तैनात उप निरीक्षक शाहिद अहमद के नेतृत्व में गठित टीम नशा गतिविधियों की रोकथाम हेतु चांदहट चौक पर मौजूद थी। तभी उन्हें मुखबिर खास से सूचना मिली कि दो तस्कर गाडी न0 ऌफ३८४१- 2089 बन्द बाडी कन्टेनर में गांजा भरकर अलीगढ़ की तरफ से आ रहे है और पलवल की तरफ जाएंगे। सूचना के आधार पर टीम ने चांदहट थाना के सामने अलीगढ़ पलवल रोड पर नाकेबंदी शुरू की गई तो करीब एक घंटे बाद उक्त कैंटर आता दिखाई दिया। इसी की सूचना मुखबिर द्वारा मिली थी। नाकाबंदी को देखकर तस्करों ने भागने की कोशिश की लेकिन पुलिस पार्टी ने गाँव लेहरवाड़ी थाना पुन्हाना निवासी चालक एवं मौहम्मदपुर थाना पिनगवाँ जिला मेवात (नूँह) निवासी गाड़ी मालिक दोनों को धर दबोचा।

## न्यूज फ्लैश

### महाग्राम योजना से बड़े गांवों को किया जाएगा आधुनिक सुविधाओं से लैस: डिप्टी स्पीकर

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में भी शहरी क्षेत्रों की तर्ज पर सभी सुविधाएं दी जा रही हैं। गांवों में पर्याप्त बिजली आपूर्ति, पेयजल व्यवस्था, साफ-सफाई सुनिश्चित करने के साथ साथ पुस्तकालय, जिम, फिरनियों के कार्य, सीसीटीवी तथा चौपालों के रेनोवेशन इत्यादि कार्य प्राथमिकता के आधार किये जा रहे हैं। वे रविवार को गांव गंगवा में महाग्राम योजना के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि योजना के प्रथम चरण में गांव में 72 करोड़ रुपए की राशि से विकास कार्य करवाए जाएंगे। योजना के शुभारंभ अवसर पर हवन यज्ञ किया गया जिसमें गणमान्य लोगों ने आहुति डाली। डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने कहा कि महाग्राम योजना के तहत स्वच्छ पानी की आपूर्ति बढ़ाने, सीवरेज प्रणाली और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने जैसी सुविधाओं के अलावा अन्य विकास कार्यों में तेजी आएगी। डिप्टी स्पीकर ने अधिकारियों को नलवा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों के कार्यों को लेकर भी निर्देश दिए। उन्होंने बिजली आपूर्ति, पेयजल व्यवस्था, साफ-सफाई, पुस्तकालय, जिम, फिरनियों के कार्य, सीसीटीवी, चौपालों के कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि लोगों को मुख्यमंत्री अंत्योदय योजना का लाभ भी मिल रहा है। इस योजना से बेरोजगार लोगों को ऋण जैसी सुविधाएं दी जा रही है ताकि युवा अपना रोजगार स्थापित कर सके और देश के विकास में अपना योगदान दे सके। सरकार की परिवार पहचान पत्र योजना के तहत लोगों को बच्चों के वजीफा से लेकर राशनकार्ड, आयुष्मान कार्ड जैसी योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने गांव के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की चारदीवारी की नींव रखी। इसके निर्माण कार्य पर लगभग 30 लाख की राशि खर्च की जाएगी। उन्होंने कहा कि संसाधनों की कमी से राजकीय विद्यालयों के बच्चे नहीं पीछे नहीं रहेंगे। सरकार हर पहलू पर फोकस रखते हुए शिक्षा विभाग के माध्यम से विद्यार्थियों को लाभान्वित कर रही है। मिशन बुनियाद व सुपर 100 सरीखे कार्यक्रमों के साथ गुणात्मक शिक्षा प्रदेश की युवा शक्ति को दी जा रही है।

### कांग्रेस ने ही लागू की स्वामीनाथन आयोग की 175 सिफारिशें: कुमारी सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि साल 2014 में किसानों से सी-2 प्लस 50 प्रतिशत फॉमूर्ले के तहत फसल की कीमत देने का वादा कर सत्ता हासिल करने वाली भाजपा केंद्र में सरकार बनाते ही अपने वादे से पलट गई। जबकि, कांग्रेस स्वामीनाथन आयोग की 201 में से 175 सिफारिशों को पहले ही लागू कर चुकी थी। दस साल में किसानों के ऋण का एक भी रुपया माफ न करने वाली भाजपा के मुकाबले कांग्रेस ने किसानों के 72 हजार करोड़ रुपये के लोन माफ किए थे। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि डॉ मनमोहन सिंह की अगुवाई वाली देश की कांग्रेस सरकार ने किसानों के ऋण माफ किए तो उसमें हरियाणा के किसानों को 2200 करोड़ रुपये का फायदा हुआ था। इसके साथ ही 1600 करोड़ रुपये के हरियाणा के किसानों के बिजली बिल भी माफ किए गए थे। स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के तहत किसान को मुनाफा देने के बीजेपी के अधूरे वादे को भी कांग्रेस गारंटी के साथ पूरा करेगी, इसका ऐलान राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे व राहुल गांधी कर चुके हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने को लेकर भाजपाई गलत बयानबाजी कर रहे हैं। इन्हें पता होना चाहिए कि कांग्रेस सरकार ने आयोग की 201 में से 175 सिफारिशों को तो लागू भी कर दिया था। कांग्रेस ने ही पूरे देश में फसली लोन पर ब्याज दर को 11 प्रतिशत से घटाकर 4 प्रतिशत किया था। कुमारी सैलजा ने कहा कि स्वामीनाथन की सिफारिश के अनुसार ही खेती को पूरी तरह से टैक्स मुक्त रखा गया था। कांग्रेस ने कभी भी खाद, बीज, दवाई, ट्रैक्टर, सिंचाई समेत खेती के तमाम उपकरणों पर टैक्स नहीं लगाया। इतना ही नहीं अलग-अलग योजनाओं के तहत खेती के संसाधनों पर 100 प्रतिशत तक की छूट भी दी।

# 2.86 लाख रुपए की ठगी करने वाले तीन धरे

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**

साइबर थाना सेंट्रल प्रभारी इंस्पेक्टर अमित की टीम ने साइबर ठगी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने रविवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अंकित, घनश्याम तथा रितिक का नाम शामिल है। आरोपी अंकित तथा घनश्याम बिहार के शेखूपुर एरिया में स्थित बरमा गांव के रहने वाले हैं। आरोपी अंकित दिल्ली के तुगलकाबाद में रहता है वहीं आरोपी घनश्याम महाराष्ट्र में आरोपी ऋतिक के साथ कंपनी में काम करता है जो आरोपी ऋतिक बिहार के बलहा गांव का रहने वाला है। आरोपी अंकित ने फरीदाबाद के रहने वाले एक व्यक्ति के साथ 2.86 लाख रुपए की ठगी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी अंकित ने पीड़ित वारिश को फोन कर कहा कि उसका पासपोर्ट आने वाला है और पासपोर्ट डिलीवरी के लिए कुछ फीस भेजनी होगी और उसने वारिश को एक क्यूआर कोड भेजकर कुछ पैसे मंगवा लिए और साथ में ही एक लिंक भेज कर उसे लिंक के माध्यम से वारिश के बैंक अकाउंट की सारी डिटेल मंगवा ली। जागरूकता के अभाव में वारिश ने अपने बैंक अकाउंट की डिटेल आरोपी अंकित द्वारा भेजे गए लिंक पर डाल दी, जिससे सारी जानकारी अंकित के पास चली गई और उसने वारिश के खाते से पैसे निकाल लिए।

# 400 सीट पार के ऐलान को जमीन पर उतारने हरियाणा आयेंगे शाह

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**

हरियाणा में अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एनडीए चार सौ पार के आह्वान को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आगे बढ़ाएंगे।अमित शाह इस सिलसिले में 23फरवरी के बाद किसी भी समय हरियाणा के दौरे पर आ सकते है।



**शाह का दौरा**

**8 हरियाणा भाजपा ने सभी कलस्टर इंचार्ज के अलावा लोकसभा प्रभारी व संयोजक भी नियुक्त कर दिए**

अमित शाह हरियाणा आकर भाजपा को सभी 10 लोकसभा सीटों पर कमल खिलाने का गुरु मंत्र देंगे। हरियाणा के रेवाड़ी की धरती से प्रधानमंत्री मोदी ने एनडीए के 400 पार सीटे जीतने का ऐलान किया था। प्रधानमंत्री के इस ऐलान को सफल बनाने के लिए भाजपा पूरे देश में व्यापक स्तर पर जहां अपने राजनीतिक विरोधियों की घेराबंदी में जुट गई है, वहीं लोकसभा सीट के अनुसार जीत की रणनीति में कोई कसर नहीं रखी जा रही है। राज्य की 10 लोकसभा सीटों को तीन कलस्टर में पहले ही बांटा जा चुका है। 23 फरवरी के बजट के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह किसी भी समय हरियाणा के दौरे पर आकर प्रधानमंत्री के 400 पार के ऐलान को साकार करने के लिए कवायद करेंगे ।

हरियाणा भाजपा ने सभी कलस्टर इंचार्ज के अलावा लोकसभा प्रभारी व संयोजक भी नियुक्त कर दिए हैं। पहले अमित शाह का 23 फरवरी को हरियाणा आना तय हो गया था, लेकिन इस दिन मुख्यमंत्री मनोहर लाल अपनी सरकार का पांचवां बजट पेश करेंगे, इसलिए अमित शाह 23 के बाद किसी भी दिन हरियाणा का दौरा तय कर सकते हैं। अमित शाह कलस्टर के नेताओं के साथ अलग-अलग बैठकें करेंगे। प्रदेश में तीन जगहों पर यह बैठकें हो सकती हैं। भाजपा ने अंबाला, कुरुक्षेत्र, सोनीपत और करनाल लोकसभा क्षेत्र के कलस्टर का इंचार्ज राज्यसभा सदस्य कृष्ण लाल पंवार को बनाया है।

# लोगों के दिलों पर अमिट छाप छोड़ गई 'विकसित भारत-विकसित हरियाणा'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**आमजन** को केंद्र व हरियाणा सरकार के विकासात्मक प्रोजेक्ट एवं योजनाओं से परिचित करवाने के उद्देश्य से सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा के जिला रेवाड़ी में गांव माजरा भालखी में 'विकसित भारत-विकसित हरियाणा' थीम पर लगाई गई तीन दिवसीय मल्टीमीडिया प्रदर्शनी रविवार को सम्पन्न हुई। सरकार की ये विशेष प्रदर्शनी लोगों के दिलों पर अमिट छाप छोड़ गई। रेवाड़ी सहित आसपास के क्षेत्र के लोग 'विकसित भारत-विकसित हरियाणा' प्रदर्शनी से रूबरू होकर लाभांवित हुए। इस प्रदर्शनी का शुभारंभ देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया था। 'विकसित भारत-विकसित हरियाणा' प्रदर्शनी में जिला के गांव माजरा-भालखी में बनने वाले देश के 22वें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) व गुरुग्राम मेट्रो के दो-दो मॉडल दिखाए गए हैं, जिन्हें देखने में लोगों ने बहुत रूची ली। आमजन प्रदर्शनी में बनाए गए सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी लेने के प्रति भी उत्साहित रहा। प्रदर्शनी में 11 एलईडी स्क्रीन पर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) व गुरुग्राम मेट्रो सहित भारतीय रेलवे और भारत एवं हरियाणा सरकार की 'अंत्योदय व जनकल्याणकारी' योजनाएं प्रदर्शित कर लोगों को जागरूक किया गया।

**प्रदर्शनी**

**8 संस्कृति विभाग की ओर से लगाई गई थी 'विकसित भारत-विकसित हरियाणा' प्रदर्शन**

# दिल्ली कटरा कॉरिडोर को बहादुरगढ़ बाईपास से जोड़ने को मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**दिल्ली-कटरा** ग्रीन फील्ड कारिडोर को बहादुरगढ़ बाईपास से जोड़ने के हरियाणा सरकार के प्रस्ताव को केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय ने मंजूरी दे दी है। परियोजना के पहले फेज में नई दिल्ली से जालंधर तक काम चल रहा है जिसके इसी साल पूरा होने की उम्मीद है। दिल्ली-कटरा एक्सप्रेस-वे और केएमपी का भी आपस में रहेगा लिंक: झज्जर जिले के जसोर खेड़ी गांव से यह एक्सप्रेस-वे शुरू हो रहा है। जसोर खेड़ी के पास से ही कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेस-वे निकलता है।

# सूरजकुंड शिल्प मेला देश-विदेश की संस्कृति, वेशभूषा, गीत-संगीत को प्रदान करता आ रहा है एक मंच

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

सुरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला गत 37 वर्षों से देश-विदेश की संस्कृति, वेशभूषा, गीत-संगीत को एक मंच प्रदान करता आ रहा है। प्रति वर्ष 2 फरवरी से 18 फरवरी तक आयोजित होने वाले सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला में विभिन्न कलाकार अपने देश की समृद्ध विरासत को गायन, वाद्यन और नृत्य शैली के माध्यम से मेले में आने वाले सभी पर्यटकों से परिचय करवाते हैं।

मेला में पधारे सभी पर्यटक देश के विभिन्न प्रदेशों और विदेशी कलाकारों की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को देखकर आनंद का अनुभव करने के साथ-साथ सभी कलाकारों का उत्साहवर्धन भी करते हैं। रविवार को 37वें सूरजकुंड मेला के 17वें तथा समापन दिवस के अवसर पर मुख्य चौपाल और छोटी चौपाल पर देशी-विदेशी कलाकारों ने अपनी कलाओं से दर्शकों का मनोरंजन किया। मेले की मुख्य चौपाल पर 37 वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला के पार्टनर देश तंजानिया के कलाकारों ने वहां के ट्रेडिशनल डांस जान्जिवा की प्रस्तुति से मेले में चार चांद लगा दिए। असम की गुवाहाटी से आए कलाकारों ने रंगाली बिहू डांस की शानदार प्रस्तुति दी। असम में फाल्गुन के महीने में किसान की फसल को काटने के उपरांत रंगाली बिहू नृत्य किया जाता है। असम के लोग प्रकृति की सुंदरता के रंग को बिहु नृत्य द्वारा खुशी मनाकर जाहिर किया करते हैं। इसी प्रकार अफ्रीका के साओ तोमे एंड प्रिन्सिपी से रेजिस दे सेओतोमे ग्रुप ने अपनी पारंपरिक वेशभूषा में सोकोपे डांस की बेहतरीन प्रस्तुति दी। किर्गिस्तान के कलाकारों ने नारिस्ते नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। इथोपिया देश के नेशनल ग्रुप ने अपनी गौरव गाथा को नृत्य के माध्यम से सभी दर्शकों के समक्ष रखा।

**समृद्ध विरासत**

**8 समृद्ध विरासत को गायन, वाद्यन और नृत्य शैली के माध्यम से मेले में आने वाले सभी पर्यटकों से परिचय करवाते हैं**

# स्वास्थ्य सुविधाओं की जरूरत आधारित मैपिंग कराने वाला हरियाणा पहला राज्य बना: विज

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/काजल रानी**

हरियाणा के गृह, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श अनिल विज ने कहा कि देशभर में हरियाणा ऐसा पहला राज्य है जिसने अपने प्रदेश में जरूरत आधारित स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए मैपिंग करवाई है । उन्होंने कहा कि वर्तमान में स्वास्थ्य विभाग का कुल बजट 9647 करोड रूपए है जिसे अगले बजट में बढाया जाएगा। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि भिवानी व यमुनानगर जिलों के मैडीकल कालेज का जल्द ही उदघाटन किया जाएगा। विज रविवार को नई दिल्ली के हरियाणा भवन में पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि हरियाणा की कई योजनाओं के बारे में केन्द्र सरकार ने कई बार सराहना की है और इसी कड़ी में हरियाणा में स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं को देने के लिए मैपिंग करवाई गई है। उन्होंने कहा कि पहले मांग आधारित स्वास्थ्य सुविधाओं को मुहैया करवाया जाता था परंतु मैं चाहता हूं कि आवश्यकता आधारित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाए। इस संबंध में स्वास्थ्य मैपिंग के दस्तावेज इत्यादि बनकर आ चुके हैं, जिन्हें देख लिया गया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में भविष्य में किए जाने वाले विकास के लिए इस मैपिंग के माध्यम से विभिन्न कमियों और आवश्यकताओं को दिखाया गया है और क्लिक मात्र से किन चीजों की कमी हैं, अर्थात, कितने डाक्टर, स्टाफ, भवन, उपकरण इत्यादि की कमी के बारे में कम्प्यूटर पर ही पता चल रहा है।

स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में श्री विज ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार के कार्यकाल में स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली में काफी सुधार किया गया है। उन्होंने कहा कि जब हमने वर्ष 2014 में राज्य सरकार की बागडौर संभाली, तो स्वास्थ्य विभाग का कुल बजट 1696 करोड रूपए था और आज यह बजट बढकर लगभग 9647 करोड रूपए हैं।

# सूरजकुंड शिल्प मेले के थीम स्टेट गुजरात पवेलियन देखने के लिए दर्शकों में खास उत्साह

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के फरीदाबाद में आयोजित किए जा रहे 37वें सुरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला में आने वाले पर्यटक थीम स्टेट गुजरात की ओर खींचे चले आ रहे हैं। गुजरात के साधू बेट द्वीप पर स्थापित 182 मीटर की ऊंची स्टैच्यू ऑफ यूनिटि की प्रतिकृति शिल्प मेला में पर्यटकों के लिए खास आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। यह मुख्य चौपाल के मंच के पास स्थापित की गई है। शिल्प मेले में आने वाले देशी - विदेशी पर्यटक स्वतंत्र भारत के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा के साथ सेल्फी लेते नजर आए। एकता की प्रतीक स्टैच्यू ऑफ यूनिटी सरदार वल्लभ भाई पटेल की महान विरासत का प्रतिनिधित्व करती है।

स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का निर्माण मूर्तिकार राम वी. सुतार द्वारा किया गया जो आम जनता के लिए वर्ष 2018 में पर्यटक स्थल के रूप में स्थापित की गई।

स्टैच्यू ऑफ यूनिटी भारत की सांस्कृतिक विरासत को दशार्ती है तथा यह कला का अद्भुत उदाहरण है। सरदार पटेल की राजनीतिक एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका को इस महान शिल्प के माध्यम से वर्णित किया गया है। थीम स्टेट गुजरात के सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव धोरड़ो की स्टॉल्स पर भी पर्यटक बरबस ही खिंचे चले आए। इस गांव के स्टॉल पर गुजरात के प्रसिद्ध गरबा नृत्य के कलात्मक चित्रों के साथ हर पर्यटक सेल्फी लेता नजर आया।

धोरड़ो में तीन माह के रण उत्सव मेले का भी आयोजन किया जाता है। इसीलिए इसे संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन ने ग्रामीण विकास पर्यावरण के साथ संतुलित पर्यटन और सांस्कृतिक संरक्षण के लिए पहचान दी है।

# सूरजकुंड मेला: देश व विदेशी कलाकारों ने पर्यटकों पर बिखेरी समृद्ध संस्कृति की छटा

## शिल्प मेला देश-विदेश की संस्कृति, वेशभूषा, गीत-संगीत को प्रदान करता आ रहा है एक मंच

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**

**सूरजकुंड** अन्तरराष्ट्रीय शिल्प मेला गत 37 वर्षों से देश-विदेश की संस्कृति, वेशभूषा, गीत-संगीत को एक मंच प्रदान करता आ रहा है। रविवार को 37वें सूरजकुंड मेला के 17वें तथा समापन दिवस के अवसर पर मुख्य चौपाल और छोटी चौपाल पर देशी-विदेशी कलाकारों ने अपनी कलाओं से दर्शकों का मनोरंजन किया। मुख्य चौपाल पर मेला के पार्टनर देश तंजानिया के कलाकारों ने वहां के ट्रेडिशनल डांस जान्जिवा की प्रस्तुति से मेले में चार चांद लगा दिए। असम की गुवाहाटी से आए कलाकारों ने रंगाली विहू डांस की शानदार प्रस्तुति दी। असम में फाल्गुन के महीने में किसान की फसल को काटने के उपरांत रंगाली विहू डांस किया जाता है। असम के लोग प्रकृति की सुंदरता के रंग को विहू डांस के द्वारा खुशी मनाकर किया करते हैं। इसी प्रकार अफ्रीका के साओ तोमे एंड प्रिन्सिपी से रेजिस दे सेओतोमे ग्रुप ने अपनी पारंपरिक वेशभूषा में सोकोपे डांस की बेहतरीन प्रस्तुति दी। किर्गिस्तान के कलाकारों ने नारिस्ते नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। इथोपिया देश के नेशनल ग्रुप ने अपनी गौरव गाथा को डांस के माध्यम से सभी दर्शकों के समक्ष रखा।

**चार चांद**

**8 तंजानिया के कलाकारों ने वहां के ट्रेडिशनल डांस जान्जिवा की प्रस्तुति से मेले में चार चांद लगा दिए।**



**छोटी चौपाल पर कलाकारों ने अपनी कलाओं से दर्शकों को किया मंत्र मुग्ध:** शिल्प मेला की छोटी चौपाल पर दिनभर देशी कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छटा बिखेरी। कलाकारों ने चौपाल पर अपने सुंदर नृत्य, गायन शैली से दर्शकों का मन लगाए रखा। कलाकार अमित गंगानी ने कत्थक नृत्य, अंजली भाटी व संदीप यादव ने हरियाणवी लोक नृत्य, साबरदीन ने रागनी, दिनेश रहेजा ने गजल, शिवा चौधरी ने हरियाणवी फोक डांस, ब्रज मोहन ने आयोध्या थीम, पंजाब के रवि एंड ग्रुप ने भंगडा, असम के राजीव एंड ग्रुप ने वीहू नृत्य, राजस्थान के रूप सिंह ग्रुप ने चकरी नृत्य, महाराष्ट्र के विक्की ग्रुप ने लावणी नृत्य, आंध्रप्रदेश के राम किशोर माझी ने लंबाडी नृत्य, उडीसा के ग्रुप ने जप नृत्य, अमित एंड ग्रुप ने कच्ची घोडी नृत्य, प्रताप एंड ग्रुप ने सारंगी वादन, गुजरात के प्रदीप एंड ग्रुप ने रास नृत्य, गुजरात के रघु भाई ने मेवासी नृत्य की शानदार प्रस्तुति से छोटी चौपाल पर दर्शकों का मन मोह लिया।

## न्यूज फ्लैश

### स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को दिया स्वच्छता का संदेश



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** गुरु नानक खालसा कॉलेज द्वारा आयोजित सात दिवसीय एनएसएस कैंप के तीसरे दिन एनएसएस स्वंयसेवकों ने पाल चौपाल, वाल्मीकि चौपाल एवं ग्राम सचिवालय काछआ में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत साफ सफाई की गई और ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। एनएसएस कैंप के सांयकालीन सत्र में स्वयंसेवकों ने अरोड़ा आंखों के अस्पताल के साथ मिलकर नेत्र जांच कैंप लगाया, जिसमें सभी विद्यार्थियों व ग्रामीणों के नेत्र की जांच की गई। इस दौरान डा. निशांत एवं उनके सहयोगी हर्षदीप सिंह ने आंखों की देखभाल संबंधी जानकारी दी। इस दौरान प्रो. अजय कुमार, प्रो. प्रदीप, डा. प्रियंका, प्रो. अमनदीप कौर, पंच तेजपाल, चौकीदार कृष्ण एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। कॉलेज के प्राचार्य डा. गुरिंद्र सिंह व कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान स. कंवरजीत सिंह प्रिंस ने स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं दी।

### सेक्टर 13 पहुंची शिव की पालकी, भजनों पर झूमे श्रद्धालु



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** शिव प्रभातफेरी की ओर से महाशिवरात्रि पर्व को लेकर निकाली जा रही प्रभातफेरी में शिव भक्त अनिल छाबड़ा ने तीन पत्तो में क्या दम है और अंजली भुटानी ने भोले तेरा नाम बसैया है मेरे सांसा विच, पर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। सुनीता कथूरिया के भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। आज प्रभातफेरी ने सेक्टर 13 सहित कई स्थानों का भ्रमण किया। प्रभात फेरी रविवार को सेक्टर 13 में आरंभ हुई और शिव भक्त रमेश गुप्ता के निवास पर विश्राम लिया। भगवान शिव भोले नाथ जी के विग्रह को सुंदर पालकी में सुशोभित किया गया। भक्तों ने जय शिव शंकर के जयकारों के साथ फूलों की वर्षा के साथ प्रभातफेरी का भव्य स्वागत किया। मंच के प्रधान सतपाल मनोचा ने 8 मार्च को महाशिवरात्रि पर होने वाले धार्मिक कार्यक्रम में बढ़-चढकर भाग लेकर धर्म लाभ उठाने का आह्वान किया। इस अवसर पर गतिम भुटानी, सुनीता कथूरिया, सुनयना मदान, सुशील मदान, राजेश चुघ व राकेश चावला सहित अन्य मौजूद रहे।

### 'तख्त हजूर साहिब, नांदेड बोर्ड के सोध किए एकर को वापिस लेना संगत की जीत'

**समालखा ( कुलदीप सिंह)**
गुरुद्वारा कमेटी प्रधान जगतार सिंह बिल्ला ने प्रेस वार्ता के माध्यम से कहा कि महाराष्ट्र सरकार की तरफ से तख्त हजूर साहिब, नांदेड बोर्ड के सोध किए एकर को वापिस लेना संगत की जीत है सिख समुदाय के आगे होकर संगतों ने अगुवाई की गई।
जिसकी बदोलत सरकार का झुकना पड़ा कएकनाथ सिंदै सरकार ने मनमर्जी का एक्ट वापिस लिया कबिल्ला ने कहा कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा कमेटी और दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी ऊपर अपने आदमी काबिज करवाने के बाद सरकार नादड़ साहिब व और सिंख सस्थाओ को अपने कब्जे में लेना चाहती है।

# 21 को प्रदेशभर में होगा किसानों को हल्ला बोल प्रदर्शन : रतन मान

## पंजाब के किसानों के आंदोलन को समर्थन देने के लिए हुई आपात बैठक



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** पंजाब के किसानों द्वारा शुरू किए गए किसान आंदोलन को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने भी अपने तेवर कड़े करते हुए संघर्ष को तेज करने का ऐलान कर दिया गया है। गत दिवस सिसोली (उत्तर प्रदेश) में हुई उत्तरी भारत के पांच राज्यों के किसानों की हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में पंजाब के किसान आंदोलन को पूर्ण रूप से समर्थन देने का निर्णय लिया गया है।
किसान आंदोलन को तेज करने के लिए प्रदेशभर में भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले किसान पंचायतों का आयोजित करने का सिलसिला शुरू हो गया है। इस सिलसिले के चलते करनाल के अर्जुन नगर स्थित दीनबंधु सर छोटू राम किसान भवन में किसानों की आपात बैठक जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह घुम्मन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में पहुंचे प्रदेशाध्यक्ष रतन मान ने गत दिवस सिसौली में आयोजित की गई किसान पंचायत में लिए गए निर्णय से किसानों को अवगत करवाते हुए कहा कि राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत की अगवाई में उत्तर भारत के पांच राज्यों के जिला मुख्यालयों पर किसानों द्वारा हल्ला बोल प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है।
उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि पंजाब के किसानों के आंदोलन को ताकत देने के लिए सभी आने वाली 21 फरवरी को हल्ला बोल प्रदर्शन को कामयाब करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा चुनावी जनसभाओं में किसानों और मजदूरों को कर्ज मुक्त करने तथा एमएसपी पर खरीद गारंटी का कानून बनाए जाने का वायदा किया था। अब किसान शांतिपूर्वक आंदोलन करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए वायदों को याद दिला रहे हैं, लेकिन सरकार हठधर्मिता का सहारा लेकर किसानों पर जुल्म ढाह रही है। आंदोलित किसान किसी भी कीमत पर अपने कदम पीछे नहीं हटाएंगे।
रतन मान ने कहा कि किसान नेता राकेश टिकैत ने आंदोलन को समर्थन देने का सिसौली महापंचायत में ऐलान भी कर दिया है। उन्होंने कहा कि सभी किसान मजदूर 21 फरवरी को जिला मुख्याल्यों पर एकत्रित होकर अपनी एकता की ताकत का सरकार को अहसास करवाएं।

## मुझे जाना है श्याम के पास रै, मोहे वृंदावन पंहुचा देयो : बृजरस अनुरागी



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** श्री खाटू श्याम सेवक मंडल करनाल द्वारा रेलवे रोड स्थित खालसा स्कूल में चतुर्थ विशाल खाटू श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ब्रजरस अनुरागी पूर्णिमा जी (पूनम दीदी) द्वारा खाटू श्याम की महिमा एवं उनके भजनों का गुणगान किया गया। उनके द्वारा गाये गये भजन मुझे जाना है उसके पास रै, मोहे वृंदावन पंहुचा दैयो, को सुनकर लोग झूमने लगे। इसके अलावा भजन प्रवाहक निशांत पाठक शामली वाले तथा भजन प्रवाहक मोनू दुआ चंडीगढ़ वाले द्वारा श्याम भजनों द्वारा श्याम भक्तों को मंत्र मुग्ध किया। संकीर्तन में सभी भजन गायकों ने एक से बढकर एक भजनों की प्रस्तुतियां दी, जिस पर श्रद्धालु जमकर झूमे। पूरा पंडाल बाबा श्याम के जयकारों से गूंजता रहा। कार्यक्रम मे मंच संचालन पानीपत निवासी प्रिंस बजाज द्वारा किया गया।

## मतदाताओं को ईवीएम के बारे में दिया जा रहा प्रशिक्षण



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा आगामी लोकसभा के चुनावों के मद्देनजर मतदाताओं को ईवीएम के प्रति जागरूक करने के लिए जिला के विभिन्न गांवों में पहुंचकर मतदाताओं को ईवीएम के बारे प्रशिक्षण दिया जा रहा है। एसडीएम एवं करनाल विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी अनुभव मेहता ने बताया कि उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनीश यादव के निर्देशानुसार शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के मतदाताओं को लोकसभा व विधानसभा चुनावों से पहले ईवीएम के माध्यम से मतदान करने का प्रशिक्षण जारी है। इसी कड़ी में पालम कालोनी, भागपति कालोनी, छोटी मंगलपुर, सैक्टर 9 तथा आरके पूरम के मतदाताओं को मास्टर ट्रेनरों द्वारा ईवीएम का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने लोगों से यह भी अपील की कि जिन युवक.-युवतियों की आयु 18 वर्ष हो गई है, वे अपना वोट अवश्य बनवाएं और अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए आगे आएं।

## फरीदाबादः तीन गौ तस्करों को पकड़ा, छह गायें बरामद

**फरीदाबादः** पुनीत वशिष्ठ ने नारायणी सेना गौ रक्षा दल के साथियों के साथ रविवार को मिलकर गौ तस्करों का पीछा करते हुए 3 आरोपियों को काबू किया है। 6 गायों को बरामद किया है। दो गाय अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गईं। चार गायों को ऊंचा गांव की गौशाला में छोड़ दिया गया है। बजरंग दल के जिला संयोजक पुनीत वशिष्ठ ने बताया कि शनिवार रात उन्हें अपने गुप्त सूत्रों से सूचना मिली। बल्लभगढ़ की ओर से गौ तस्कर कुछ गायों को पिकअप गाड़ी में भरकर ला रहे हैं। जिसकी सूचना के बाद उन्होंने बल्लभगढ़ के अलग-अलग इलाकों में नाकें लगा दिए। जैसे ही पिकअप गाड़ी उन्हें आती दिखाई दी उन्होंने उसे रोकने के लिए इशारा किया, लेकिन पिकअप गाड़ी उनकी गाड़ी में टक्कर मारते हुए उनके ऊपर गाड़ी चढने की कोशिश करते हुए आगे भागने लगी।

## सूर्य नमस्कार एक संपूर्ण व्यायाम हैः विपिन



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** आयुष विभाग करनाल में हर घर परिवार सूर्य नमस्कार अभियान के तहत घरौंडा ब्लॉक के योग सहायक विपिन ग्रोवर व सुमन संधू ने गांव रसिन में सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया। सूर्य नमस्कार के 12 आसनों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी और साथ ही सूर्य नमस्कार से होने वाले लाभों के बारे में लोगों को बताया गया। सभी लोगों को बताया गया कि सूर्य नमस्कार का हमें प्रतिदिन अभ्यास करना चाहिए, जिससे हमारा शरीर सुडौल सुंदर बनता है । विपिन ग्रोवर व सुमन संधू ने हर घर परिवार सूर्य नमस्कार अभियान के तहत गांव रसिन की व्यायामशाला में महिलाओं व बुजुर्गों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया। उन्होंने कहा कि सूर्य नमस्कार से संपूर्ण शरीर को आरोग्य शक्ति व ऊर्जा प्राप्त होती है। इससे शरीर के सभी अंगों में क्रियाशीलता आती है। सूर्य नमस्कार एक संपूर्ण व्यायाम है। उन्होंने कहा कि सूर्य नमस्कार से शरीर के सभी अंग बलिष्ठ एवं निरोगी होते हैं। सूर्य नमस्कार का प्रतिदिन अभ्यास करने से हमारे हृदय एवं फेफड़े भी स्वस्थ रहते हैं तथा शरीर में लचीलापन आता है। सूर्य नमस्कार से रक्त का संचार सुचारू रूप से होता है। इससे हमारे शरीर के अंग मजबूत बनते हैं। इसीलिए हमें प्रतिदिन कम से कम सूर्य नमस्कार का अभ्यास 15 से 30 बार करना चाहिए। हर घर परिवार सूर्य नमस्कार अभियान के तहत गांव रसीन के सरपंच किताब सिंह भी उपस्थित रहे तथा उन्होंने भी सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया व सभी को यह भी कहा कि सभी को प्रतिदिन सूर्य नमस्कार का अभ्यास करना चाहिए।

## निगम द्वारा करवाये जा रहे विकास कार्यों का मेयर ने नारियल तोड़कर किया शुभारंभ

### कार्यक्रम में खरखौदा विधायक जयवीर वाल्मीकि और सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा सहित गाँव के गणमान्य व्यक्ति रहे मौजूद



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
रविवार सुबह मेयर निखिल मदान वार्ड नं 9 के राठधना गांव में पहुंचे और नगर निगम द्वारा 56 लाख की लागत से होने वाले विकास कार्यों का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर खरखौदा विधायक जयवीर वाल्मीकि, सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा एवं गाँव के सभी गणमान्य व्यक्ति विशेष रूप से मौजूद रहे। मेयर निखिल मदान ने बताया कि राठधाना गाँव की फिरनी का रास्ता और कई गलियाँ काफी समय से जर्जर हालत में थी जिससे लोगों को आवागमन में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था, सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा एवं ग्रामीणों द्वारा उपरोक्त समस्या उनके संज्ञान में लायी गयी थी। जिसके बाद इन रास्तों को पक्का करने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू की गई थी। आज 56 लाख ? की राशि से फिरनी का रास्ता और गलियों की मरम्मत और आवश्यकता अनुसार नव निर्माण के कार्य का

**विकास कार्य**

**8 कई गलियाँ काफी समय से जर्जर हालत में थी जिससे लोगों को आवागमन में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था**

शुभारंभ किया गया है। जल्द ही सारे मार्ग और गलियों को इंटरलॉकिंग टाइल्स और सी सी से पक्का किया जाएगा। खरखौदा विधायक जयवीर वाल्मिकी ने कहा कि उनका यही प्रयास है कि उनके हल्के का कोई भी गॉव पक्की सड़क,बिजली-पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं से अछूता न रहे और वो इस क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयत्नशील है। सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा ने कहा कि वो लगातार ग्रामीणों के बीच जाकर उनकी समस्या का समाधान करने के लिए प्रयत्नशील है। पूरे वार्ड का चहुँमुखी विकास करना ही उनकी प्राथमिकता है।
इस दौरान मौके पर सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा, युवा कांग्रेस ज़िला उपाध्यक्ष प्रिंस सरोहा,अत्तर सिंह प्रधान,रामतीरथ, राजू सरोहा, रमेश सरोहा, दादा सिल्लू, राजेश एंडी,प्रताप वाल्मीकि, रामेश्वर,मेवा सिंह,रघुबीर सैनी, इंद्रजीत चौहान,जगमिंद्र, सोम दत्त शर्मा,सुरेंद्र शर्मा,सतबीर सरोहा,ज़िले सिंह,शुभम सरोहा आदि मोजूद रहे।

## जींदः दातासिंह वाला बॉर्डर पर बनी रही शांति, किसान प्रतिनिधि चंडीगढ़ गए

**जींद:** दातासिंह वाला बॉर्डर पर किसान रविवार की शाम को केंद्र सरकार के साथ होने वाली बैठक के फैसला आने का इंतजार कर रहे हैं। दूसरी और शांति के प्रतीक सफेद झंडे के उस पार जिला पुलिस प्रशासन भी आराम करते दिखाई दिए। रविवार को किसान प्रतिनिधि केंद्रिय मंत्रियों के साथ अपनी मांगे रखने के लिए चंडीगढ में चौथे दौर की बैठक के लिए रवाना हुए। दातासिंह वाला बॉर्डर पर पिछले चार दिनों से पूरी तरह शांति बनी हुई है। एसपी सुमित कुमार ने कहा कि आपातकालीन स्थिति के कारण इंटरनेट बंद जैसी सुविधाओं को बंद रखने के आदेश दिए गए हैं। फिर भी यह बात उच्च अधिकारियों के संज्ञान में ला दी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि लस्सी व दूध की सेवा करने वाले किसी व्यक्ति को पुलिस नही रोक रही है लेकिन ऐसी सेवा के बहाने कुछ युवा आंदोलन में हुल्लड़बाजी करने की मंशा से आते हैं, उन पर पुलिस द्वारा नजर रखी जा रही है। दातासिंह वाला बॉर्डर पर सील स्थान पर पुलिस व पैरामिल्ट्री फोर्स अर्लट पर है। पंजाब की तरफ दिल्ली कूच पर अड़े पंजाब के किसानों ने डेरा डाला हुआ है। हालांकि पंजाब के किसान संगठनों ने 13 फरवरी को दिल्ली कूच का आह्वान किया था। पुलिस ने दातासिंह वाला बॉर्डर पर उन्हें रोका हुआ है। दो दिनों तक तनाव वहां पर बना रहा। इस दौरान फोर्स ने आंसू गैस के गोले तथा प्लास्टिक की गोलियां दागी। फिर बात 18 फरवरी को सरकार से होने वाली वार्ता पर आ गई। वार्ता को देखते हुए रविवार दोपहर बाद फिर बॉर्डर पर चौकसी को बढा दिया। दातासिंहवाला बॉर्डर पर सभी किसानों ने अपने-अपने ट्रैक्टर ट्रालियों के पास टेंट गाडने शुरू कर दिए है और बड़े-बड़े तिरपाल लगाने शुरू कर दिए हैं। वहीं मौजूद साध संगत लगातार किसानों के लिए लंगर की व्यवस्था कर रहे है। जगह-जगह लंगर लगा कर प्रसाद वितरित कर रहे है। बॉर्डर पर किसान टोलियों में बैठ कर गाने गाकर मनोरंजन करते हुए भी दिखाई दिए।

## गौरव तायल बने अग्रवाल वैश्य समाज के युवा जिलाध्यक्ष



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा से युवाओं को जोड़ने के लिए पूरे राज्य में अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष अशोक बुवानीवाला एवं प्रदेश युवा प्रभारी नवदीप बंसल, युवा प्रदेश अध्यक्ष रवि वधवानिया व उपाध्यक्ष वेद प्रकाश गर्ग के मार्गदर्शन में लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। संगठन की मजबूती के लिए अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित हुई। जिसमें प्रदेश प्रवक्ता सुमित गर्ग हिन्दुस्तानी, प्रदेश संगठन सचिव मुनीष मित्तल एवं लोकसभा महासचिव अजय गुप्ता भी मौजूद रहे।
इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष अशोक बुवानीवाला की प्रेरणा से गौरव तायल को अग्रवाल वैश्य समाज कुरुक्षेत्र का युवा जिलाध्यक्ष एवं शुभम सिंगला को महासचिव नियुक्त किया गया। इस अवसर पर विजय गर्ग, राजेश बंसल, सुमित गर्ग, विपिन गर्ग, श्रीकांत बंसल, रिषभ गर्ग, हर्ष तायल, अंकित बंसल, बृज मोहन, तरसेम, आदर्श गुप्ता, वीरेन गुप्ता, पार्थ सिंगला, ध्रुव, मिल्की गुप्ता, अक्षित बंसल, हरबंस सिंगला, अमित गोयल, गौरव सिंगला, संजय गर्ग, लवकेश जिंदल, शोभित गर्ग इत्यादि भी मौजूद रहे।

## नई पुस्तक वीमेन सोलो ट्रैवलर्स का हुआ विमोचन



कार्यक्रम में करनाल की अंजु चौधरी अनु की नई पुस्तक, वीमेन सोलो ट्रैवलर्स (उपन्यास)

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** भव्या फाउंडेशन के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय मैत्री सम्मलेन और राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान समारोह 2024 में देश, विदेश और प्रदेश की 200 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। समारोह कैंसर पीड़ितों और शारीरिक रूप से अक्षम और आटिज्म वर्रिएर्स बच्चों व लोगों को समर्पित किया गया। इस कार्यक्रम में बाल बसेरा गृह के बच्चों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में 15 देशों के अवार्डीज शामिल हुए। का सभी साहित्यकारों के बीच विमोचन भी हुआ। मंच संचालन एंकर आरजे सपना ने किया। सुरेश ज्ञान विहार यूनिवर्सिटी जगतपुरा जयपुर के कालिंदी ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत जयपुर कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने की। इस समारोह में पूरे देश भर से कई विशिष्ट अतिथियों ने शिरकत की, जिनमें अति विशिष्ट अथिति अंजु चौधरी अनु थी और अन्य आर डी बाहेती, राजन सरदार, डॉ. प्रियंका जैन, डॉ. नवीन शर्मा, पंडित सुरेश प्रसाद गुप्ता, आनंद प्रकाश श्रीवास्तव, नीलू गुप्ता, डॉ. संजीव कुमार और बहुत से गणमान्य अतिथि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।
समारोह में साहित्य, पत्रकारिता, समाज सेवा, शिक्षा, कला, ज्योतिष, उद्यम, कृषि, फिल्म, फैशन, ज्योतिष व अन्य क्षेत्र में अपने मन, लगन और हिम्मत से विशेष मुकाम हासिल करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। सभी ने भव्या फाउंडेशन की निदेशक निशा माथुर और शैलेन्द्र माथुर को इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

## ओबीसी समाज हमेशा ब्राह्मण समाज के साथ रहा है : डॉ त्रिलोक



**समालखा ( कुलदीप सिह )** समालखा में ऑल इंडिया ब्राह्मण महासभा ने जीटी रोड कार्यालय में मीटिंग की जिसमें कल रोहतक में ओबीसी समाज की गर्जना रैली में ओबीसी सुरेंद्र पांचाल ने ब्राह्मणों को विदेशी बताया और उन्हें और उनको राज से बाहर निकालने की बात कही सुरेंद्र पांचाल के खिलाफ ब्राह्मण समाज ने की ऑल इंडिया ब्राह्मण महासभा के जिला प्रधान डॉ त्रिलोक शर्मा जौरासी ने कहा ओबीसी समाज हमेशा ब्राह्मण समाज के साथ रहा है यह समाज को भिड़ाने की राजनीति कर रहा है ब्राह्मणों को विदेशी बताने से पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए ब्राह्मण भारत का आधार है भारत की परिभाषा है सनातन धर्म और देश की रक्षा करने के लिए ब्राह्मण समाज ने बड़ी-बड़ी कुर्बानियां दी है भारत देश को आजाद करवाने के लिए सबसे पहले ब्राह्मण मंगल पांडे ने गोली चलाई थी महारानी लक्ष्मी बाई मोरोपंत तात्या टोपे बाल गंगाधर तिलक विपिन चंद्र पाल गोपाल कृष्ण गोखले पंडित मदन मोहन मालवीय बुकुटेश्वर दत्त खुदीराम बोस सुभाष चंद्र बोस वीर सावरकर चंद्रशेखर आजाद सुखदेव राजगुरु अनेकों ब्राह्मणों ने देश को आजाद करवाने की लड़ाई लड़ी और अपने प्राणों का बलिदान जिन ब्राह्मणों को

**बयान का विरोध**

**8 देश को आजाद करवाने की लड़ाई लड़ी और अपने प्राणों का बलिदान जिन ब्राह्मणों को आप विदेशी बता रहे**

आप विदेशी बता रहे हो उन्हें ब्राह्मण से आपका वजूद है सुरेंद्र पांचाल जो अपने आप को ओबीसी का नेता बता रहा है वह एक मानसिक रोगी है
उसे किसी मनोरोग चिकित्सक से अपना इलाज करवाना चाहिए जिला प्रधान ने सुरेंद्र पांचाल को चेतावनी दी ब्राह्मण समाज से माफी मांगे ब्राह्मण समाज उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाएगा युवा जिला प्रधान जनेश्वर दत्त ने कहा ओबीसी समाज हमेशा ब्राह्मण समाज के साथ मिलकर चला है और ब्राह्मण समाज का
एक अभिन्न अंग है ब्राह्मण समाज सुरेंद्र पांचाल के खिलाफ हर ब्लॉक सत्र पर एफआईआर दर्ज करवाने का काम करेगा और प्रशासन को ज्ञापन देंगे इस मौके पर युवा जिला प्रधान जनेश्वर दत्त पूर्व ब्लाक पार्षद अशोक शर्मा जौरासी हल्का प्रधान रमेश शर्मा बिलासपुर ब्लॉक प्रधान सतीश शर्मा हल्दाना युवा ब्लॉक प्रधान शंकर शर्मा नामुंडा हल्का मीडिया प्रभारी अनीश कौशिक पावटी राजेश शर्मा केशव शर्मा अजय शर्मा आदि मौजूद रहे

## धीरज कपूर ने पुनः संभाला पानीपत स्टेशन अधीक्षक का पदभार



**पानीपत, कमाल हुसैन**
वेद मन्दिर के महामंत्री धीरज कपूर ने सभी औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुए आज पुनः से पानीपत स्टेशन अधीक्षक का पदभार सम्भाला। वेद मन्दिर के सभी पदाधिकारियों ने रेलवे स्टेशन पहुंचकर बड़ी गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। वेद मन्दिर अध्यक्ष सुरेश आहूजा ने कहा कि बहुत समय से पानीपत निवासियों की मांग थी कि धीरज कपूर को पुनः स्टेशन अधीक्षक का पदभार सौंप कर इस स्टेशन के कार्यो को गति प्रदान की जाए। बहुत ही मृदुल स्वभाव के मिलनसार व्यक्तित्व लिए कपूर साहब का शहर के हर नागरिक व व्यापारी जुड़ाव है। हर समय हर यात्री की समस्याओं के समाधान हेतू वह व्यक्तिगत तौर पर उनकी सहायता के लिए अग्रसर रहते है। जहां भी जाते है पानीपत शहर का हर व्यक्ति इन्हे सम्मान देता है। हम सभी वेद मन्दिर की ओर से बहुत सारी शुभकामनाएं देते हुए आशा करते है कि कपूर पानीपत स्टेशन से ही सेवानिवृत्त हो।
धीरज कपूर ने अपने वक्तव्य में कहा कि मेरा सौभाग्य है और आप सबका आशीर्वाद है, विश्वास है जो आज मुझे आज मेरे उच्च अधिकारियों द्वारा मेरी कार्यो की सराहना करते हुए मुझे पुनः जिम्मेदारी प्रदान की।

## संपादकीय

# इसरो की अंतरिक्ष में बड़ी छलांग

**वैश्विक** स्तर पर भारत हर क्षेत्र में प्रौद्योगिकी का अपना जलवा बिखेर रहा है जिसमें भारतीय विजन आत्मनिर्भर भारत को पंख लग गए हैं। जिस तेजी से भारत के मिशन 2047 और मिशनआत्मनिर्भर भारत को पूर्ण करने के जज्बे को देख पूरी दुनियां हैरान है खास करके अंतरिक्ष क्षेत्र में दक्षिणी ध्रुव पर पहुंच कर भारत में जो दम दिखाया उसे उसे पूरी दुनिया ने रेखांकित किया है और आज दिनांक 17 फरवरी 2024 को फिर इसरो ने अंतरिक्ष में एक लंबी चलांग लगाई है, जिस पर पूरी दुनियां स्तब्ध है इसरो ने सबसे एडवांस मौसम सैटेलाइट की सफल लॉन्चिंग करके इतिहास रच दिया है, क्योंकि वर्तमान जलवायु परिवर्तन के युग में मौसम व आपदा का कोई भरोसा नहीं है की किस तरह तबाही का आलम पैदा कर दे इसलिए यह जरूरी है कि इसके प्रकोप से बचने के लिए विशेष प्रौद्योगिकी के जरिए इसका पूर्व अनुमान लगाना अनिवार्य हो गया है ताकि संभावित प्राकृतिक प्रकोप से मानवीय जीवन सहित पूरी पृथ्वी को बचाने के लिए इसकापूवार्नुमान ज्ञात किया जाए ताकि आपदाओं से निपटने के लिए पर्याप्त समय लिया जा सके, मानवीय जीव को उठाकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा जा सके और उनकी जान बचाई जा सके इसके लिए एडवांस मौसम सैटेलाइट जबरदस्त रोल अदा करेगी। चुंकि इसरो ने इस एडवांस सैटेलाइट का सफल प्रदेश प्रक्षेपण कर दिया है, इसलिए आज हम पीआईबी और मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारतीय मौसम अपडेट व आपदा से जुड़ी जानकारी में महारत करने सहित अंतरिक्ष बादशाह बनने के संकल्प से हर भारतीय गौरवविंत है। साथियों बात अगर हम लॉन्च हुए उपग्रह इनसेट 3 डीएस की करें तो, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (एमओईएस) द्वारा पूरी तरह से वित्त पोषित प्रक्षेपण यान जीएसएलवी-एफ14 पर उपग्रह इन्सैट-3डीएस को आज शाम 17:30 बजे आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा सफलता पूर्वक प्रक्षेपित (लॉन्च) किया गया।इन्सैट (आईएनएसएटी) - 3डीएस वर्तमान में संचालित आईएनएसएटी (इन्सैट) -3डी तथा आईएनएसएटी (इन्सैट)-3डीआर इन-ऑर्बिट उपग्रहों के साथ देश की मौसम संबंधी (मौसम, जलवायु और महासागर संबंधी) सेवाओं को बढ़ाएगा। नए लॉन्च किए गए आईएनएसएटी (इन्सैट)-3डीएस उपग्रह का उद्देश्य पृथ्वी की सतह, वायुमंडल, महासागरों और पर्यावरण की निगरानी को बढ़ाना, डेटा संग्रह और प्रसार और उपग्रह-सहायता प्राप्त खोज और बचाव सेवाओं में क्षमताओं को बढ़ाना है। यह पहल भारत के मौसम,जलवायु और महासागर से संबंधित टिप्पणियों और सेवाओं को बढ़ावा देगी, ज्ञान का विस्तार करेगी और भविष्य में बेहतर आपदा शमन और तैयारियों को और अधिक बढ़ावा देगी। साथियों बात अगर हम उपग्रह से जुड़ी कुछ खास बातों की करें तो, इंसेट-3डीएस सैटेलाइट से जुड़ी खास बातें- इनसेट-3 डीएस भारत का तीसरी पीढ़ी का एडवांस मौसम सैटेलाइट- ये मौसम की भविष्यवाणी और आपदा चेतावनी के लिए मॉडर्न सैटेलाइट है-मौसम संबंधी अपडेट, जमीन और महासागर के सतहों की निगरानी के लिए किया गया डिजाइन- पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के विभिन्न विभाग जैसे भारत मौसम विज्ञान विभाग, राष्ट्रीय मध्यम-सीमा मौसम पूवार्नुमान केंद्र, भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान, राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान, संस्थान इसका डेटा इस्तेमाल करेंगे- इनसेट-3 डीएस बेहतर मौसम पूवार्नुमान और इससे संबंधी सर्विस प्रदान करने में हेल्प करेगा।

# दुनियाभर में बढ़ रही है गरीबों की संख्या

**योगेश कुमार गोयल**

> ऑक्सफैम का कहना है कि यदि दुनिया के सभी अरबपतियों की नेटवर्थ जोड़ लें तो इसमें 4 वर्ष में कई बड़े देशों की जीडीपी से भी ज्यादा वृद्धि हुई है। दुनियाभर के अरबपतियों की सम्मिलित दौलत पिछले चार वर्षों में 3.3 ट्रिलियन डॉलर बढ़ी है जबकि दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत की जीडीपी करीब 3.5 ट्रिलियन डॉलर है। रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के 148 शीर्ष घरानों ने 1800 अरब अमेरिकी डॉलर का मुनाफा कमाया, जो तीन वर्षों के औसत से 52 फीसद अधिक है। जहां अमीर शेयर धारकों को भारी भुगतान किया गया, वहीं करोड़ों लोगों को वास्तविक अवधि के वेतन में कटौती का सामना करना पड़ा। ऑक्सफैम के मुताबिक यदि यही मौजूदा रुझान जारी रहा तो दुनिया से गरीबी आगामी 229 वर्षों तक भी नहीं मिटाई जा सकेगी



**सामाजिक** असमानता की खाई निरंतर बढ़ रही है। जिससे आम आदमी की आय में बेहद कम बढ़ोतरी हो रही है जबकि अमीर वर्ग की सम्पत्ति कई गुना बढ़ी है। न केवल भारत बल्कि दुनिया के कई देशों में आर्थिक असमानता की खाई लगातार चौड़ी हो रही है। गरीबी उन्मूलन के लिए कार्यरत गैर सरकारी संगठन ह्यऑक्सफैम इंटरनेशनलह्ल ने पिछले महीने विश्व आर्थिक मंच की बैठक में आर्थिक असमानता पर अपनी वार्षिक रिपोर्ट जारी करते हुए बताया था कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान अमीरी और गरीबी की खाई पूरी दुनिया में तेजी से बढ़ी है। ऑक्सफैम की रिपोर्ट में कई चिंताजनक बातें उभर कर सामने आई थी। रिपोर्ट में कहा गया था कि आर्थिक असमानता के दृष्टिगत पिछले कुछ वर्ष बहुत खराब साबित हुए हैं और विगत चार वर्षों के दौरान कोरोना महामारी, युद्ध और महंगाई जैसे पैमानों ने विश्वभर में अरबों लोगों को गरीब बनाया है। 2020 के बाद से अब तक दुनिया में करीब 5 अरब लोग गरीब हुए हैं। रिपोर्ट में चिंता जताते हुए कहा गया था कि एक ओर जहां गिने-चुने लोगों की बेतहाशा कमाई हो रही है, वहीं दूसरी ओर अरबों लोग गरीब होते जा रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के शीर्ष 5 अमीरों की दौलत बीते चार वर्षों के दौरान 405 अरब अमेरिकी डॉलर से दोगुनी से अधिक बढ़ कर 869 अरब अमेरिकी डॉलर हो गई, जिसका स्पष्ट अर्थ है कि इन चार वर्षों के दौरान इन पांच सबसे अमीर लोगों की हर घंटे 14 मिलियन डॉलर (करीब 116 करोड़ रुपये) की कमाई हुई। ऑक्सफैम के मुताबिक सबसे अमीर लोगों ने सांठ-गांठ वाले पूंजीवाद और विरासत के जरिये बनाई गई सम्पत्ति का एक बड़ा हिस्सा हड़प लिया है जबकि गरीब अभी भी न्यूनतम वेतन अर्जित करने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जो लगातार कम निवेश से पीड़ित हैं। ये बढ़ती दूरियां और बढ़ती असमानताएं महिलाओं और बच्चों को सबसे ज्यादा प्रभावित करती हैं। रिपोर्ट में चिंता जताते हुए कहा गया कि एक ओर जहां दुनिया के कुछ गिने-चुने लोगों की दौलत रॉकेट की रफ्तार से बढ़ रही है, अमीर लगातार और ज्यादा रईस होते जा रहे हैं, वहीं गरीबों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है, लोगों की आमदनी घट रही है। ऑक्सफैम का कहना है कि यदि दुनिया के सभी अरबपतियों की नेटवर्थ जोड़ लें तो इसमें 4 वर्ष में कई बड़े देशों की जीडीपी से भी ज्यादा वृद्धि हुई है। दुनियाभर के अरबपतियों की सम्मिलित दौलत पिछले चार वर्षों में 3.3 ट्रिलियन डॉलर बढ़ी है जबकि दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत की जीडीपी करीब 3.5 ट्रिलियन डॉलर है। रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के 148 शीर्ष घरानों ने 1800 अरब अमेरिकी डॉलर का मुनाफा कमाया, जो तीन वर्षों के औसत से 52 फीसद अधिक है। जहां अमीर शेयर धारकों को भारी भुगतान किया गया, वहीं करोड़ों लोगों को वास्तविक अवधि के वेतन में कटौती का सामना करना पड़ा। ऑक्सफैम के मुताबिक यदि यही मौजूदा रुझान जारी रहा तो दुनिया से गरीबी आगामी 229 वर्षों तक भी नहीं मिटाई जा सकेगी। ऑक्सफैम ने सरकारों पर सवाल उठाते हुए अपनी रिपोर्ट में कहा है कि दुनियाभर में निजी क्षेत्र कम कर दरों, व्यवस्था की खामियों और अपारदर्शिता को बढ़ावा दे रहे हैं। करों को लेकर नीति निर्धारण में होने वाली लॉबिंग से कर दरों को कम रखा जा रहा है, जिससे सरकारी खजाने को नुकसान हो रहा है जबकि यही पैसा गरीबों के कल्याण पर खर्च हो सकता था। 1948 में कॉरपोरेट टैक्स ह्यओईसीडीह्ल (आर्थिक सहयोग और विकास संगठन) देशों में 48 प्रतिशत थे, जो 2022 में घटकर केवल 23.1 प्रतिशत रह गए। ऑक्सफैम इंटरनेशनल के अंतरिम कार्यकारी निदेशक अमिताभ बेहार का दो टूक शब्दों में कहना है कि असमानता की यह स्थिति कोई दुर्घटनावश उत्पन्न नहीं हुई है बल्कि अरबपति वर्ग यह सुनिश्चित कर रहा है कि मौजूदा व्यवस्था बाकी सभी की कीमत पर उन्हें अधिक सम्पत्ति प्रदान करें। उनका सीधा सा आरोप है कि कॉरपोरेट का रवैया और एकाधिकारवादी शक्तियों के कारण ही दुनिया में असमानता बढ़ रही है। दरअसल कामगारों को दबाकर, टैक्स छूट का फायदा लेकर, सरकारी कम्पनियों का निजीकरण करके, जलवायु परिवर्तन को बढ़ावा देकर अमीर लोग अपनी सम्पत्ति को बढ़ा रहे हैं, साथ ही वे सत्ता का दुरुपयोग कर-के भी हमारे अधिकारों और लोकतंत्र को कमजोर कर रहे हैं। ऑक्सफैम का भारत के संदर्भ में कहना है कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है लेकिन यह सबसे असमान देशों में से भी एक है। भारतीय आबादी के शीर्ष 10 फीसद लोगों के पास कुल राष्ट्रीय सम्पत्ति का 77 फीसद हिस्सा है। 2017 में उत्पन्न 73 फीसद सम्पत्ति सबसे अमीर 1 फीसदी के पास चली गई थी जबकि 670 मिलियन भारतीय, जो आबादी का सबसे गरीब आधा हिस्सा हैं, उनकी सम्पत्ति में केवल 1 फीसदी की वृद्धि देखी गई थी। ऑक्सफैम के अनुसार देश में एक दशक में अरबपतियों की सम्पत्ति करीब 10 गुना बढ़ गई और उनकी कुल सम्पत्ति वित्त वर्ष 2018-19 के लिए भारत के पूरे केंन्द्रीय बजट से अधिक है, जो 24422 बिलियन रुपये थी। कई आम भारतीय अपनी जरूरत की स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच पाने में सक्षम नहीं हैं, जिनमें से 63 मिलियन (हर सैकेंड दो) लोग प्रतिवर्ष स्वास्थ्य देखभाल की लागत के कारण गरीबी में धकेल दिए जाते हैं। भारत सरकार अपने सबसे धनी नागरिकों पर बमुश्किल कर लगाती है, सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल पर इसका खर्च दुनिया में सबसे कम है जबकि अच्छी वित्त पोषित स्वास्थ्य सेवा के स्थान पर इसने तेजी से शक्तिशाली वाणिज्यिक स्वास्थ्य क्षेत्र को बढ़ावा दिया है, जिसके परिणामस्वरूप अच्छी स्वास्थ्य देखभाल केवल उन लोगों के लिए उपलब्ध विलासिता है, जिनके पास इसके लिए भुगतान करने के लिए पैसे हैं।

बहरहाल, विश्व के कई अन्य देशों के साथ भारत में भी बढ़ती आर्थिक असमानता काफी चिंताजनक है क्योंकि बढ़ती विषमता का दुष्प्रभाव देश के विकास और समाज पर दिखाई देता है और इससे कई प्रकार की सामाजिक और राजनीतिक विसंगतियां भी पैदा होती हैं। आर्थिक विषमता आर्थिक विकास दर की राह में भी बहुत बड़ी बाधा बनती है। हालांकि संयुक्त राष्ट्र जैसी कुछ वैश्विक संस्थाओं के अलावा कुछ देशों की सरकारें भी गरीबी उन्मूलन, बेरोजगारी और आर्थिक असमानता को दूर करने के लिए वर्षों से प्रयासरत हैं लेकिन बेहतर परिणाम सामने आते नहीं दिख रहे। यही कारण है कि ऑक्सफैम द्वारा प्रतिवर्ष दुनियाभर में सरकारों से यह आव्हान किया जाता रहा है कि वे धनी लोगों पर उच्च सम्पत्ति कर लगाते हुए श्रमिकों के लिए मजबूत संरक्षण का प्रबंध करें। दरअसल बड़े औद्योगिक घरानों पर कर लगाकर सार्वजनिक सेवाओं के लिए आवश्यक संसाधन जुटाए जा सकते हैं।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## कविता

अजनबी साँसों की छाँव।
जब तक थे साथ,
अकेलेपन से घबराए,
शमार्ये सकुचाये ,
साथ साथ हम कदम,
चलना मुस्कुराना हंसना,
खिलखिलाना, रोना,
सब कुछ एक साथ,
सांसों की महक, बदन की खुशबू,
खुश गवार हवा के झोंके,
पत्तों की चरमराहत,
खामोश कदमों की आहट,
बदन की खुशबूओं का स्पर्श,
हमकदम से सब कुछ,
संबंधों के अजनबी होने का
एहसास हवा में था,
अब दूर है
एहसास सभी से,
सब कुछ दूर बहुत दूर,
अजनबी सांसों की छांव,
कितने अलग-थलग,
हवा की सनसनाहट भी पराई,
अजनबी खुशबू,
पराई पगढंडिया,
फिजाएं भी अजनबी,
सब कुछ तन्हा, आदत भी,
अलग होने का एहसास,
बंधन टूटने का,
दूर बहुत दूर होने का

संजीव
---------

# सियासत और स्वच्छ मिशन

**डॉ. सुरेश कुमार**

जिंदगी की कुछ सच्चाइयाँ केवल दीवार पर लिखने लायक होती हैं। ऐसा करने से राह आते-जाते जानवर कम और लोग ज्यादा उसे अपने अल्पशंका विसर्जन से मिटाने के दीर्घावधि प्रयासों में जोर-शोर से भाग लेते हैं। यही कारण है कि बड़ी-बड़ी सड़कों के किनारे जितनी भी दीवारों पर नेकी वाली बातें लिखी जाती हैं उन्हें अल्पशंका के दरिया में तिलांजली दे दी जाती है। एक पौधा लगाना तो दूर लगे-लगाए पौधे को पानी देना भी जिनके लिए ओलंपिक मेडल प्राप्त करने जितनी मेहनत का काम लगे वही लोग इन दीवारों के पास अपनी समृद्ध यूरिया वाली जलराशि से घने पेड़-पौधे उगा देते हैं। ये पेड़-पौधे भी अपने समृद्ध यूरिया प्रदाता के प्रति इतने विश्वासपात्र होते हैं कि लाख इन्हें काटने का प्रयास किया जाए बेहयाओं की तरह फिर से उग आते हैं। ऊपर से मौनी बाबा बनकर बोल बच्चन करते हैं कि चोर-उचक्के, लुटेरे, बलात्कारियों को लाख संसद में आने से रोकते हो, फिर भी वे बेहयाओं की तरह संसद की चौखट प्रवेश करने से बाज नहीं आते। क्या हम इन नेताओं से इतने गए गुजरे हैं जो हमें स्वच्छ भारत के नाम पर काटने पर आमदा हो गए हो? सच कहें तो यही पेड़-पौधे बेहयाओं की तरह उगकर दीवारों पर बने गांधीजी और उनकी ऐनक के चित्र की इज्जत बचाते हैं। वे न होते तो कब के महात्मा गांधी अल्पशंकाधारियों के हाथों नप गए होते। विश्वास न हो तो इनकी अनुपस्थिति वाली दीवारों से ही पूछ लें। लाख चाहे स्वच्छता को बाहर ढूँढ़े लेकिन भीतर का कचरा बाहर की स्वच्छता पर हमेशा भारी पड़ता है। कुछ मौनी अपनी हरकतों से बोल बच्चनों को चप्पल शॉल में लपेटकर मारते हैं। अब देखिए न पानी अपना पूरा जीवन देकर मौनी पेड़ को बड़ा करता है इसीलिए पानी लकड़ी को डूबने नहीं देता और एक हम हैं जो सारा जीवन पानी पीकर औरों के लिए पानी का नामोंनिशान नहीं छोड़ते। गांधी जी ने अपनी ऐनक से जो देखा सो देखा आज उनकी ऐनक राजनीति के धोबी घाट पर नेताओं की धोबी पछाड़ का शिकार हो रही है। उनकी ऐनक से सत्य, अहिंसा, धर्म, न्याय दिखायी दे या न दे चुनाव, वोट, मतदाता, सत्ता, कुर्सी यही सब दिखाई देते हैं। जीवन में जो बात खाली पेट और खाली जेब सिखाती है वही बात सत्ता के पहले चार वर्ष सिखाती हैं और बचा-खुचा अंतिम वर्ष में मुंगेरीलाल के हसीन सपने पूरा कर देते हैं। गांधी जी जीवनभर स्वच्छता की पिपुड़ी बजाते रह गए और आजकल के नेता हैं कि दुर्व्यवहारों का कचरा लिये उन्हीं के नाम पर एमएलए-एमपी बन गए। जिस तरह कमल दलदल में खिलकर कलंकित नहीं होता ठीक उसी तरह कोई अच्छी बात मिंया खलीफा, रेहाना और ग्रेटा थुनबर्ग को यह कहने से कलंकित नहीं हो जाती। वे भारतीय सियासी कचरे से घिरी किसानी रूपी स्वच्छता को बचाने के लिए दो बोल क्या बोल दिए कि सत्ता उन पर अपने बोल बच्चन का कचरा फेंकने से बाज नहीं आ रहा। आज गांधी जी होते तो अपने स्वच्छता शब्द पर बड़ा पछताते। आज उनकी स्वच्छता गंदगी मिटाने के नाम पर सियासी चंगुल में बंधकर चुनावी मैदान में कचरे का ढेर बनता जा रहा है। दवा जेब में नहीं, शरीर में जाये तो उसका असर होता है।

## विचार

# अंकगणित के साथ विमर्श के मोर्चे पर भी पिछड़ी कांग्रेस

**विकास सक्सेना**

देश के आम चुनाव के लिए सौ दिनों से भी कम समय बचा है, सभी राजनैतिक दल इसके लिए अपने-अपने तरीके से सियासी बिसात बिछा रहे हैं। विपक्षी दलों के कई नेताओं के साथ आने से भाजपा का कुनबा बढ़ रहा है तो विपक्षी गठबंधन बनाकर भाजपा विरोधी विमर्श खड़ा करने की जुगत में लगी कांग्रेस को इस साल की शुरूआत से ही एक के बाद एक झटके लग रहे हैं। केरल, पश्चिम बंगाल, पंजाब और दिल्ली में गठबंधन की संभावना खत्म होने से चुनावी अंकगणित के मामले में कांग्रेस तेजी से पिछड़ ही रही थी। इसी बीच पार्टी ने पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को राजस्थान से राज्यसभा भेजने का हैरान करने वाला निर्णय लिया है। उत्तर प्रदेश की रायबरेली सीट को छोड़ कर सुरक्षित तरीके से राज्यसभा सांसद बनने के फैसले से विमर्श के मोर्चे पर भी कांग्रेस पिछड़ गई है। केंद्र की सत्ता से भाजपा को बेदखल करने के लिए कांग्रेस और कई क्षेत्रीय दलों ने गठबंधन तैयार किया है। इससे उत्साहित मोदी विरोधी दलों के नेता कह रहे थे सामूहिक विपक्ष का उम्मीदवार उतार कर वे आसानी से भाजपा को हरा सकते हैं। अपने दावों को पुष्ट करने के लिए वे पिछले चुनावों में भाजपा को मिले वोट और अन्य दलों को मिले मतों का अंकगणित लगा कर यह समझाने की कोशिश में जुटे हैं कि जो वोट भाजपा को नहीं मिले हैं वे विपक्ष के साझा उम्मीदवार को मिल जाएंगे। इस तरह विपक्षी गठबंधन अजेय दिख रही भाजपा को आसानी से हरा देगा। इसके साथ ही चुनावी रैलियों में प्रमुख क्षेत्रीय नेताओं के एक मंच पर एकजुटता दिखाने से भाजपा विरोधी विमर्श तैयार करना भी आसान होगा। भाजपा के खिलाफ वातावरण तैयार करने के लिए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मणिपुर से भारत जोड़ो न्याय यात्रा प्रारम्भ की है। इस यात्रा के पश्चिम बंगाल पहुंचने से पहले ही विपक्षी गठबंधन की प्रमुख नेता ममता बनर्जी ने ऐलान कर दिया कि उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस पश्चिम बंगाल की सभी सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी। इसी तरह पंजाब में आम आदमी पार्टी के मुख्यमंत्री भगवत सिंह मान भी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस से समझौता न करने की बात कर ही रहे थे कि अब दिल्ली में भी आम आदमी पार्टी, कांग्रेस को सात में से सिर्फ एक सीट छोड़ने की बात कर रही है। विपक्षी गठबंधन के नेताओं और शुभचिंतकों को सबसे ज्यादा उम्मीदें बिहार से थीं। यहां राजद, जदयू, कांग्रेस और वामदलों के महागठबंधन की सरकार भी चल रही थी। यहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ही पटना में पहली बैठक आयोजित करके विपक्षी गठबंधन की नींव रखी थी। लेकिन राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बिहार पहुंचने से पहले ही नीतीश कुमार एक बार फिर पाला बदल कर राजग में शामिल हो गए हैं। केरल में मुख्य मुकाबला माकपा के नेतृत्व वाले एलडीएफ और कांग्रेस नीत यूडीएफ के बीच होता है यहां भाजपा का जनाधार सीमित है। लोकसभा चुनाव 2019 में राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश की अमेठी सीट के अलावा केरल के वायनाड से भी चुनाव लड़ा था। यहां की 20 में से 19 सीटों पर कांग्रेस गठबंधन ने जीत हासिल की थी। इसको लेकर वामदल काफी चौकन्ने हैं। केरल के कम्युनिस्ट नेता कांग्रेस पर तीखे हमले कर रहे हैं और उन्होंने लोकसभा चुनाव में कांग्रेस से किसी तरह का समझौता न करने का ऐलान किया है। उत्तर प्रदेश में बसपा सुप्रीमो मायावती के गठबंधन में शामिल न होने की घोषणा से ही विपक्षी एकता की बातें औचित्यहीन लग रही थीं लेकिन रालोद नेता जयंत चौधरी के राजग में शामिल होने के बाद तो विपक्षी कुनबा बुरी तरह बिखर चुका है। सपा और कांग्रेस के तमाम कार्यकर्ता पार्टी नेताओं के राममंदिर विरोधी बयानों से असहज महसूस कर रहे हैं। हिन्दू धर्म, भगवान राम और रामचरित मानस के खिलाफ लगातार अनर्गल बयानबाजी कर रहे सपा के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उनकी शिकायत है कि उनके बयानों को पार्टी की तरफ से समर्थन नहीं मिल रहा है जबकि सपा नेताओं का एक वर्ग उनके बयानों से नाराज है और उनके खिलाफ कार्रवाई चाहता है। राज्यसभा चुनाव में टिकट वितरण को लेकर अपना दल (कमेराबादी) की विधायक पल्लवी पटेल ने भी बगावत कर दी है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# मानवीय शक्ति की क्रांति और प्राकृतिक ऊर्जा की जुगलबंदी

**संजीव**

जब हम अपने विकास का इतिहास देखते हैं तो ब्रिटिश सत्ता के दौरान हमारे संसाधनों का प्रकृति का अंधाधुंध दोहन होता रहा है। आजादी हमें मिली है यानी कि मानव को परंतु प्रकृति आजादी से अछूती रही है। अमूमन हमारी जरूरत रोटी, कपड़ा, मकान और जल की थी कि हमको उद्योग धंधे का विकास तीव्र गति से करना पड़ा। मशीनें जीती बड़ी से बड़ी होती गई आदमी उतना ही बौना होता गया। कृषि में नई नई तकनीक ट्रैक्टर, रसायनिक उर्वरक, कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि बंजर होकर कराहाने लगी। विकास का सही मायने माननीय शक्तियों के साथ ऊर्जा और उसकी शक्ति तथा सामर्थ्य का सही उपयोग ही होगा। जब से हमने विकास के पथ पर उड़ान भरी है उद्योगों की चिमनी यों को ऊपर उठाया मोबाइल क्रांति का बटन दबाया ई-मेल पर सवार होकर विश्व संदेश को सुना तब से हमारे झरनों का कल कल स्वर और संगीत बंद हो गया, पक्षियों का कलरव बंद हो गया पक्षी अब चीत्कार कर रहे हैं। नदी नाले सूखकर मृतप्राय हो गए हैं। समुद्र की लहरों की झंकार विलुप्त हो गई है और पानी खारा और खारा हो गया है। अब हमें यह सोचना है कि विकास के नाम पर हमें ग्रीन इंडिया चाहिए या इंटरनेट की सवारी कर डिजिटल इंडिया चाहिए। बच्चों की झोली में इंटरनेट को डालकर डिजिटल जेनरेशन का सपना देखना चाहिए या प्रकृति की गोद में सुगंधित वायु की लहरों में खो जाना चाहिए। झरनों में बैठकर नौका विहार का आनंद लेना चाहिए या कंप्यूटर में बैठकर नेट खोल कर नन्हे मुन्ने की आंखों पर जोर डालकर उन्हें चश्मा वाला बनाना चाहिए। हरा भरा हिंदुस्तान यानी कि ग्रीन इंडिया और डिजिटल इंडिया का सपना नदी के दो कभी ना मिलने वाले किनारे हैं। विकास के नाम पर असीमित उद्योग धंधों की बाढ़ आ गई है। भूमि समाप्त हो रही है साथ ही हमारी वायु विषैली हो गई है। रात में शहरी मकानों मैं बिजली के झालरों के सामने आकाश में रात्रि के तारों की चमक फीकी पड़ गई है। जंगलों को हम ऐसे साफ करते गए जैसे सड़क पर रोड रोलर चला रहे हैं। नगर बने ,महानगर बने ,मकान बने किंतु अब घर गायब होते गए, हमें तब सुध आई जब चिड़िया चुग गई खेत, हमें विकास के नाम पर मानव सभ्यता से जुड़ी जमीन पानी, हरियाली, पक्षी जानवर सब चाहिए।

# हुक्का स्वास्थ्य के लिए घातक

**डॉ. अशोक कुमार वर्मा**

**नशा मुक्त** समाज के निर्माण में केवल सरकार की एक तरफा कार्रवाई पर्याप्त नहीं है अपितु यह सबकी जिम्मेदारी है। प्रत्येक माता पिता चाहता है कि उसके बच्चे नशे से दूर रहें। कुछ लोग स्वयं नशा करते हैं और अपने बच्चों को नशा करने से रोकते हैं दूसरी और कुछ व्यक्ति नशा नहीं करते लेकिन अपनी दुकानों और खोखों में धूम्रपान जैसे विषैले पदार्थ बेचते हैं। अनेक ऐसे लोग भी हैं जो शिक्षण संस्थान के बिल्कुल निकट में ऐसे पदार्थ बेच रहे होते हैं। प्रश्न उठता है कि इस पर पूर्ण रूप से लगाम कैसे कसी जाए। पहले गाँव की चौपाल में हुक्का होता था। केवल बुजुर्ग लोग हुक्के का सेवन करते थे। समय के अनुसार हुक्का प्रायः लुप्त हो गया था लेकिन आज पुनः हुक्के का प्रचलन चरम पर है। आज गाँव ही नहीं अपितु शहरों में लोग अपनी दुकानों के बाहर हुक्के का प्रयोग करते हुए मिलेंगे। आज तो विवाह समारोह में चले जाओ अथवा अन्य समारोह में वहां पर हुक्का परोसा जा रहा है और वो भी बदले हुए रूप में इ हुक्का के नाम पर। छोटे बड़े बच्चे जिनकी आयु अभी १२/13 वर्ष है वे भी इ हुक्के का स्वाद चख रहे होते हैं। यह प्रवृत्ति दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है जो चिंता का विषय है। आज युवाओं में हुक्के, इ हुक्के और इ सिगरेट के प्रति बढ़ रहे रुझान को कैसे कम किया जाए। हम सबको मिलकर इस बात को समझना होगा कि हुक्का मनुष्य के लिए बहुत घातक है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार हुक्का पीने से शरीर में धुआं जाता है जिससे फेफड़ों में संक्रमण बढ़ता है और दमा की समस्या हो सकती है। इतना ही नहीं यह हृदय रोग और हृदयघात का कारण भी बनता है। इ हुक्का में जो फ्लेवर्स प्रयोग होते हैं उनसे कैंसर जैसी घातक समस्या उत्पन्न हो रही है। आजकल विवाह समारोह आदि में भी यह प्रचलन में आ रहा है। एक हुक्के को कई लोग पीते हैं जिससे एक से दूसरे में कई तरह की बैक्टीरियल डिजीज होने का खतरा रहता है। मुंह की कोई बीमारी दूसरे में जा सकती है। हुक्का पीने से यूरिन में क्रेटिनिन की मात्रा बढ़ सकती है, जिससे किडनी की बीमारियां हो सकती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में भारत में कैंसर के 14.1 लाख से अधिक मामले सामने आये हैं इस रोग के कारण 9.1 लाख से अधिक मृत्यु हुई है।

## न्यूज फ्लैश

### असहाय लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना-उपायुक्त

**सोनीपत:** उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना नागरिकों के लिए वरदान साबित हो रही है। आमजन के साथ-साथ जिसकी भी नागरिक की आय तीन लाख रूपए वार्षिक हो वह भी 1500 रूपए का प्रीमियम सालाना भरकर आयुष्मान भारत चिरायु योजना का लाभ ले सकता है। इस योजना के तहत असहाय परिवारों की बीमारियों का मुफ्त इलाज करवाया जाता है। इस योजना के तहत प्रति परिवार को प्रति वर्ष 5 लाख रुपए तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जाता है। उपायुक्त ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का विस्तार करते हुए चिरायु योजना हरियाणा के नाम से शुरू किया है। चिरायु योजना आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत ही आती है। चिरायु योजना की सहायता से गरीब परिवार के लोग पांच लाख रुपए तक का नि:शुल्क इलाज करवा सकते हैं। चिरायु योजना के तहत कम से कम 1500 बीमारियों का इलाज मुफ्त किया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 1.80 लाख रुपए तक आय वाले बीपीएल परिवारों को ही लाभ मिलता था। राज्य सरकार ने इस योजना का ज्यादा से ज्यादा से लाभ सुनिश्चित करने के लिए तीन लाख रुपए तक आय वाले परिवारों को भी इस योजना के तहत स्वास्थ्य लाभ देने के निर्णय लिया है। ऐसे परिवार केवल बहुत कम मासिक चार्ज केवल 1500 रुपए के वार्षिक भुगतान पर पूरे परिवार को स्वास्थ्य लाभ प्रदान कर सकते है।

उपायुक्त ने बताया कि चिरायु योजना के अंतर्गत विवाह अथवा जन्म के माध्यम से किसी नए सदस्य का आगमन होता है तो वह भी इस योजना का लाभार्थी है, जिसके लिए जन्म प्रमाण पत्र व विवाह प्रमाण-पत्र देकर योजना में शामिल हो सकते है। उन्होंने कहा कि यह योजना पूर्णत: कैशलेस है, लाभार्थी केवल अपना आयुष्मान भारत कार्ड दिखाकर ही पैनल पर लिए गए निजी अथवा सरकारी अस्पतालों में अपना मुफ्त में इलाज करवा सकते हैं। आयुष्मान भारत कार्ड बनवाने हेतु लाभार्थी किसी भी अटल सेवा केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर अपना परिवार पहचान पत्र या आधार कार्ड दिखाकर बनवा सकते है। इसके अलावा पैनल पर लिए गए निजी अस्पतालों तथा सरकारी अस्पतालों में भी यह कार्ड मुफ्त में बनवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना की अनूठी विशेषता पोर्टेबिलिटी है यानी चाहे मरीज किसी भी राज्य का हो, वह किसी भी राज्य के पैनल पर लिए गए निजी अथवा सरकारी अस्पतालों में अपना मुफ्त इलाज करवा सकते हैं। सरकार द्वारा न सिर्फ मुफ्त इलाज की सुविधा दी जा रही है, अपितु इलाज की गुणवत्ता पर भी पूरा ध्यान दिया जा रहा है।

### अग्निपथ योजना के तहत विभिन्न पदों के लिए इच्छुक पुरूष व महिलाएं 22 मार्च तक करें ऑनलाइन आवेदन-कर्नल कटारिया

**सोनीपत:** सेना भर्ती कार्यालय रोहतक से कर्नल दीपक कटारियों ने बताया कि अग्निपथ योजना के तहत विभिन्न पदों के इच्दुक युवा पुरूष व महिलाएं 22 मार्च 2024 तक वेबसाइट पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। विभिन्न पदों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि जिला सोनीपत, रोहतक, झज्जर व पानीपत के साढे 17 से 21 वर्ष तक के इच्छुक युवा पुरुष व महिलाएं अग्निवीर, सिपाही फार्मा, सैनिक नर्सिंग सहायक और आरटी जेसीओ के पद के लिए ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। कर्नल दीपक कटारिया ने कहा कि इच्छुक युवा महिला और पुरूषों का आह्वान किया कि वे विभागीय वेबसाईट पर ऑनलाइन आवेदन करने से पहले नोटिफिकेशन को अच्छी तरह से पढ़े और योजना बारे भर्ती प्रक्रिया को अच्छी तरह से समझ लें। उन्होंने कहा कि अग्रिवीर आर्मी रैली की प्रक्रिया पूरी तरह से नि:शुल्क है तथा उम्मीदवार को इसके लिए किसी संस्था या कोचिंग सेंटर से जुडने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए रोहतक सेना भर्ती कार्यालय में भी निजी तौर पर संपर्क किया जा सकता है।

### राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार 2024 के लिए 28 फरवरी तक करें ऑनलाइन आवेदन-उपायुक्त

**सोनीपत:** उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने बताया कि भारत सरकार ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में ह्यराष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कारह्व 2024 की घोषणा की है। राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार शोधकताओं, प्रौद्योगिकीविदों और नवप्रवर्तकों के उत्कृष्ट और प्रेरक वैज्ञानिक, तकनीक और नवाचार योगदान को मान्यता प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि विज्ञान, प्रौद्योगिकी और प्रौद्योगिकी आधारित नवाचार के विभिन्न क्षेत्रों में व्यक्तियों या टीम से राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार (आरवीपी) के लिए नामांकन/आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

आवेदन की अंतिम तिथि 28 फरवरी है। यह पुरस्कार चार श्रेणियों में प्रदान किए जाएंगे, जिसमें विज्ञान रत्न (वीआर) विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में जीवन काल की उपलब्धियों और योगदान को मान्यता देने के लिए अधिकतम तीन पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इसी प्रकार विज्ञान श्री (वीएस) विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान को मान्यता देने के लिए अधिकतम 25 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

# भाजपा जाजपा सरकार से हर वर्ग परेशान: सचिन कुंडू

## घर-घर कांग्रेस - हर घर कांग्रेस अभियान के तहत हल्का पानीपत ग्रामीण के गांव बबैल में जनता-जनार्दन से मुलाकात की

**पानीपत/कमाल हुसैन**

हल्का पानीपत ग्रामीण के समस्त गांवों व कालोनियों में किसी प्रकार की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है। सड़कें टूटी हुई हैं व जगह जगह खड्डे हुए पड़े हैं, सीवरेज नहीं हैं नालियों बंद पड़ी हैं पानी रास्तों में भर रहा है, जगह जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं जिससे कई प्रकार की बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है, पीने के पानी की कोई सुविधा नहीं है। जनता अपने मूलभूत अधिकारों के लिए बेहद परेशान है। परंतु सरकार ने सभी गांवों व कालोनियों की मांगो को नजरंदाज कर दिया है । वर्तमान सरकार में किसान अत्यंत दुखी हैं, फैमली आईडी, प्रॉपर्टी आईडी के नाम पर लोगों को ठगा जा रहा है उद्योग जगत चौपट पड़े हैं, युवा बेरोजार सड़कों पर घूम रहे हैं। प्रदेश के हर वर्ग में इस जनविरोधी सरकार के प्रति रोष है सरकारी शह पर भ्रष्टाचारियों का तांडव अब सिर चढ़ कर बोल रहा है। अवैध खनन माफिया खुलेआम पुलिस और सरकारी अफसरों



कर्मचारियों पर हमला कर रहे हैं। जो इस बात का प्रमाण है कि हरियाणा में सरकार और कानून का इकबाल खत्म हो चुका है। जिस बीजेपी-जेजेपी सरकार पर अपराध रोकने की जिम्मेदारी है, वो खुद मानो अपराधियों की अभिभावक बनी बैठी है। खुद सुरक्षा के असीमित पहरों और काफिलों में चलने वाले सत्ताधारियों ने जनता को बदमाशों का चारा बनाकर रख दिया है।

देश भाजपा से पिछले 10 सालों का हिसाब-किताब मांग रहा है, लेकिन चुनाव से ठीक पहले भाजपा श्वेतपत्र का बहाना लेकर देश को गुमराह करने की कोशिश कर रही है।

**भाजपा वाले चाहे जितना झूठ बोल लें, लेकिन आंकड़े झूठ नहीं बोलते।**

भाजपा सरकार ने बजट के नाम पर महज औपचारिकता पूरी की है। इससे न तो करदाता को कोई राहत मिली, न

**गुमराह**

**8 चुनाव से ठीक पहले भाजपा श्वेतपत्र का बहाना लेकर देश को गुमराह करने की कोशिश कर रही है**

बेलगाम महंगाई को कम करने का कोई रोडमैप दिखा और किसानों की टरढ व उनकी अन्य मांगों को भी पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया गया। गृहणी, मजदूर, कर्मचारी और व्यापारी वर्ग को भी बजट से सिर्फ निराशा हाथ लगी है। पिछले 10 वर्षों में सरकार का राजकोषीय घाटा लगातार बढ़ता गया। जबकि जीडीपी की विकास दर में भारी गिरावट देखने को मिली है। यूपीए सरकार के दौरान औसत विकास दर लगभग 8% रही, जो बीजेपी के 10 साल में 6% तक भी नहीं पहुंच सकी। **आज चुनाव आपके दरवाजे पर दस्तक दिए हुए है,** आज देश और प्रदेश की जनता को कांग्रेस पार्टी के काम और इस मौजूदा भाजपा सरकार के काम को तोलने की जरूरत है। जिसके चलते चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनने पर एकबार फिर से प्रदेश को खुशहाली व विकास की राह पर लौटाया जायगा। बुजुर्गों को 6000 रुपए पेंशन दी जाएगी। रसोई गैस सिलेंडर 500 रुपए में दिया जाएगा। 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी। गरीब परिवारों को 100झ100 गज के प्लॉट दिए जायेंगे। सरकारी विभागों में रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके अलावा, सफाई कर्मचारी, चौकीदार, मनरेगा मजदूरों को पक्का करेंगे। कौशल रोजगार निगम को समाप्त कर लोगों को पोर्टल के झंझटों से छुटकारा दिलाकर उनका हक दिलाएंगे। पानीपत ग्रामीण के सभी गांवों में हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। टूटी हुई सड़कों, खड्डे, सीवरेज, बंद नालियों, रास्तों पर भरा पानी, जगह जगह लगे गंदगी के ढेर जैसी सभी समस्याओं का समाधान किया जायेगा। जनता अपने मूलभूत अधिकारों के लिए बेहद परेशान है कांग्रेस सरकार के नेतृत्व में सभी को सम्मान अधिकार दिए जायेंगे। हमारी लड़ाई ऐसी शातिर सरकार से है जिसके पास धनबल, सत्ताबल, तंत्रबल, मिडिया बल की कोई कमी नहीं है। हमारे पास अगर कुछ है तो आपका दिया हुआ हौसला है। हमारा हौसला बढ़ाने में कोई कसर मत छोड़ना। इस चुनाव में पानीपत ग्रामीण को आगे ले कर जाने, आने वाले भविष्य को सँवारने, युवाओं के सपने साकार करने और इंसानियत, शराफत व विकास की जीत होगी। जीता सिंह, हवासिंह,किताब सिंह,सुरेन्द्र, कुलदीप,कर्मबीर (चकीवाला), धर्मबीर प्रजापत कृष्ण बाल्मिकी ,चर्मेन्द्र (ब्लाक समीती),सुबे सिंह बालमीक (फौजी),प्रेम मास्टर,मेहरदीन,कर्मबीर खान, रमेश कश्यप, जगपाल कश्यप आदि सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

### पीएम किसान सम्मान निधि योजना किसान तुरंत करवाएं ई-केवाईसी-उपायुक्त

**सोनीपत: उपायुक्त** डॉ० मनोज कुमार ने बताया कि कृषि तथा किसान कल्याण विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ प्राप्त करने वाले किसानों को भूमि सत्यापन, आधार मैपिंग (डीबीटी) व ई-केवाईसी करवाना अनिवार्य है। 16वीं किस्त का लाभ उन्हीं किसानों को मिलेगा, जिन किसानों ने ई-केवाईसी, बैंक खाता, आधार लिंक (डीबीटी) व भूमि सत्यापन करवा रखा है। उन्होंने जिले के सभी किसानों से आग्रह करते हुए कहा कि वे जल्द से जल्द अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर, पोस्ट ऑफिस एवं प्ले स्टोर से पीएम किसान की ऐप डाउनलोड करके भी ई-केवाईसी संबंधी कार्य को पूर्ण कर सकते हैं।

## चोरी की बाइक सहित आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**सीआईए वन** पुलिस टीम ने देवीलाल पार्क के पास एक युवक को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान आनंद निवासी अशोक विहार कॉलनी के रूप में हुई। आरोपी सोमवार को चोरीशुदा बाइक को बेचने के लिए ग्राहक की फिराक में घूम रहा था। सीआईए वन प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि उनकी टीम को शनिवार देर शाम गश्त में जांच पड़ताल के दौरान गुप्त सूचना मिली कि संदिग्ध किस्म का एक युवक देवीलाल पार्क गेट के पास स्प्लेंडर बाइक लेकर खड़ा है। बाइक चोरी की होने की संभावना है। पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान आनंद पुत्र सोमपाल निवासी अशोक विहार कॉलोनी के रूप में बताई। पुलिस टीम



ने बाइक के कागजात मांगे तो युवक बहाने बाजी करने लगा। गहनता से पूछताछ करने पर आरोपी ने उक्त बाइक करीब एक सप्ताह पहले जीटी रोड पर स्थित रॉयल पैलेस परिसर से चोरी करने बारे स्वीकारा। बाइक चोरी की वारदात बारे थाना सेक्टर 13/17 में विक्रम पुत्र ओमप्रकाश निवासी रिशपुर की शिकायत पर मुकदमा दर्ज है। इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया वह नशा करने का आदी है। नशे की

**सफलता**

**8 आरोपी सोमवार को चोरीशुदा बाइक को बेचने के लिए ग्राहक की फिराक में घूम रहा था**

लत पूरी करने के लिए उसने उक्त बाइक चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

आरोपी शनिवार को चोरीशुदा बाइक को बेचने के लिए ग्राहक की फिराक में घूम रहा था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की बाइक बरामद कर पूछताछ के बाद रविवार को आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया।

### जुआरियों, सट्टेबाजों को किया गिरफ्तार

**शनिवार** रात्रि 10.00 बजे से लेकर रविवार प्रातः 04.00 बजे तक सोनीपत जिले की 90 प्रतिशत पुलिस फोर्स व अर्ध सैनिक बलों के साथ जिला सोनीपत की सड़को पर नाईट डोमिनेशन अभियान का आयोजन किया गया। पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर के आदेशानुसार पुलिस के सभी अधिकारी व कर्मचारियो ने भाग लिया। पुलिस कमिशनर सोनीपत बी. सतीश बालन के निर्देशानुसार रात्री चैकिंग के दौरान ढड, जुआरियों को गिरफ्तार कर तथा छोटे-बड़े कुल 1354 वाहनो की चैकिंग की गई पुलिस द्वारा जिले मे 107 नाका प्वाईंट लगाकर आने वाले दोपहिया 508, चारपहिया 518, लाईटव्हीकल 202, बडे. वाहन 125 की चैकिंग की गई। चैकिंग के दौरान 05 वाहनो के चालानकर 1 वाहन जब्त किया गया। इसके साथ ही पुलिसफोर्स का राईडर, पैदल गश्त कर चैकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि नाईट डोमिनेशन में रात्री चैकिंग का विशेष अभियान होता है, जिसमे शहर के होटल, धर्मशालाएं, सार्वजनिक स्थान व आने-जाने वाले वाहन चालकों की चैकिंग की जाती है। सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने व हुडदंगबाजी करने वाले लोगो के खिलाफ विशेष अभियान होता है, क्योंकि इससे असामाजिक तत्वो मे भय बनता है।

## नाबालिग लड़की से दुष्कर्म की घटना में संलिप्त आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/जिले** के थाना सिविल लाइन सोनीपत की पुलिस ने नाबालिगा से दुष्कर्म करने की घटना में संलिप्त आरोपी को गिरफतार किया है। गिरफतार आरोपी सूरज पुत्र नरेंदर निवासी मोहाली जिला पानीपत का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया गत 14 फरवरी को जिला सोनीपत निवासी एक महिला ने थाना सिविल लाइन सोनीपत में शिकायत दी थी कि सूरज पुत्र नरेंदर निवासी मोहाली जिला पानीपत ने मेरे नाबालिग लड़की के साथ बहला फुसला कर दुष्कर्म करने की घटना को अंजाम दिया है। इस घटना का भारतीय दण्ड संहिता की धाराओं के अन्तर्गत थाना सिविल लाइन सोनीपत में अभियोग दर्ज किया गया था। थाना सिविल लाइन सोनीपत के अनुसंधानकर्ता उपनिरीक्षक दलजीत ने अपनी पुलिस टीम के साथ नियमानुसार कार्यवाही करते हुये न्यायालय के आदेशानुसार मजिस्ट्रेट के सामने कथन अंकित करवाकर महिला विशेषज्ञ व लीगल ऐड से काउंसलिंग करवाई गई। दूसरी तरफ कार्यवाही करते हुये घटना मे संलिप्त आरोपी सूरज पुत्र नरेंदर निवासी मोहाली जिला पानीपत को गिरफतार कर लिया गया है। गिरफतार आरोपी को न्यायालय में पेशकर न्यायालय के आदेशानुसार एक दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया है।

## धमकी देने की घटना में संलिप्त एक आरोपी गिरफ्तार

**जिले** के थाना बहालगढ़ की पुलिस ने हवाई फायर करके जान से मारने की धमकी देने की घटना में संलिप्त एक आरोपी को गिरफतार किया है। गिरफतार आरोपी साहिद उर्फ सन्नी पुत्र समुन निवासी पलडी खुर्द जिला सोनीपत का रहने वाला है। स प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि गत 16 फरवरी को रोहित पुत्र अशोक निवासी पलडी खुर्द जिला सोनीपत ने थाना बहालगढ़ में शिकायत दी की आज शाम करब 7.30 ढट पर मैं गाँव में अपनी दूकान के सामने खड़ा था कि हमारे गाँव का साहिद उर्फ सन्नी पुत्र समुन आया और मुझसे गाली गलौच करते हुए हवा में फायर कर मुझे जान से मारने की धमकी देने लगा। इस घटना का भारतीय दण्ड संहिता की धाराओं के अन्तर्गत थाना बहालगढ़ में अभियोग दर्ज किया गया था। अनुसंधान टीम मे नियुक्त कुलदीप ने अपनी पुलिस टीम के साथ आरोपियो की खोजबीन करते हुये घटना मे संलिप्त आरोपी साहिद उर्फ सन्नी पुत्र समुन निवासी पलडी खुर्द को गिरफ्तार किया है।

## हवलदार के हत्यारोपी व टीम पर फायर कर जानलेवा हमला करने वाला अरेस्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**जिले** के थाना बरोदा की पुलिस ने गोली मारकर सोनीपत पुलिस के जवान की हत्या करने व पुलिस टीम पर फायर कर जानलेवा हमला करने की घटना मे संलिप्त आरोपी को इलाज के बाद गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी संदीप पुत्र रमेश निवासी खुंगाई जिला झज्जर का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि दिनांक 12-13 फरवरी 2024 की रात को अज्ञात बदमाशों ने सोनीपत पुलिस के हवलदार प्रमोद की गाँव रुखी के पास गोली मारकर हत्या कर दी थी इसी सिलसिले में दिनांक 14 फरवरी

**काबू**

**8 फायर कर जानलेवा हमला करने की घटना मे संलिप्त आरोपी को इलाज के बाद गिरफ्तार किया**

को रोहतक टीम में न्युक्त ढरक अरविन्द अपनी पुलिस टीम के साथ रोहतक गोहाना रोड पर गाँव माहरा के नजदीक था की मुखबर खास से सुचना प्राप्त हुई की पुलिसकर्मी की हत्या में शामिल संदीप पुत्र रमेश निवासी खुंगाई जिला झज्जर सूर्या गार्डन के सामने ड्रेन पुल पर किसी के इन्तजार में खड़ा है अगर फौरन रेड की जाए तो उसे काबू किया जा सकता है जहाँ पहुंचकर जैसे है पुलिस टीम गाडी से उतरी तो आरोपी संदीप पुत्र रमेश निवासी खुंगाई जिला झज्जर ने पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया जिसको टीम द्वारा काबू किया गया। इस घटना का भारतीय दण्ड संहिता की धाराओं के अन्तर्गत थाना बरोदा में अभियोग दर्ज किया गया था। थाना बरोदा की अनुसंधान टीम मे नियुक्त रकजगबीर ने अपनी पुलिस टीम के साथ आरोपी संदीप पुत्र रमेश निवासी खुंगाई जिला झज्जर को ईलाज के बाद गिरफ्तार किया है।

### तेजिन्दर तूर और हरमिलन बैंस ने पदक जीता

**चंडीगढ़: पंजाब** के खेल मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने एशियन इंडोर एथलैटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले एथलीटों तेजिन्दर पाल सिंह तूर और हरमिलन बैंस और एशियन चैंपियनशिप में पहली बार चैंपियन बनी भारतीय महिला बैडमिंटन टीम को मुबारकबाद दी है। तेहरान में चल रही एशियन इंडोर एथलैटिक्स चैंपियनशिप में पंजाब के एथलीट तेजिन्दर पाल सिंह तूर ने शॉटपुट्ट मुकाबले और हरमिलन बैंस ने 1500 मीटर में स्वर्ण पदक जीते। तेजिन्दर तूर ने 19.72 मीटर गोला फैंक कर नया राष्ट्रीय रिकार्ड भी बनाया। अपने शानदार खेल कॅरियर में तूर इससे पहले बार दो बार एशियन गेमज और तीन बार एशियन चैंपियनशिप में भी स्वर्ण पदक जीत चुके हैं।

## घर में चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, 6 हजार रूपए बरामद

**पानीपत, कमाल हुसैन**

सीआईए टू पुलिस टीम ने विवर्स कॉलोनी में घर से नगदी व जैवरात चोरी करने वाले आरोपी को सिवाह बस स्टेंड के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान मोनू निवासी इदगाह कॉलोनी हाल इंद्रा विहार कॉलोनी के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपने एक साथी आरोपी के साथ मिलकर चोरी की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा।

सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया कि उनकी टीम को शनिवार को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान गुप्त सूचना मिली की संदिग्ध किस्म का एक युवक सिवाह बस स्टेंड के पास किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा है। पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर



युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान मोनू पुत्र रामफेर निवासी इदगाह कॉलनीके हाल इंद्रा विहार कालोनी के रूप में बताई। गहनता से पूछताछ करने पर आरोपी

**काबू किया**

**8 आरोपी की पहचान मोनू निवासी इदगाह कॉलोनी हाल इंद्रा विहार कॉलोनी के रूप में हुई**

ने अपने एक साथी आरोपी के साथ मिलकर करीब एक सप्ताह पहले रात के समय विवर्स कॉलनी में एक घर में घूसकर 12 हजार रूपए व सोने चांदी के जैवरात 4 अंगुठी, 2 पायल व 1 गले का सेट चोरी करने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। चोरी की वारदात बारे थाना पुराना औद्योगिक में रविंद्र पुत्र रामसहाय निवासी विवर्स कॉलनी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज है। इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया की पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया वह शराब का नशा करने का आदी है। नशे की लत पूरी करने के लिए आरोपी ने अपने साथी आरोपी चिराग के साथ मिलकर चोरी की उक्त वारदात को अंजाम दिया।

पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया चोरी किये जैवरात उसके साथी आरोपी चिराग ने अपने पास रख लिए थे। आरोपी मोनू के हिस्से में चोरी के 12 हजार रूपए आए थे। जिसमें से उसने 6 हजार रूपए खाने पीने खर्च कर दिए। पुलिस ने आरोपी मोनू के कब्जे से बचे 6 हजार रूपए बरामद कर पूछताछ के बाद शनिवार को आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया।

## हर्षोल्लास के साथ पूर्व छात्र मिलन समारोह 2024 का किया आयोजन

**पानीपत, कमाल हुसैन**

स्थानीय आई. बी. (पी.जी.) महाविद्यालय, पानीपत के प्रांगण में पूर्व छात्र मिलन समारोह 2024 का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया ` इस कार्यक्रम में कॉलेज के अनेक पूर्व विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया और अपने जीवन के खट्टे मीठे अनुभवों को सांझा किया` कार्यक्रम का शुभारंभ पानीपत के पूर्व मेयर सरदार भूपेन्द्र सिंह, प्रबंधन समिति से एल. एन.मिगलानी, युधिष्ठिर मिगलानी , रवि गोसाईं , अशोक मिगलानी, राधेश्याम खुंगर , महाविद्यालय के पूर्व छात्र और सुप्रसिद्ध व्यवसायी प्रवीण गोयल, रिटायर्ड प्राचार्या डी. एन. महाविद्यालय मीनाक्षी ठकराल, संगीतकार डॉ. दिनकर, प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग एवं कार्यक्रम संयोजिका डॉ. शशि प्रभा, डॉ. सुनित शर्मा के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया



गया` प्रबंधन समिति एवं कॉलेज प्राचार्य के द्वारा मुख्य अतिथि श्री भूपेन्द्र सिंह जी को स्मृति चिन्ह एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया गया` मंच का संचालन प्रो. सोनल एवं प्रो. रेखा शर्मा ने किया` कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरदार भूपेन्द्र सिंह ने जय श्रीराम का नारा लगवाते हुए अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि मैं बहुत भाग्यशाली हूँ कि मुझे इस महाविद्यालय के पवित्र आँगन में आने का सुअवसर मिला` जिंदगी में हमारे दो ही सच्चे मित्र है झ एक माता पिता जो हमें जीवन में चलना सिखाते औरदूसरे गुरुजन जो जीवन की राह पर आगे बढ़ने का रास्ता दिखाते है` प्रसिद्ध उद्योगपति श्री प्रवीण गोयल जी ने अपने विचार सांझा करते हुए कहा कि इस महाविद्यालय का बिताया हुआ समय मेरे जीवन का स्वर्णिम पल रहा है` कॉलेज प्रांगण का माहौल घर जैसा है` महाविद्यालय की तरक्की को देखकर सुखद अनुभूति से मन आनंदित व पुलकित हो रहा है` प्रबंधन समिति के महासचिव श्री एल. एन . मिगलानी जी ने आयोजकों को एल्युमिनी मीट के सफल आयोजन पर बधाई देते हुए अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्व छात्र मिलन समारोह पूर्व छात्रों और शिक्षकों को एक मंच पर इकट्ठा होने का अवसर देता है` यहाँ आकर पूर्व छात्रो की कई सालों पुरानी यादें ताजा हो जाती है` महाविद्यालय के प्रांगण में श्री रवि गोसाईं जी ने सबका स्वागत करते हुए कहा कि आज का दिन हमें पुनः विद्यार्थी बना दता है` महाविद्यालय दिन दोगुनी रात चौगुनी उन्नति कर रहा है` किसी को शिक्षित कर दिया जाए तो वो अपने गुरुजनों को सारी उम्र नहीं भूलेगा` इस महाविद्यालय में पुरातन छात्रों को कम से कम छह महीने में एक बार जरूर आना चाहिए अपनी पुरानी यादों को ताजा करते हुए महाविद्यालय की प्रगति को देखना चाहिए` कार्यक्रम संयोजिका डॉ. शशि प्रभा ने कहा कि पुराने विद्यार्थियों से मिलकर व उनसे यह सुनकर सिर गर्व से ऊँचा हो गया कि वह विभिन्न क्षेत्रो में ऊँचे पदों पर कार्य कर रहे है` अल्युमनी मीट में सब छात्र पुरानी यादो में खो जाते है` यह कार्यक्रम पूर्व छात्रो के लिए एक-दूसरे के साथ फिर से जुड़ने, अपने अनुभव साँझा करने का सुनहरा अवसर है` इस मौके पर निशि अलंग के द्वारा सरस्वती वन्दर्ना और नृत्य की प्रस्तुति दी गई पूर्व छात्र और सुप्रसिद्ध संगीतकार डॉ. दिनकर ने गजल की सुन्दर प्रस्तुति से सबको मन्त्र मुग्ध किया` पूर्व छात्र सुशील के द्वारा गीत प्रस्तुत, रीतू के द्वारा नृत्य एवं अन्य छात्र-छात्राओं ने हरियाणवी, पंजाबी लोक गीत, भाषण, कविता, नृत्य आदि पर मनमोहक प्रस्तुतियां दी।

## एम्बुलेंस में अवैध शराब की तस्करी करते चार आरोपियों को अवैध शराब सहित किया गिरफ्तार

**बी सतीश** बालन, आई.पी.एस पुलिस आयुक्त सोनीपत के कुशल नेतृत्व में जिले के थाना राई की पुलिस ने अवैध शराब की घटना में अवैध शराब सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी राहुल पुत्र विजय निवासी शांति विहार सोनीपत, रघुनाथ पुत्र हरी निवासी वैशाली बिहार, विक्की पुत्र जयसिंह निवासी कैलाश कॉलोनी, सोनीपत व रमेश साहनी पुत्र राजेंदर निवासी पौरा जिला वैशाली बिहार के रहने वाले है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि आज 18 फरवरी 2024 को थाना राई में नियुक्त योगेश अपनी पुलिस की टीम के साथ अपराधियों एंव असामाजिक तत्वों की खोज में राई एजुकेशन सिटी की सीमा में मौजूद था कि मुखबिर खास से सुचना मिली की सफेद रंग की मारुती एम्बुलेंस में कुछ लोग अवैध शराब की तस्करी कर रहे हैं अगर फौरन कार्यवाही की जाये तो गाडी से अवैध शराब मिल सकती है। पुलिस पार्टी द्वारा फौरन कारवाई करते हुए गाडी संख्या खल-02-इट-0175 मारुती एम्बुलेंस को रुकवाकर गाडी की नियमानुसार तालाशी लेने पर अलग अलग मार्का की 96 बोतल अवैध शराब अंग्रेजी मिली हैं। इस घटना का आबकारी अधिनियम की धाराओं के अन्तर्गत थाना राई में अभियोग दर्ज किया गया। अनुसंधान टीम में नियुक्त अरक योगेश ने अपनी पुलिस टीम के साथ घटना में संलिप्त चारों आरोपीयों राहुल पुत्र विजय निवासी शांति विहार सोनीपत, रघुनाथ पुत्र हरी निवासी वैशाली बिहार, विक्की पुत्र जयसिंह निवासी कैलाश कॉलोनी, सोनीपत व रमेश साहनी पुत्र वैशाली बिहार को गिरफ्तार कर लिया है।

# प्रदीप यादव ने किया जन मिलन समारोह का आयोजन

## भाजपा के शासन में बहादुरगढ़ ही नहीं पूरा हरियाणा है दुर्दशा का शिकार: राव दान सिंह

**सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़**
शनिवार को उपमंडल के गांव बालौर में हरियाणा युवा कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश सचिव प्रदीप यादव द्वारा जन मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सीपीएस और महेंद्रगढ़ के विधायक राव दिन सिंह ने शिरकत की जबकि इन दिनों अस्वस्थ चल रहे बहादुरगढ़ हलका विधायक ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। विधायक जून ने प्रदीप यादव की नियुक्ति पर उन्हें बधाई देते हुए गांव के विभिन्न विकास कार्यों के लिए विधायक कोष से 8 लाख रुपए के कार्य करवाने की घोषणा की। आयोजन के मुख्य अतिथि राव दान सिंह ने अपने सम्बोधन में उपस्थित लोगों और ग्रामीणों से अपने सच्चे



हितैषी की पहचान करने की अपील करते हुए आगामी लोकसभा चुनाव में दीपेंद्र सिंह हुड्डा का खुलकर साथ देने की अपील की। प्रदेश युवा कांग्रेस सचिव पद पर नियुक्ति के लिए युवा प्रदीप यादव को आशीर्वाद देते हुए उन्होंने पूरी कर्मठता और निपुणता के साथ अधिकाधिक युवाओं को कांग्रेस पार्टी के साथ जोड़ने के लिए कहा।

प्रदीप यादव ने सम्मेलन के पधारे मुख्य अतिथि और सभी मेहमानों का आभार प्रकट करते हुए विश्वास दिलाया कि वह जीजान से कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे।

इस अवसर वरिष्ठ कांग्रेस नेता वेद प्रधान, पीसीसी डेलिगेट श्रीनिवास गुप्ता, पूर्व चेयरमैन रवि खत्री, पूर्व चेयरमैन तेजबीर दलाल, पूर्व चेयरपर्सन प्रतिनिधि संदीप राठी, कांग्रेस डेलीगेट राव उदयभान, पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष देवेंद्र यादव,पूर्व झज्जर यादव महासभा के प्रधान वीरेंद्र दरोगा,लोकसभा प्रभारी डॉक्टर विशेष, अजित, पार्षद बलराम, पार्षद प्रतिनिधि संजीव मलिक, पूर्व पार्षद वजीर राठी, पूर्व पार्षद युवराज छिल्लर, राजेश खत्री, कृष्ण पहलवान,दर्शन सैनी,बलबीर खरु,अजित सिवाच,ओम प्रकाश आसोदिया, सीटू बराही, नीरज बराही, धर्मेंद्र राणा,प्रदीप तंवर, कृष्ण तंवर, संजीव कुमार, दिनेश कुमार,बालौर गांव के सरपंच राजेश यादव, पूर्व सरपंच राव रामकुमार, बहादुरगढ़ यादव सभा के प्रधान अशोक यादव,बलराम दलाल उर्फ बल्ली, कमल अरोड़ा,संदीप गुप्ता धामड़िया,अजय सोलधा,धीरज गौतम,विक्की शर्मा, विरेंद्र वत्स, मास्टर विरेंद्र छुड़ानी, प्रदीप तंवर, मनीष परनाला,रविंद्र जून, मोनू सराय, प्रवीण मान, वीर कुमार यादव,राव अजीत, पंडित देविदत्त, रामकिशन यादव, रवि शर्मा, अनिल यादव, राजीव नम्बरदार, राज सिंह, प्रहलाद यादव, मंगल यादव, विजय यादव, शिव कुमार यादव,कृष्ण यादव,कमल यादव आदि सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# राजबीर सिंह के निधन पर डिप्टी सीएम ने दी सांत्वना

**दुख में साथ**

8 फिलहाल उन्हें प्रोग्राम करने दो साल में विधानसभा सत्र हैं तीन दिन अब इन्हीं सवालों के जवाब देने हैं

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**हरियाणा** के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला किसान आंदोलन को लेकर मीडिया के सवालों से बचते नजर आए। उन्होंने सिर्फ इतना ही कहा कि अब तीन दिन विधान सभा सत्र में इन्हीं सवालों के जवाब देने हैं। उप मुख्यमंत्री रविवार को खंड के गांव मच्छरोली में पूर्व सरपंच पति एवं जजपा के हल्काध्यक्ष बलराज मच्छरोली के घर भाई राजबीर सिंह का निधन पर परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे थे। राजबीर सिंह का निधन गत 29 जनवरी को हार्टअटैक से हुआ.था।



इस मौके पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला से मीडिया कर्मियों ने लोकसभा चुनावों व किसान आंदोलन पर बात करने का प्रयास किया लेकिन वह मीडिया कर्मियों के सवालों पर कोई भी प्रतिक्रिया देने से बचते नजर आए। उन्होंने कहा कि फिलहाल उन्हें प्रोग्राम करने दो साल में विधानसभा सत्र हैं तीन दिन अब इन्हीं सवालों के जवाब देने हैं।

दुष्यंत चौटाला हल्काध्यक्ष बलराज मच्छरोली के आवास पर करीब 20 मिनट तक रूके। इस दौरान उन्होंने जहां परिजनों को सांत्वना दी वहीं लोगों की समस्याएं भी सुनी।

इस मौके पर जजपा प्रदेश उपाध्यक्ष देवेन्द्र कादियान, फूलवती एडवोकेट, जिला कष्ट निवारण समिति सदस्य लेखराज खट्टर,यूएलबी जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र करहस प सुभाष शर्मा रामनिवास पटवारी धमेन्द्र पावटी विपीन छाबड़ा मनिष बैनिवाल आदि उपस्थित रहे।

# राठधना गलियों और फिरनी का होगा कायाकल्प



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत नगर** निगम सोनीपत के वार्ड न 9 के अंतर्गत गाँव राठधना में विधायक जयवीर वाल्मीकि,मेयर निखिल मदान व सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा राठधना व युवा ज़िला उपाध्यक्ष प्रिंस सरोहा ने 56 लाख की लागत से विकास कार्यों का उदघाटन किया। बीते दिनों राठधना ग्रामवासि सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा के पास गाँव में कच्ची गलियों और फिरनी रिपेयर जैसी समस्या लेकर पहुँचे थे। जिसपर कार्यवाही करते हुए उन्होंने ?56 लाख की लागत से नगर निगम द्वारा फिरनी और गलियों को विकसित कराने के लिए टेंडर लगवाया। युवा कांग्रेस ज़िला उपाध्यक्ष प्रिंस सरोहा ने बताया कि इस कार्य में मुख्य रूप से फिरनी की रिपेयरिंग,गाँव की कच्ची गलियों को विकसित व खस्ता हालत हुई गलियों की मरम्मत की जाएगी। सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा ने बताया कि उनकी यही प्राथमिकता है

**विकास कार्य**

8 गाँव की कच्ची गलियों को विकसित व खस्ता हालत हुई गलियों की मरम्मत की जाएगी।

की ना केवन वार्ड न 9 बल्कि पूरे शहर में कोई भी गली कच्ची ना रहे। गाँववासीओ ने सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा का आभार व्यक्त किया व आगे भी हर संगर्श में उनका साथ देने का संकल्प लिया।इसमें मुख्य रूप से ज़िला उपाध्यक्ष प्रिंस सरोहा,अत्तर सिंह प्रधान,रामतीरथ,राजू सरोहा,रमेश ररोहा,दादा सिल्लू,राजेश एंडी,प्रताप वाल्मीकि, रामेश्वर,मेवा सिंह,रगभीर सेनी, इंद्रजीत चौहान,जगमंदर,सोम दत्त शर्मा,सुरेंद्र शर्मा,सतबीर सरोहा,ज़िले सिंह,शुभम सरोहा आदि मोजूद रहे।

# ठगने वाला गिरोह सक्रिय: गृहचाल का दोष बता लाखों के जेवर उड़ाए

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** गृह चाल का दोष बताकर महिलाओं को ठगने वाला गिरोह सक्रिय है। इसी गिरोह के दो सदस्यों ने अंबाला कैंट थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग जगह पर वारदात को अंजाम दिया। पहली वारदात अंबाला कैंट गुड़ बाजार तो दूसरी एसडी विद्या स्कूल के निकट की। दोनों की जगह पर दो महिलाओं को गृह चाल का दोष दूर करने के लिए पूजा करने का लालच दिया और लाखों रुपये के जेवरात उतारकर ठग लिया। अंबाला कैंट थाना पुलिस ने दोनों की मामलों में शिकायत पाकर मामले की जांच शुरू कर दी।



जबकि जांच एजेंसियों को गुड बाजार से सीसीटीवी मिली है और उसमें दो ठग दिखाई दे रहे हैं।

**दिनदहाड़े ठगों ने दिया वारदात को अंजाम**

पहली वारदात छावनी के गुड़ बाजार के जैन मंदिर के निकट हुई। दो शातिर ठगों ने जैन मंदिर से माथा टेकने के बाद लौट रही कबाड़ी बाजार निवासी महिला कमलेश को झांसे में लिया। बोले कि आपके परिवार पर गृह दोष चल रहा है। इस तरह से झांसे में लेकर मौके पर ही छोटी से पूजा करने की बात कहीं। कहा कि इस पूजा में महिला कोई भी आभूषण नहीं पहनती है। इस से ठगों ने महिला से महिला के चार 4 सोने के कड़े, चेन व कान की बालियां उतरवा ली और लेकर फरार हो गए। यह वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई।

**ठग लिए**

8 ठगों ने रमा रानी को झांसे में लेकर को की बालियां, गले का लोकेट व पर्स से 300 रुपये ठग लिए

इसी तरह से एसडी विद्या स्कूल के पास भी ठगों ने बीसी बाजार निवासी रमा रानी को झांसे में लेकर को की बालियां, गले का लोकेट व पर्स से 300 रुपये ठग लिए। महिला ने बताया कि वह घरेलू कार्य के चलते जा रही थी कि अचानक दो ठग आए और झांसे में लिया।

# स्टेशन पर बनेगा चार्जिंग प्वाइंट, 50 से ज्यादा होंगे चार्ज२

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** अम्बाला छावनी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म एक पर चार्जिंग प्वाइंट बनाया जाएगा,यहां एक समय में 50 से अधिक मोबाइल चार्ज हो सकेंगे। स्टेशन पर आने वाले यात्रियों की परेशानी को देखते हुए रेलवे ने इस प्रस्ताव पर मंथन शुरू किया है ताकि इसकी अनुमानित लागत तैयार की जा सके। प्राप्त जानकारी अनुसार इस योजना के तहत एक लकड़ी के बोर्ड को तैयार किया जाएगा और इसमें 50 के करीब स्विच लगाए जाएंगे। इन पर नंबर भी अंकित होंगे।

# 'आईटी-फैशन डिजाइनिंग के छात्र विजिट से हुए लाभान्वित'

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हरिपुर में एनएसक्यूएफ के अंतर्गत आईटी व फैशन डिजाइनिंग के बच्चों को कुरुक्षेत्र में फील्ड विजिट करवाई गई। आईटी विषय के बच्चों को कल्पना चावला तारामंडल कुरुक्षेत्र में ले जाया गया जिसमें बच्चों को काफी कुछ सीखने को मिला। इसके अतिरिक्त बच्चों को पैनोरमा भी ले जाया गया गया व फैशन डिजाइन के बच्चों को खाद्य उद्योग में ले जाया गया जहां पर बच्चों को विभिन्न प्रकार



के रेशे व सूती कपड़े से निर्मित पोशाके दिखाई गई ।सूती उद्योग के अध्यक्ष के द्वारा अध्यापिकाओं को सम्मानित भी किया गया व विद्यार्थियों को जलपान करवाया गया। इस विजिट में विद्यार्थियों में एक अलग ही उमंग व उत्साह देखने को मिला। प्रधानाचार्य बलजीत सिंह जास्ट ने बताया कि स्किल को सीख कर बच्चे भविष्य में अपना रोजगार भी शुरू कर सकते हैं। सरकार द्वारा चलाई गई इस पॉलिसी में बच्चों को काफी लाभ मिल रहा है।

**दौरा**

8 बच्चों को कल्पना चावला तारामंडल कुरुक्षेत्र में ले जाया गया जिसमें बच्चों को काफी कुछ सीखने को मिला

# गुरुओं के दिखाएं मार्ग पर चलें: मिहा सिंह रंगा



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र ( दलबीर मलिक)**
संत शिरोमणि श्री गुरुरविदास जी के 647 वे प्रकाश पर्व के उपलक्ष में गांव गांव में प्रभात फेरियों का स्वागत हो रहा है । इस अवसर पर स्वीटी रंगा और समाजसेवी मिहा सिंह रंगा गांव गांव में जाकर हाजिरी लगाकर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। गांव बडाम व अजराना खुर्द, अजराना कला में सुबह पांच बजे जाकर आशीर्वाद प्राप्त किया । स्वीटी रंगा और समाजसेवी मिहा सिंह रंगा ने कहा कि हम सबको गुरुओं के दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए और दीन दुखियों की सेवा करनी चाहिए । उन्होंने कहा कि शिक्षा के लिए हमें अधिक से अधिक प्रयास करना चाहिए ताकि बच्चे अपना भविष्य बनाकर देश और समाज की सेवा करें। मिहा सिंह रंगा ने कहा कि

**आह्वान**

8 स्वीटी रंगा और समाजसेवी मिहा सिंह रंगा ने कहा कि हम सबको गुरुओं के दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए

गुरुओं ने हमें सन्मार्ग पर चलने की शिक्षा देकर समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए प्रेरित किया है।

संत महापुरुष किसी एक विशेष जाति और धर्म के नहीं होते बल्कि संत महापुरुष सभी के होते हैं इसलिए प्रत्येक को जाति, व धर्म से ऊपर उठकर संत महापुरुषों द्वारा दी हुई शिक्षाओं का अनुसरण करते हुए अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। इस अवसर पर काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# 'सोशल मीडिया पर डीपी बदलकर मांग सकते हैं पैसे'

**टीम एक्शन इण्डिय/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह भोरिया ने एडवाइजरी जारी करते हुए बताया कि आजकल साइबर ठग ठगी के नए-नए तरीके अपना रहे हैं। उन्होंने बताया कि साइबर ठग अधिकारियों और प्रभावशाली लोगों की फोटो को सोशल मीडिया जैसे व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम पर डीप के रूप में प्रयोग कर धोखाधडी कर रहे हैं। उन्होंने इस बारे में आमजन को जागरूक करते हुए कहा है कि अगर आपके फोन पर किसी अधिकारी या प्रभावशाली व्यक्ति की डीपी लगे फोन से रुपए मांगने या गिफ्ट वाउचर भेजने के बारे में मैसेज या फोन काल आए तो पहले उनके पास फोन कर सुनिश्चित कर ले,

**रहें सावधान**

8 गिफ्ट वाउचर भेजने के बारे में मैसेज या फोन काल आए तो संबंधित अधिकारी के पास फोन कर सुनिश्चित कर लें

क्योंकि ये साइबर ठगो द्वारा आमजन से ठगी करने का तरीका है। पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि साइबर अपराधी वरिष्ठ अधिकारियों की डीपी (ऊ२स्त्र'८ द्घ३४१) अपने सोशल मीडिया अकाउंट जैसे फेसबुक, व्हाट्सएप आदि पर लगाते है और उसके बाद मैसेज भेज कर रुपए या गिफ्ट वाउचर मांगते है। साइबर ठग



जिस अधिकारी की डीपी का प्रयोग करते है वे उसी विभाग के कर्मचारी से भी पैसे या गिफ्ट कार्ड की मांग कर सकते है और कई कर्मचारियों ने इस तरह से मांगे गए गिफ्ट भेज भी दिए। कई अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों की फोटो को डीपी के रूप में प्रयोग कर उनके नीचे काम करने वाले कर्मचारियों से पैसे मांगने और कूपन खरीदने के मामले सामने आए है। उन्होंने आमजन से अपील कि है कि इस तरह की किसी भी जालसाजी से बचे। किसी भी अपरिचित व्यक्ति का फोटो व्हाट्सएप या अन्य किसी सोशल मीडिया अकाउंट पर बतौर डीपी होने पर यह न समझे की यह अकाउंट असल उसी व्यक्ति का है। अगर आपके पास किसी भी अधिकारी की डीपी लगे फोन से रुपए मांगने व गिफ्ट वाउचर भेजने के बारे में मैसेज या फोन काल आए तो संबंधित अधिकारी के पास फोन कर सुनिश्चित कर लें। ऐसे फर्जी नंबर साइबर धोखाधड़ी करने के लिए ठगों के हो सकते हैं।

# 'पाकिस्तान स्थित गुरुद्वारों में जाने के लिए श्रद्धालुओं से आवेदन आमंत्रित'

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि ऐसे श्रद्धालु व जत्थे जो कि महाराजा रणजीत सिंह जी की पुण्यतिथि के अवसर पर जून-2024 में



श्रद्धालुओं, यात्रियों व जत्थों से आवेदन आमंत्रित किए गए है, जो कि महाराजा रणजीत सिंह जी की पुण्यतिथि के अवसर पर जून-2024 में जाना चाहते है। ऐसे श्रद्धालु व जत्थे जारी प्रोफार्मा को उपायुक्त पाकिस्तान स्थित गुरुद्वारों के दर्शन करने के लिए जाना चाहते है, वे श्रद्धालु व जत्थे इसके लिए जिला स्तर पर अपना पंजीकरण करवा सकते है। उन्होंने कहा कि सरकार के निदेशानुसार जिला के ऐसे कार्यालय द्वारा सरकार को 15 अप्रैल 2024 तक भिजवाया जाना है। इसलिए संबंधित श्रद्धालु व जत्थे अपने आवेदन 15 अप्रैल 2024 से पहले उपायुक्त कार्यालय कुरुक्षेत्र में जमा करवाएं।

# गुरू ही हमें गलत रास्ते पर जाने से बचाकर सही रास्ता दिखा सकता है: संदीप

**टीम एक्शन इण्डिया /कुरुक्षेत्र/ लाडवा (दलबीर मलिक)**
लाडवा-मुस्तफाबाद रोड़ पर स्थित श्री गुरू रविदास आश्रम में रविवार को संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी के 647वें प्रकट दिवस पर सत्संग व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में समाजसेवी एवं नेता संदीप गर्ग ने शिरकत की व सत्संग में भाग लिया।समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि संत महात्माओं के चरणों में ही स्वर्ग होता है और हमें सभी को संत महात्माओं द्वारा दिए गए ज्ञान को प्राप्त कर उनके दिखाएं मार्ग पर चलना चाहिए ताकि हम सही राह



पर चल सके। क्योंकि गुरू ही एक ऐसा माध्यम है, जो हमें गलत रास्ते से जाने से बचा सकता है और सही रास्ता दिखाकर हमें सही मार्ग पर लगा सकता है। संचालक महात्मा गुरपाल दास ने बताया कि आश्रम में संत गुरु रविदास जी का 647वें प्रकट दिवस धूमधाम से मनाया गया, सत्संग व विशाल भंडारा आयोजित किया गया। जिसमें भारी संख्या में संगत में सत्संग में भाग लिया व भंडारे में कढी चावल का प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर जयकुमार, इमना कटारिया, सुरेश, जयभगवान, नाथी राम, प्रिन्स, राजेश कुमार, रूबी रानी आदि मौजूद थे।

# महान संत परमहंस की जयंती पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित

## शिविर में ग्राम सरपंच सुनीता नैन मुख्यातिथि के रूप में पधारी हुई थी, शिविर की अध्यक्षता स्टार रक्तदाता प्रदीप गर्ग ने की

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** महान संत एवं विचारक रामकृष्ण परमहंस की जयंती पर सिरसमा में 487वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ग्राम सरपंच सुनीता नैन मुख्यातिथि के रूप में पधारी हुई थी। शिविर की अध्यक्षता स्टार रक्तदाता प्रदीप गर्ग ने की। शिक्षक एवं समाजसेवी डॉ. केवल कृष्ण विशेष रूप से उपस्थित रहे। 166 बार रक्तदान के साथ 80 बार प्लेटलेट्स दान कर चुके डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ. अशोक कुमार वर्मा शिविर के संयोजक थे। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास



प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि मनुष्य का रक्त सड़कों पर नालियों में नहीं अपितु जरूरतमंद की सहायता के साथ नाड़ियों में बहना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि आज का युवा अपनी सकारात्मक ऊर्जा का प्रयोग समाज और राष्ट्र के कल्याण में करें न कि नशों आदि में करके जीवन को नष्ट कर ले। डॉ. वर्मा ने कहा कि आज कि शिविर महान संत एवं विचारक रामकृष्ण परमहंस की जयंती को समर्पित है। इसके साथ ही समाजसेवी पवन गर्ग के सुपुत्र मनीष के जन्मदिन पर भी है। शिविर की अध्यक्षता कर रहे डायमंड रक्तदाता प्रदीप गर्ग ने कहा कि रक्तदान मनुष्य के जीवन का सर्वश्रेष्ठ दान है जिससे आत्मिक संतुष्टि मिलती है। ग्राम सरपंच सुनीता नैन ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित किया और रक्तदान के कार्य की सराहना की। समाजसेवी एवं शिक्षक डॉ. केवल कृष्ण ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल के रक्त कोष द्वारा 26 इकाई रक्त संग्रहण किया गया जिसमे सेवानिवृत मुख्य तकनीकी अधिकारी नरेश सैनी के नेतृत्व में यह रक्तदान हुआ। शिविर में धर्मपाल, चमनलाल, सचिन कुमार, निर्दोष कुमार, रजत, धर्मेंद्र, पंकज कुमार, विरेन्द्र चौधरी, राजीव कुमार, संदीप कुमार, गौरव धीमान, अजय कुमार, विशाल, अंकित, राजीव कुमार, भगवान-दास, विकास गौतम, गौरव वर्मा, दीपक, पंकज शर्मा, दिलबाग, राजेश कुमार, राकेश कुमार, प्रगट सिंह, अजय कुमार, सनी और अजय सहित 26 युवाओं ने रक्तदान किया।

**रक्तदाता**

8 डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ. अशोक कुमार वर्मा शिविर के संयोजक थे

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत ज्ञान महायज्ञ का शुभारंभ

## देवरु रोड सिथित शिव मंदिर से भी श्रीमद् भागवत कथा का शुभारम्भ कलश यात्रा के साथ बड़े धूमधाम से किया गया

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**इस्कॉन** द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का शुभारम्भ ओल्ड डी०सी० रोड सिथित ब्रह्म कॉलोनी, निकट दीवान की चक्की में कलश यात्रा के साथ बड़े धूमधाम से किया गया। सुबह ब्रह्म कॉलोनी मंदिर से महिला श्रद्धालुओं ने ढोल बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली जो भर्मण करते हुए वापिस कथा स्थल में पहुंची। इसके अतिरिक्त देवरु रोड सिथित शिव मंदिर से भी श्रीमद् भागवत कथा का शुभारम्भ कलश यात्रा के साथ बड़े धूमधाम से किया गया। पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन विशेष रूप से कलश यात्रा में शामिल हुई । इस अवसर पर कथावाचक परम श्रद्धेय सत्य पति दास महाराज कुरुक्षेत्र से पंहुचे ।





इस अवसर पर कविता जैन ने कहा कि श्रीमद् भागवत गीता में व्यक्ति की हर परेशानी व दुविधा का हल मिलता है। हिंदू धर्म में सभी ग्रंथों में सबसे श्रेष्ठ श्रीमद्भगवद्गीता मानी जाती है, क्योंकि इसमें व्यक्ति के जीवन का सार है। श्रीमद् भागवत में भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को उपदेश दिए हैं और इन उपदेशों की मदद से भगवान श्री कृष्ण अर्जुन को इस संसार का सत्य बताते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही प्राणी मात्र का कल्याण संभव है।

दोपहर में संगीतमय कथा का आयोजन किया गया। कथावाचक परम श्रद्धेय पूज्य सत्यपति दास महाराज ने प्रवचन कर भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। उनहोंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा श्रवण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है। कलियुग में कथा सुनने मात्र से व्यक्ति भवसागर से पार हो जाता है। सोया हुआ ज्ञान वैराग्य कथा श्रवण से जागृत हो जाता है। कथा कल्पवृक्ष के समान है, जिससे सभी इच्छाओं की पूर्ति की जा सकती है। संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ के आयोजक राजेंद्र सैनी ने बताया कि ब्रह्म कॉलोनी में 18 फरवरी से 23 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर दो बजे से प्रभु इच्छा तक संगीतमय कथा का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि 24 फरवरी को सुबह 9.00 बजे हवन यज्ञ के समापन पर हवन यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया

**कथा श्रवण**

**8 कथा श्रवण से जागृत हो जाता है। कथा कल्पवृक्ष के समान है, जिससे सभी इच्छाओं की पूर्ति की जा सकती है**

जाएगा। इस अवसर पर रघुकुमार दास, भगवत तत्व दास, अवधवासिदास, रमेश वत्स, लालचंद सैनी, मुकेश मल्होत्रा, सुरेश त्यागी, जगदीप पांचाल, तेज प्रकाश, ब्रज नारद दास, सागर जसपाल, जोगेंद्र सैनी, चंद्रेश माताजी, मनीषा चौबे, रेनू माताजी, सुनीता माताजी, माण्डेश्वरी देवी दास जी, प्रमोद कटारिया आदि भक्तगण एवं सैंकड़ो महिलाएं उपस्थित रही।

## सेवाओं में विलंब होने पर होगी ऑटो अपील: उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने बताया कि प्रदेश सरकार ने नई पहल करते हुए आस-ऑटो अपील सॉफ्टवेयर शुरू किया है, जिसके अंतर्गत सेवा के अधिकार में सरकारी सेवाओं की समयबद्धता अनुरूप कार्य करने के लिए बाध्यता सुनिश्चित की गई है। आमजन को राइट टू सर्विस एक्ट की जानकारी भी प्रभावी रूप से दी जा रही है और लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। उपायुक्त ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा शुरू किया गया आस पोर्टल आमजन के लिए काफी लाभकारी है। अगर किसी व्यक्ति का कार्य राइट टू सर्विस एक्ट के तहत निर्धारित समय सीमा में नहीं होने पर ऑटो अपील सॉफ्टवेयर के तहत आवेदन अपीलेट अथॉरिटी में चला जाएगा। अपीलेट अथॉरिटी के दायरे में भी काम नहीं होने पर आवेदन आगे वरिष्ठ अधिकारी के पास चला जाएगा। अगर इन दोनों स्तरों पर भी कार्य का निपटान नहीं होने पर आवेदन स्वतः ही राइट टू सर्विस कमीशन के पास आ जाएगा। यह कदम सरकार ने जनहित को ध्यान में रखते हुए प्रशासनिक कार्यशैली को जवाबदेह, पारदर्शी, निष्पक्ष और प्रभावी बनाने के मद्देनजर उठाए है।

## किसान आंदोलन के चलते नहीं चल रही बसें, यात्री परेशान

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

किसान के दिल्ली कूच के चलते दिल्ली और पंजाब से अंबाला आने वाली बसें पूरी तरह बंद है। इसके चलते यात्रियों को परेशानी हो रही है। बसों के लिए लोग घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। किसानों को दिल्ली कूच से रोकने के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से शंभू सीमा और शाहबाद के मारकंडा पुल पर बैरिकेडिंग कर दी है। इस कारण दिल्ली अमृतसर राष्ट्रीय राजमार्ग का संपर्क बंद है। दिल्ली और पीपली से सीधी बस अंबाला नहीं आ रही है और अंबाला से बसें पंजाब की ओर नहीं जा रही है । इसी तरह से दिल्ली से बसें



बरवाला, पंचकूला होते हुए चंडीगढ़ और हिमाचल जा रही हैं और हिमाचल और चंडीगढ़ की बसें ही इसी तरह से दिल्ली जा रही हैं। यह बसें पहले अंबाला से होते हुए जाती थीं। जबकि अंबाला डिपो के अधिकारियों ने दिल्ली के यात्रियों के लिए बसों का रूट डायवर्ट किया है। यह बसें अंबाला से साहा, दोसड़का होते हुए दिल्ली से पहले बालगढ़ तक ही जा रही हैं। इसी के साथ नारायणगढ़ सब डिपो से बस दिल्ली से लिए नारायणगढ़ से जगाधरी , लाडवा, इंद्री होते हुए बालगढ़ तक ही जा रही है।

**परेशानी**

**8 किसान के दिल्ली कूच के चलते दिल्ली और पंजाब से अंबाला आने वाली बसें पूरी तरह बंद है**

मध्यप्रदेश के जिला पन्ना निवासी नंदू ने बताया कि वह परिवार के साथ ट्रेन से अंबाला छावनी आया है और उसे हिमाचल प्रदेश के बद्दी जाना है। लेकिन दो घंटे हो गए है बद्दी की बस नहीं आई है। जगाधरी निवासी फुरकान ने बताया कि वह चंडीगढ़ में काम करता है और उसे चंडीगढ़ में काम पर जाना है।

## बसंत पंचमी के पावन अवसर पर कराया गया योग एवं सूर्य नमस्कार का अभ्यास

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ० संजय शर्मा ने बताया कि आयुष विभाग हरियाणा और योग आयोग हरियाणा के हर घर परिवार सूर्यनमस्कार कार्यक्रम के अंतर्गत बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर योग सहायक सरिता बाल्यान द्वारा गांव अकबरपुर बारोटा में सूर्यनमस्कार और यौगिक क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में गांव बरोटा के वार्ड 11 की मेंबर ज्योति ने बताया कि बसंत पंचमी के इस पावन अवसर पर योग करने से अधिक स्वास्थ्य की प्राप्ति होती है। इस दौरान योग सहायक बलकेश, पंकज, सुनील और जीत राम ने ग्रामीणों को योग एवं सूक्ष्म व्यायामों की महत्वता के



बारे में बताया कि जब हम कार्य करते-करते थक जाते हैं तो उस समय सूक्ष्म व्यायाम और सामान्य आसान व प्राणायामों का अभ्यास करना चाहिए जिससे हमारे शरीर में नई ऊर्जा का संचार होता है।

योग सहायक सरिता बाल्यान ने बताया कि हरियाणा योग आयोग और आयुष विभाग हरियाणा के सौजन्य से योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य आयुष योग सहायकों के माध्यम से किया जा रहा है। इस अभियान में सभी शिक्षण संस्थानों और ग्राम पंचायतों की सहभागिता भी सुनिश्चित की गई है। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ संजय शर्मा के निर्देशन में अभियान को

**स्वास्थ्य**

**8 ज्योति ने बताया कि बसंत पंचमी के इस पावन अवसर पर योग करने से अधिक स्वास्थ्य की प्राप्ति होती है**

सफल बनाने के लिए योग सहायकों ने सूर्यनमस्कार के साथ साथ अन्य यौगिक क्रियाएं कराई, जिनमें आसान ताड़ासन, कोणासन, उष्ट्रासन और प्राणायामों में अनुलोम विलोम, कपालभाति, भ्रामरी व प्रणव आदि का अभ्यास कराया गया।

योग सहायक ने बताया कि योगशाला के निकटवर्ती 05 गावों के सभी स्कूलों और सार्वजनिक स्थानों पर नियमित रूप से 13 बार सूर्यनमस्कार कराना सुनिश्चित किया है, जो 01 फरवरी से 20 फरवरी 2024 तक नियमित चला। यह अभियान अपने समापन की और बढ़ रहा है। अब सूर्यनमस्कार अभियान के उपरांत विश्व योग दिवस की तैयारियां आरम्भ की जा रही हैं। ग्रामीणों ने सरकार के इस अनूठे कार्यगिम की प्रशंसा की और बताया कि ऐसे कार्यक्रमों से योग शिक्षा को बढ़ावा मिलता है। इस अवसर पर योग साधकों ने योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाने की शपथ ग्रहण की। इस मौके पर वार्ड मेंबर ज्योति जी, ब्रह्मपाल जी, ईश्वंती जी के साथ अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

## भिगान गांव में 32 ने किया रक्तदान

**माँ** भारती रक्तवाहिनी के सहयोग से नीलकंठ असोसिएट व शिवम कम्युनिकेशन के द्वारा भिगान गांव की त्यागी चौपाल में नागरिक अस्पताल की रक्तकोष टीम ने 32 रक्तदाताओं का रक्तदान करवाया । सँस्था का यह इस माह में तीसरा रक्तदान शिविर था । सँस्था अब तक 156 रक्तदान शिविर लगा चुकी है । खून की कमी से किसी भी मरीज के जीवन की हानि न हो इसके लिए सँस्था व इस से जुड़े रक्तदाता निरंतर इस सेवा में लगे है। सँस्था सदस्य सजंय त्यागी ने खुद रक्तदान करते हुए सन्देश दिया कि हमें निरंतर समाज हित मे अपने भूमिका तय करनी चाहिए सामाजिक कार्यो में भागीदारी समाज को आगे बढ़ाने में जरूरी है।

## न्यूज फ्लैश

### श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही मानव जीवन का कल्याण सुनिश्चित: मालती अरोड़ा



**पानीपत, कमाल हुसैन**

पानीपत के तहसील कैंप स्थित मेलाराम पार्क में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया। इसके शुभारम्भ समारोह में कलश यात्रा निकाली गई। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा की वरिष्ठ नेत्री तथा पूर्व प्रदेश मीडिया प्रभारी (महिला मोर्चा) मालती अरोड़ा शामिल हुई । इस अवसर उन्होंने कलश यात्रा में भाग लिया तथा भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना कर ईश कृपा प्राप्त की। कथावाचक श्री पूरन चन्द महाराज एवं पूज्या देवी राधा किशोरी ने कथावाचन किया। मालती अरोड़ा ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही मानव जीवन का कल्याण सुनिश्चित हो जाता है। इसलिए प्रत्येक मनुष्य को अनिवार्य रूप से पूर्ण श्रद्धा व विश्वास के साथ श्रीमदभागवत कथा का श्रवण करना चाहिए। गौरतलब है की श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 18 से 25 फरवरी तक होगा। इस दौरान आयोजकों ने समारोह में पहुँचने पर पूर्व मीडिया प्रभारी को फूलमालाएं पहनाकर तथा श्रीमद्भागवत की प्रति भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर पंकज पाखीजा, अशोक गुंबर,मोना शर्मा, महक दीवान,ममता भास्कर, कमल गंभीर, गीता गाबा ,अलका चोपड़ा,मंजू सैनी व अंजलि शर्मा समेत सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने पूर्ण श्रद्धा भाव से कलश यात्रा में भाग लिया।

### चोरी करने की तीन अलग-अलग घटनाओं मे संलिप्त तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**पहली घटना में :-** जिले के थाना शहर सोनीपत की पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने की घटना मे संलिप्त आरोपी को गिरफतार किया है। गिरफतार आरोपी कमल पुत्र चन्द्र निवासी खरखौदा, जिला सोनीपत का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि गत 11 फरवरी को उदयभान पुत्र अमर सिंह निवासी नैना ततारपुर ने थाना शहर सोनीपत में शिकायत दी थी कि आज दिनांक 11 फरवरी को मैं अपने भाई के घर मलिक कॉलोनी, सोनीपत आया था मेरी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल मेरे भाई रामकरण के घर के बहर खड़ी थी जहाँ से किसी नामपता नामालूम व्यक्ति ने मेरी मोटरसाइकिल चोरी कर ली है। इस घटना का भारतीय दण्ड संहिता की धाराओं के अन्तर्गत थाना शहर सोनीपत में अभियोग दर्ज किया गया था। अनुसंधान टीम मे नियुक्त ल्ल्ठ भूपेन्द्र ने अपनी पुलिस टीम के साथ आरोपियो की खोजबीन करते हुये घटना मे संलिप्त आरोपी कमल पुत्र चन्द्र निवासी खरखौदा को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी से घटना में चोरी हुई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है। गिरफतार आरोपी को न्यायालय में पेशकर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया गया है।

**दूसरी घटना में :-** जिले के थाना शहर सोनीपत की पुलिस ने रिफाइंड तेल चोरी करने की घटना मे संलिप्त आरोपी को गिरफतार किया है। गिरफतार आरोपी राहुल पुत्र भूप सिंह निवासी वेस्ट राम नगर, सोनीपत का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि गत 16 फरवरी को मुकेश गुप्ता पुत्र सुरेश चंद गुप्ता साईकिल मार्किट, रोहतक रोड, सोनीपत ने थाना शहर सोनीपत में शिकायत दी थी कि आज दिनांक 16 फरवरी को मैं अपनी दुकान पर मौजूद था जो दुकान मे रखा हुआ समान के पास मै बैठता जो दुकान के साथ लगते गोदाम मे से एक पीपा रिफाइंड(15 ली०) का चोरी हुआ पाया गया जो मैने अपने तौर पर पता किया जिस का नाम राहुल निवासी गली न.3, वैस्ट रामनगर द्वारा चोरी की गई है । इस घटना का भारतीय दण्ड संहिता की धाराओं के अन्तर्गत थाना शहर सोनीपत में अभियोग दर्ज किया गया था। अनुसंधान टीम मे नियुक्त अरकनीरज ने अपनी पुलिस टीम के साथ आरोपियो की खोजबीन करते हुये घटना मे संलिप्त आरोपी राहुल पुत्र भूप सिंह निवासी वेस्ट राम नगर, सोनीपत को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी से घटना में चोरी हुआ रिफाइंड तेल भी बरामद कर लिया है। गिरफतार आरोपी को न्यायालय में पेशकर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया गया है।

**तीसरी घटना में :-** जिले के थाना शहर सोनीपत की पुलिस ने दो लिथियम बैटरी व दो ट्रांसफार्मर चोरी करने की घटना मे संलिप्त आरोपी को गिरफतार किया है। गिरफतार आरोपी आदित्या उर्फ दीपू पुत्र बिजेंदर निवासी रामपुर वढ हाल श्यामनगर, सोनीपत का रहने वाला है।

## भगवान जी का कलश उठाना एक पुण्य कार्य - कविता जैन

**आयोजन**

**8 श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ पर गाँव देवडू में कलश यात्रा का आयोजन किया गया**

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**श्रीमद्** भागवत कथा के शुभारंभ पर गाँव देवडू में कलश यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन ने शिरकत की रिबन काटकर यात्रा का शुभारंभ किया। कथा की शुरूआत कथा व्यास पंडित गणेश



दास शास्त्री द्वारा की गई। यह कथा 25 फरवरी तक चलेगी । मूल पाठ पंडित अवधेश शास्त्री द्वारा किया जाएगा। उनके साथ पंडित सोनू पंडित मोहन पंडित गोपाल सहयोग करेंगे।

जैन ने कहा श्री मद्भभागवत में कलश उठाना एक पुण्य का कार्य है। इसे भाग्य का कल्याण होता है। इस अवसर पर पूर्व सरपंच भानो देवी, राजेश बघेल, तेजभान, प्रमोद कटारिया, अन्जू गुलिया, सुभाष चंद्र, मनजीत दहिया,प्रकाश सैनी, वेदप्रकाश, शेखर सैनी, दिनेश सोलंकी, सुनील अन्य ग्रामवासी शामिल हुए।

## 'पैंशनर्ज की लम्बित मांगों की सुध ले सरकार'

**जींद: हरियाणा** पैंशनर्ज वैलफेयर एसोसिएशन जिला जींद ईकाई की कार्यकारिणी की बैठक प्रधान बृजभूषण गोयल की अध्यक्षता में जींद स्थित रामाकृष्णा मन्दिर परिसर में सम्पन्न हुई। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी एवं डीआईपीआरओ रिटायर्ड सुरेन्द्र कुमार वर्मा कोथ ने बताया कि इस बैठक में पैंशनर्ज के हितों एवं मांगों बारे विशेष रूप से चर्चा की गई। बैठक में रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों की सुध लेने एवं सही व प्रभावी ढंग से पैरवी के लिए हरियाणा राज्य पैंशनर्ज कल्याण आयोग गठित करने का प्रस्ताव पारित किया गया जिसका सभी उपस्थित पैंशनर्ज ने अनुमोदन किया।

## किसान आंदोलन- गाँवों से हो रही लगातार लंगर की सेवा

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

शंभु सीमा पर किसानों ने डेरा जमाया है। यहां पर सुबह से लेकर रात्रि तक लगातार लंगर चल रहा है। मगर खास बात यह है कि पंजाब हरियाणा की सीमा के गांवों से किसानों के आंदोलन को इतना समर्थन मिल रहा है कि अब लंगर बहुतायत में हो गया है। लोग इतनी सेवा कर रहे हैं कि किसान मोर्चे को अभी तक अपना चूल्हा जलाने की जरूरत ही नहीं पड़ी है। किसानों का सामान जिस प्रकार आया था उसी प्रकार रखा है। वहीं कुछ गांवों के लोगों ने भी मौके पर ही चूल्हा लगाकर लंगर बनाना शुरू कर दिया है। कोई खीर वितरित कर रहा है, कोई दूध पिला रहा है, कोई



कड़ी चावल, वेज पुलाव तो कोई रोटी सब्जी खिला रहा है। रोटी सब्जी में भी कोई गाजर आलू मटर की सब्जी तो कोई गोभी मटर आलू तो कोई मटर पनीर खिला रहा है। चाय-कॉफी और उसके साथ टोस्ट व बिस्किट भी परोसे जा रहे हैं। इतना ही नहीं बल्कि समोसे और जूस के ब्रांडेड पैकेटों को वितरित कर सेवा की जा रही है। पानी भी ब्रांडेड कंपनियों का पिलाया जा रहा है। यह लंगर दिनभर चल रहा है, एक मिनट के भी रुकता दिखाई नहीं दे रहा है। सेवा करने वाले स्थानी ग्रामीणों के पास जो संसाधन हैं, किसी के पास जुगाड़ गाड़ी तो कोई रेहड़ी पर बड़े बड़े पतीले रखकर ला रहा है। वहीं अपने

**सेवा**

**8 -लोग इतनी सेवा कर रहे हैं कि किसान मोर्चे को अभी तक अपना चूल्हा जलाने की जरूरत ही नहीं पड़ी**

परिवार के साथ लोग आ रहे हैं और आंदोलन में शामिल सभी लोगों को बुलाकर प्रेम से लंगर चखने का आग्रह करते दिख रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि अब इतना लंगर हो गया है कि किसान नेता अपील कर रहे हैं कि अभी दो तीन दिन बार सेवा करने आएं। सिर्फ यह नहीं बल्कि लंगर पूरा करने के बाद सफाई भी की जा रही है।

## स्कूल फीस को लेकर हंगामा कर धरने पर बैठे अभिभावक

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

कोरोना काल के दौरान लंबित चल रही फीस का मामला उस समय तूल पकड़ गया। जब सेसिल कॉन्वेंट स्कूल प्रबंधन ने दसवीं कक्षा के बच्चों को रोल नंबर देने से इंकार कर दिया। प्रबंधन की इस कार्रवाई के लिए बच्चों के अभिभावकों ने हंगामा कर दिया और स्कूल प्राचार्य के कार्यालय के समक्ष ही जमीन पर बैठकर धरना दिया। मौके की गंभीरता को देखते हुए स्कूल प्रबंधन की तरफ से पुलिस को बुलाया। इस दौरान इनेलो के प्रदेश प्रवक्ता ओंकार सिंह भी स्कूल में पहुंच गए। उन्होंने स्कूल प्राचार्य और अभिभावकों से इस मुद्दे पर बात की और समस्या का समाधान कराया।



अभिभावकों ने बताया कि वर्ष 2021 कोरोना काल की फीस का पैसा उनसे वसूला जा रहा है जबकि इस दौरान सब कुछ बंद रहा था। उन्होंने स्कूल की जो भी फीस बनती थी, वो सही समय पर भर दी थी। बावजूद इसके प्रबंधन ने उनके बच्चों का रोल नंबर बिना किसी कारण के रोक दिया जबकि दो दिन बाद पेपर शुरू हो रहे हैं। ऐसे में उनके साथ बच्चे भी मानसिक दबाव में आ गए हैं। ऐसे में उनके लिए पेपर देना भी मुश्किल हो जाएगा। यह धरना और रोष प्रदर्शन लगभग तीन घंटे तक स्कूल परिसर में ही चलता रहा।जब मामला ज्यादा गंभीर हो गया तो स्कूल प्रबंधन ने बच्चों को रोल नंबर देने का फैसला किया। कोरोना काल का पैसा मांगा जा रहा है जोकि सरासर गलत है। इस दौरान न स्कूल लगे और बच्चे भी सही तरीके से पढ़ाई नहीं कर पाए। ऐसे में स्कूल का लंबित फीस मांगना गलत है। उन्हें राहत देनी चाहिए थी। लेकिन उन्होंने बच्चों का रोल नंबर रोककर परेशानी खड़ी कर दी थी। फीस को लेकर पहले ही अभिभावकों ने ऐतराज किया था कि कोरोना काल को जो भी पैसा बनता है उसे न लिया जाए। अब पेपर शुरू होने वाले हैं और फिर से इस पैसे को लेकर स्कूल ने कार्रवाई शुरू कर दी है। इसलिए रोष जताना पड़ा था।

बच्चे पूरा साल परीक्षाओं की तैयारी में जुटे रहते हैं। ऐसे में अंतिम समय में बच्चों का रोल नंबर रोक लेना कितना उचित है। यह तो सरासर मनमानी है। कोरोना काल में जहां सभी ने एक दूसरे की मदद की, वहीं स्कूल उस समय के पैसे को लेकर तर्क-वितर्क कर रहा है।

**विरोध**

**8 सेसिल कॉन्वेंट स्कूल प्रबंधन ने दसवीं कक्षा के बच्चों को रोल नंबर देने से इंकार कर दिया**

## लोक नृत्य दलों के पंजीकरण के लिए आवेदन आमंत्रित, 29 फरवरी अंतिम तिथि: डीसी

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा द्वारा पानीपत सहित हरियाणा के अन्य जिलों से लोकनृत्य दलों के पंजीकरण के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक दल 29 फरवरी तक विभाग की मेल आईडी पर आवेदन कर सकते हैं। राज्य के पंजीकृत लोक नृत्य दलों को ही विभाग द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अनुबंधित किया जाएगा।

डीसी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने टीम लीडर तथा सह-कलाकारों से संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि कोरियोग्राफर व टीम लीडर के नृत्य विधा से संबंधित दस्तावेजों को लाना अनिवार्य है। कोरियोग्राफर की न्यूनतम आयु 35 वर्ष तथा सह-कलाकार की आयु 18 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि किसी एक दल में पंजीकृत सदस्य केवल अपने पंजीकृत दल में ही प्रस्तुति दे सकेगा, अन्यथा विभाग द्वारा उसके पूर्ण दल का पंजीकरण रद्द कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि दल के सदस्य पर किसी भी प्रकार का पुलिस केस अथवा कोर्ट केस नहीं होना चाहिए, अन्यथा उसका पंजीकरण रद्द करने के साथ-साथ विभाग द्वारा आयोजित किसी भी कार्यक्रम में प्रस्तुति का कार्य नहीं दिया जाएगा। सभी कलाकार पारम्परिक व साफ-सुथरी वेशभूषा में होने अनिवार्य हैं। दलों को अग्रिम व नकद राशि नहीं दी जाएगी।

**आवेदन**

**8 कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा द्वारा सभी जिलों से आवेदन आमंत्रित**

# नरेला: खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को किया गया सम्मानित







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बाहरी दिल्ली की** प्रमुख सामाजिक संस्था नरेला विकास संगठन ने कार्यक्रम का आयोजन कर विभिन्न खेलों में राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली सरकारी स्कूल की छात्राओं को मोमेंटो, नोटों की माला पहनाकर, प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसीपी सुरेश कौशिक मौजूद रहे। बाहरी दिल्ली के नरेला में प्रमुख सामाजिक, सांस्कृतिक संस्था नरेला विकास संगठन ने सिंघु बॉर्डर रोड़ स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के प्रांगण में भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर सर्वोदय कन्या विद्यालय नंबर 1 व 2 की छात्राओं को विभिन्न खेलों में राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर प्रतीक चिन्ह, नोटों की माला पहनाकर व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान नरेला विकास संगठन द्वारा संचालित सिलाई कढ़ाई व ब्यूटी पार्लर में अपना प्रशिक्षण पूरा करने वाली करीब 20 छात्राओं को भी प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं काजल, अक्षय, वंदना, क्रश, वंशिका, भूमि, वैष्णवी, अंजलि, दिशांत को सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और आश्वस्त किया कि संस्था द्वारा भविष्य में खेल को जारी रखने के लिए हर संभव मदद करेंगे। इस दौरान गौरवान्वित माता-पिता अपने बच्चों को देखकर खुशी से भरे हुए थे। मुख्य अतिथि एसीपी सुरेश कौशिक ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यदि खिलाड़ी अपने मन से मेहनत करता है तो खेल से उसमें उत्साह, लगन और ऊर्जा का संचार होता है। जिससे वह हर चुनौती का सामना कर सकता है। नरेला विकास संगठन के प्रधान हेमराज बंसल ने सभी छात्राओं को शुभकामनाएं दी और कहा कि आप सभी ने विभिन्न खेलों में अपना लोहा मनवाते हुए स्थान हासिल किया। आपको बहुत बधाई शुभकामनाएं। भविष्य में खेल और शिक्षा को जारी रखने के लिए संस्था हर संभव मदद करेगी। कार्यक्रम में मंच संचालन संस्था महासचिव नौतन दास अरोड़ा ने किया और संस्था के उद्देश्यों व उपलब्धियां पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रधान हेमराज बंसल, चेयरमैन हाजी अब्बास अली ,महासचिव एनडी अरोड़ा, कोषाध्यक्ष श्रीनिवास वर्मा, सचिव डॉ राजेंद्र राठधनिया, संगीता दिवाकर, सतवंती गोड, सतवीर राणा व छात्राओं के अभिभावक सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# भारत बंद के समर्थन में सीटू और एक्टू द्वारा विशाल रैली का आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नरेला क्षेत्र के** इंडस्ट्रियल एरिया में केंद्र सरकार की मजदूर-किसान तथा जन विरोधी नीतियों एवं काले कानूनों के विरोध में ट्रेड यूनियनों द्वारा आहूत भारत बंद के समर्थन में एक विशाल रैली एवं जनसभा सीटू तथा इक्टू के बैनर तले आयोजित की गई। इस सभा को सीटू की नरेला इकाई के प्रभारी कॉमरेड डी एन सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा केंद्र सरकार ने पुराने चले आ रहे 44 श्रमिक कानूनों को खत्म कर चार नये लेबर कोड़ श्रमिक वर्ग पर मजदूर हित के नाम जबरन थोप दिए हैं। इन सभी में कुल मिलाकर कहा जाए तो मालिकों की गुलामी के अलावा कुछ नहीं है। काम के घंटे 8 से बढाकर10 कर दिए गए, वेतन में कोई खास तब्दीली नहीं की गई, मालिकों द्वारा अपने श्रमिकों को दिए जाने वाली सुविधाओं को खत्म कर दिया गया, छंटनी का अधिकार मलिक को सौंप कर मजदूर के हाथ काट दिए गए है। उनके भत्ते खत्म कर दिए गए। एक तरह से कहा जाए तो उन्हें दोयम दर्जे का बंधुवा नागरिक बनाकर रख दिया है। हमें इनकी दोगली चालों को समझ कर एकजुट होकर सभी भेदभावो को भुलाकर संघर्ष करना होगा। तभी इन लेबर कोड रूपी हथकंडों से निजात मिल सकेगी। इक्टू के मजदूर नेता कामरेड अनिल कुमार सिंह ने बोलते हुए कहा कि यह सरकार दिन-रात मेहनत कर अपना पसीना बहाने वाले मजदूर एवं किसानों को झूठे वादों में बुलाकर चंद कार्पोरेट घरानों को देश बेचने पर आमादा है। सरकार का काम केवल देशभक्ति की आड में अंधविश्वास तथा सांप्रदायिकता फैलाना रह गया है। हमें इनके खिलाफ लंबी लड़ाई लड़नी होगी। इसके अलावा मजदूर नेता कॉमरेड हरे राम शर्मा, कॉमरेड रंजीत कुमार, आनंद प्रसाद सिंह आदि अनेक नेताओं ने भी अपनी बात रखी और सभा का समापन किया।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रतीक शर्मा का धूमधाम से मनाया गया जन्मदिन

## राजेन्द्र नगर विधानसभा भारतीय जनता पार्टी के प्रभारी सुरेन्द्र खर्ब ने भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रतीक शर्मा को दी जन्मदिन की बधाई







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भाजपा** राजेन्द्र नगर मंडल के अध्यक्ष प्रतीक शर्मा का जन्मदिन बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही प्रतीक शर्मा को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। इस अवसर पर जहां एक और लोगों ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी, वहीं उनकी दीघार्यु की कामना भी की। इस मौके पर राजेन्द्र नगर विधानसभा के भाजपा प्रभारी सुरेन्द्र खर्ब ने प्रतीक शर्मा को जन्मदिन की बधाई दी। इस मौके अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील कक्कड, लोकसभा चांदनी चौक के प्रभारी राजेश भाटिया, पवन गोयल, प्रवेश मिश्रा, मुकेश गुप्ता, हिमांशु भारद्वाज, आशीष, मनोज कुमार, नीतू, कीर्ति, सोनिया, पारथ सिंह जिला मंत्री सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस असवर पर राजेन्द्र नगर विधानसभा के भाजपा प्रभारी सुरेन्द्र खर्ब ने कहा कि मंडल अध्यक्ष प्रतीक शर्मा बड़े ही अच्छे व्यक्ति है, यही कारण है कि आज बहुताय की संख्या में लोग उनको बधाई देने के लिए यहां पर मौजूद है। मैं मंडल अध्यक्ष प्रतीक शर्मा को जन्मदिन की बधाई देता हूं और उनकी दीघार्यु की कामना करता हूं। इस अवसर पर कई गणमान्य लोगों ने मंडल अध्यक्ष प्रतीक शर्मा को जन्मदिन की बधाई दी। इस अवसर पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष प्रतीक शर्मा ने कहा कि जिन लोगों ने मुझे जन्मदिन की बधाई दी है, मैं उन लोगों का दिल की गहराईयों से धन्यवाद करता हूं।

# जहांगीरपुरी: हम सभी को रक्तदान अवश्य ही करना चाहिए: खन्ना ढिकोलिया



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
रक्तदान महादान होता है, इसलिए हम सभी को रक्तदान करना चाहिए। क्योंकि रक्तदान करना एक प्रकार से पुण्य का कार्य होता है। इसलिए इस पुण्य के कार्य में सभी हिस्सा ले और सभी रक्तदान जरूर करें। उक्त बातें ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया ने कही। उन्होंने कहा कि यह एक पुण्य का कार्य इसमें सभी को हिस्सा लेना चाहिए और अधिक से अधिक बार रक्तदान करें और दूसरे लोगों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें, जो बहुत ही ज्यादा जरूरी है। रक्तदान के महत्व का हमें तब पता चलता है कि जब हमारा कोई रक्त की कमी से जूझ रहा होता है और उसे समय पर रक्त नहीं मिल पाता है, इसलिए सभी रक्तदान करें और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें। रक्तदान को लेकर आज भी लोगों के मन में कई सारी गलत धारणाएं मौजूद हैं। ज्यादातर लोग ऐसा सोचते हैं कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी आ जाती है और फिर कई बीमारियां लग सकती हैं जों कि पूरी तरह से गलत धारणा है। रक्तदान हम सभी की जिम्मेदारी है। इसलिए सभी रक्तदान करें। एक स्वस्थ व्यक्ति हर तीन महीने में रक्तदान कर सकता है। ऐसे में अगर नियमित रूप से रक्तदान करते हैं, तो इससे शरीर बेहतर सेहत की ओर जाता है। इसका असर आपको साफ अपनी फिटनेस पर असर दिख सकता है।

# वजीरपुर: सभी को सत्य की राह पर चलना चाहिए: बद्रूदीन खान



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
सभी को पौधारोपण करना चाहिए, क्योंकि पौधारोपण बेहद ज्यादा जरूरी है। पौधारोपण केवल वन विभाग का ही कार्य नहीं है, यह हम सभी की जिम्मेवारी है कि हम अधिक से अधिक पौधारोपण करें। उक्त बातें समाजसेवी बद्रूदीन खान ने कही।
उन्होंने आगे बताया कि सभी को अपने जन्मदिन व सालगिरह पर पौधारोपण करना चाहिए और उस पौधे की रक्षा ठीक उसी प्रकार से करनी चाहिए, जिस प्रकार से हम अपने परिवार की रक्षा करते है। उन्होंने आगे बताया कि पेड़-पौधें से जहां एक और हमें ऑक्सीजन मिलती है, वहीं इनसे हमें फल, फूल और कई प्रकार की औषधियां भी मिलती है, इसलिए सभी उचित स्थान देखकर पौधारोपण अवश्य ही करें। गरीब व असहाय की सेवा करना बड़ा ही पुण्य का कार्य होता है, इसलिए सभी को इस पुण्य के कार्य में हिस्सा लेना चाहिए और दिल खोलकर गरीबों की सहायता करनी चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि हम सभी का कर्त्तव्य बनता है कि हम गरीबों की सहायता करें। जिससे की गरीब व्यक्ति को भी परेशान न होना पड़े। सभी को सत्य की राह पर चलना चाहिए, जो व्यक्ति सत्य की राह पर चलता है, उसे एकदिन सफलता अवश्य ही प्राप्त होती है, इसलिए सभी सत्य की राह पर चले।

## सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए: गुप्ता

# समाजसेवा को समर्पित है मेरा जीवन: पुनीत गुप्ता



### समाजसेवी पुनीत गुप्ता बोले...

= गो ग्रीन फाउंडेशन नामक एक एनजीओ चला रहे है जिसके माध्यम से वह लोगों को प्राकृति के महत्व समझा रहे है कि कैसे हमें पेड़-पोधों की रक्षा करनी चाहिए और हमारे व हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए पेड़-पौधे कितने जरूरी है: पुनीत गुप्ता



**लोगों को अपने सपने मत बताओ, बस उन्हें पूरा करके दिखाओं, क्योंकि लोगों को सुनना कम, देखना ज्यादा पसंद हैं।**

अपने लिए तो सभी जीते हैं, लेकिन सार्थक जीवन वो है जो किसी भी परिस्थितियों में दूसरों के लिए जिये व अपना जीवन ओरों की सेवा में समर्पित हो। कुछ ऐसी ही चुनौतियों से सामना करने वाले एक ऐसे व्यक्ति से हम आज आपको मिलवाने जा रहें हैं, जिनके बारे में जितना बोला जाए वो भी कम है। जो कि अपने सेवाभाव से क्षेत्रीय लोगों के दिलों में बसे हुए हैं तथा अपने कार्यों के बदौलत पूरे चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र में किसी भी परिचय के मोहताज नहीं हैं। जी हां यहां पर हम बात कर रहें है मॉडल टाउन पार्ट तीन में रहने वाले समाजसेवी व गो ग्रीन फांउडेशन के संस्थापक पुनीत गुप्ता की।

**फांउडेशन के माध्यम दे रहे हैं ग्रीनरी का संदेश:** आपकी जानकारी के लिए बतादें कि पुनीत गुप्ता गो ग्रीन फाउंडेशन नामक एक एनजीओ चला रहे है जिसके माध्यम से वह लोगों को प्रकृति के महत्व समझा रहे हैं कि कैसे हमें पेड़-पौधों की रक्षा करनी चाहिए और हमारे व हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए पेड़ पौधे कितना जरूरी।
वहीं पुनीत ने बताया कि वह फाउंडेशन लगभग पांच-छः साल से चला रहे हैं, जिसके माध्यम व समय-समय पर पौधारोपण कार्यक्रम का भी आयोजन करते रहते है, व अभी तक अपनी फाउंडेशन के माध्यम से हजारों पौधे वितरित भी कर चुके हैं। वही उन्होंनें कहा कि प्रकृति के साथ जियें, ग्लोबल वार्मिंग के साथ नहीं।
भविष्य के लिए प्रकृति की देखभाल और प्यार करें।
हमें प्रकृति को सुंदर बनाए रखने के लिए कर्तव्यनिष्ठ होना चाहिए। प्रकृति को हरा-भरा बनाने का सपना देखें। पर्यावरण की रक्षा करें, प्रकृति की रक्षा करें। स्वस्थ भविष्य के लिए, प्रकृति की रक्षा करें।



**समस्याओं को लेकर रहते हैं जागरूक**
पुनीत क्षेत्र की समस्याओं को लेकर हमेशा जागरूक रहते है। वहीं उन्होनें बताया कि लाल बाग, मॉरिश नगर, शालीमार बाग क्षेत्र में रोड़ पर ही कूड़े के ढ़ेर पडे रहते थे, ऐसा लगता था जैसे ढलाव घर बना हो, उन सभी को विभाग द्वारा हटवाया गया, जिसके लिए काफी लंबा समय भी लगा था।



**आवारा पशुओं की है मुख्य समस्या:** पुनीत गुप्ता ने कहा कि जहां एक ओर तो क्षेत्र में सड़को पर घूम रही आवारा गायों से लोगों को खासा परेशानी होती है, जिससे कि कई बाद सडक हादस भी हो जाता है, वहीं उन गायों के लिए भी सड़क हादसे का खतरा बना रहता है और कई बार बडे-बडे वाहन गायों के पैर पर गाडियां चलाकर निकल जाते है, जिससे की कई बार उनकी मौत भी हो जाती है। पुनीत गुप्ता ने आगे बताया कि वह इस समस्या को लेकर सांसद डा. हर्षवर्धन व दिल्ली की मेयर शैली ओबेरॉय से भी मिल चुके है।

# भाजपा सरकार हर वर्ग पर अत्याचार कर रही: ढांडा

प्रेसवार्ता

**8 अध्यादेश लाकर एमएसपी गारंटी कानून लागू करे भाजपा सरकार: अनुराग ढांडा**



***सोनीपत, 18 फरवरी***
आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने रविवार को सोनीपत के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में प्रेसवार्ता की। उनके साथ देवेंद्र गौतम, राजेश सरोहा, महेंद्र छिक्कारा, मंजीत फरमाना, मोना सिवाच, सतनायरण आंतिल, सरोज बाला, नाकिन मेहरा और आशीष मौजूद रहे। इससे पूर्व, उन्होंने आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर रणनीति बनाई। उन्होंने कहा कि भाजपा देश और हरियाणा में तानाशाही और अलोकतांत्रिक तरीके से सरकार चलाना चाहती है। जिसका हर जगह पर पूरजोर विरोध किया जाना चाहिए। हरियाणा सरकार किसानों पर अत्याचार कर रही है, अपनी किसी भी मांग को लेकर धरने पर बैठे हुए किसान हो। भाजपा सरकार हर पीड़ित वर्ग पर अत्याचार करने से बाज नहीं आ रही है। उन्होंने कहा कि एमएसपी की मांग को लेकर किसान दिल्ली जाना चाहते हैं जो उनका लोकतांत्रिक अधिकार है। लेकिन हरियाणा सरकार उनका लोकतांत्रिक अधिकार छीनना चाहती है। जबकि किसानों की ऐसी कोई कॉल नहीं है कि उन्हें हरियाणा में प्रदर्शन करना है। उनको केवल हरियाणा से होकर दिल्ली जाना है और रामलीला मैदान में प्रदर्शन करना है। जिसकी अनुमति भी उन्होंने मांगी है, लेकिन सरकार ने अनुमति नहीं दी। अब हरियाणा सरकार किसानों को रोक रही है, जबकि उनके पास कोई संवैधानिक अधिकार नहीं है। संविधान हमें इजाजत देता है कि हम देश में कहीं भी आवाजाही कर सकते हैं और आने जाने का रास्ता कोई बाधित नहीं कर सकता। लेकिन हरियाणा सरकार सीमेंट के स्ट्रक्चर बना कर सभी स्टेट और नेशनल हाईवे ब्लॉक कर दिए।
उन्होंने कहा कि जगह जगह पर परीक्षाएं हो रही हैं और इंटरनेट बंद होने की वजह से बच्चे अपने एडमिट कार्ड भी डाउनलोड नहीं कर पा रहे हैं। पिछले दिनों हुई एचसीएस की परीक्षा में भी 50,000 बच्चे नहीं जा पाए थे और आज भी एचएसएससी की परीक्षा में पता नहीं कितने बच्चे पहुंच पाएंगे। उन्होंने कहा कि ये मौलिक अधिकारों का हनन है। आप लोकतंत्र में किसी को भी आंदोलन करने और आपनी मांग रखने से नहीं रोक सकते। भाजपा सरकार चाहती है कि कोई सवाल न पूछे और किसी भी तरीके का आंदोलन न करे। लेकिन आम आदमी पार्टी किसानों की मांगों के साथ है और हम मांग करते हैं कि भाजपा सरकार जैसे अध्यादेश लाकर सुप्रीम कोर्ट के फैसलों को पलटने का काम करती है, उसी तरीके से अध्यादेश लाकर एमएसपी की गारंटी कानून को लागू करे।
किसान आंदोलन पर उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जानबूझकर साजिश के तहत किसानों को भड़काने का प्रयास कर रही है। किसानों पर एक्सपायर डेट के आंसू गैस के गोले छोड़े जा रहे हैं। जब रिकॉर्ड मांगा जाएगा तो 50 गोले दिखाएंगे, जबकि किसानों पर हजारों की संख्या में आंसू गैस के गोले छोड़े गए हैं।

# लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर कांग्रेस कार्यकताओं की हुई बैठक

बैठक

**8 - घर-घर कांग्रेस अभियान के तहत लोगों को कांग्रेस से जोड़ने के दिए निर्देश**




**गन्नौर**
लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर रविवार को कांग्रेस कार्यकताओं की बैठक बीएसटी स्थित कैंप कार्यालय में हुई। बैठक में कुलदीप शर्मा,कांग्रेस नेता सुरेंद्र दहिया, डा. राजेंद्र टांक, अनूप मलिक, प्रेम अत्री, कुलदीप देशवाल, संतोष गुलिया, संतोष कादियान व सहित मौजूद रहे। बैठक के दौरान लोकसभा चुनाव को लेकर सभी कार्यकताओं में जोश भरा गया और उनकी लोकसभा चुनाव को लेकर ड्यूटी लगाई गई। कार्यकताओं को निर्देश दिए गए कि वह हर घर कांग्रेस अभियान के तहत हर गांव में एक-एक घर में पहुंचे। लोगों को कांग्रेस व पूर्व मुख्यमंत्री भुपेंद्र हुड्डा का संदेश दें और उन्हें पार्टी से जोड़ने का काम करें। दहिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्ता में आने से पहले देश की जनता से राजगोर देने, आर्थिक तरक्की करने, किसानों की आय दोगुना करने, महंगाई पर लगाम लगाने के वायदे किए थे। कार्यकर्ता लोगों से पूछें कि इनमें से कौनसा वायदा पूरा हुआ।

# 20 से 25 फरवरी तक मनाई जाएगी महर्षि स्वामी दयानंद जी की 200वी जन्म जयंती



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।**
आर्य केन्द्रीय सभा के तत्वधान में महर्षि स्वामी देव दयानंद जी की 200 वीं जन्म जयंती बहुत ही हर्ष उल्लास के साथ आर्य समाज सेक्टर 6 में 20 फरवरी से 25 फरवरी तक मनाई जाएगी।
इस कार्यक्रम के अंतर्गत 20 फरवरी को शोभायात्रा, 21 फरवरी को भजन संध्या, 22 फरवरी को बाल संस्कार समारोह एवं मातृशक्ति सम्मेलन, 23 और 24 फरवरी को भजन एवम प्रवचन तथा 25 फरवरी को इस कार्यक्रम का समापन होगा। इस कार्यक्रम में आर्य जगत के उच्च कोटि के वैदिक विद्वान आचार्य जयेंद्र जी, स्वामी आदित्यवेश जी ,पद्मश्री सुकमा आर्य जी, बहन कल्याणी आर्य जी और भजन उपदेशक दिनेश पाठक जी पधार रहे हैं।
आज आर्य समाज सेक्टर 13 में पत्रकारों से बातचीत करते हुए आर्य केंद्रीय सभा के प्रधान प्रोफेसर आनंद सिंह ने कहा कि

जयंती

**8 प्रधान प्रोफेसर आनंद सिंह ने कहा कि महर्षि स्वामी देव दयानंद जी जन जन के पूजनीय थे**

महर्षि स्वामी देव दयानंद जी जन जन के पूजनीय थे तथा हम सब का कर्तव्य है कि हम उनकी इस जयंती को बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मिलजुल कर मनाएं। आर्य केंद्रीय सभा के महामंत्री स्वतंत्र कुकरेजा ने कहा कि महर्षि स्वामी देव दयानंद ने समाज के उत्थान में एक बहुत बड़ा योगदान प्रदान किया है, उन्होंने जाति-पाति से उठकर सबके लिए कार्य किया और सच्चाई का रास्ता दिखाया। स्वामी जी की प्रेरणा से ही भारत की स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेने वाले लगभग 80 प्रतिशत क्रांतिकारी आर्य समाज की विचारधारा से ही प्रेरित थे।
निफा के संस्थापक अध्यक्ष प्रीतपाल पन्नू ने कहा कि जिस प्रकार हम सभी लोग महापुरुषों की जयंतियां एवं प्रकाश उत्सव मिलजुल कर मनाते हैं, इसी प्रकार हम स्वामी दयानंद जी की इस 200वीं जयंती को भी मिलकर मनाएंगे और उनके द्वारा भारत वर्ष के उत्थान के लिए किए गए कार्यों के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करेंगे।
आर्य केंद्रीय सभा के संरक्षक लाजपत राय और आर्य समाज सेक्टर 13 के प्रधान शांति प्रकाश आर्य ने कहा कि स्वामी जी ने पाखंडवाद, सती प्रथा का विरोध, नारी जाति के उत्थान तथा नारी जाति को वेद पढ? का अधिकार दिलाने का भी कार्य किया, इसलिए आज हम सब का एक कर्तव्य बनता है कि हम उनकी इस 200वीं जन्म जयंती को बहुत ही हर्ष उल्लास के साथ मनाएं।
इस अवसर पर रजनीश चोपडा, वेद मित्र आर्य, देशपाल ठाकुर, ओपी सचदेवा, प्रिया आर्या, अर्जुन देव वर्मा, विनीत खेड़ा, सतीश गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# गोवर्धन पुलिस ने साइबर ठग करने के आरोपी को पकडा

**मथुरा**
थाना गोवर्धन पुलिस ने साइबर अपराध करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से एक एंड्रॉयड मोबाइल बरामद किया गया है। प्रभारी निरीक्षक थाना गोवर्धन बिनोद बाबू मिश्रा के मुताबिक रविवार को थाना गोवर्धन पुलिस द्वारा देवसेरस से भगौसा जाने वाले कच्चे रास्ते से ग्राम देवसेरस से मुवीन पुत्र असरा निवासी ग्राम देवसेरस थाना गोवर्धन को गिरफ्तार किया गया। इसके कब्जे से एक एन्ड्रायड मोबाइल बरामद हुआ है।

# महिला वर्ग में नीरज प्रथम, ऐनफ द्वितीय तथा शिवानी रही तृतीय

अभियान

**8 -हर घर परिवार सूर्य नमस्कार के अंतर्गत सूर्य नमस्कार प्रतियोगिता करवाई जा रही है**



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।**
आयुष विभाग के जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉक्टर सतपाल के मार्गदर्शन तथा हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वाधान में हर घर परिवार सूर्य नमस्कार अभियान के अंतर्गत सूर्य नमस्कार प्रतियोगिता करवाई जा रही है।
मेरा मिशन स्वस्थ भारत के संस्थापक मुख्य योग शिक्षक दिनेश गुलाटी ने बताया कि हर घर परिवार सूर्य नमस्कार प्रतियोगिता में मेरा मिशन स्वस्थ भारत की सभी 20 कक्षाओं के 1170 योग साधक व साधिकाएं ने सेमी फाइनल प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रत्येक कक्षा से टॉप 10 विजेता निकाले गए।
आज सेक्टर 6 तिकोना पार्क के योग शेड में सूर्य नमस्कार योग प्रतियोगिता का फाइनल राउंड हुआ, जिसमें मेरा मिशन स्वस्थ भारत की टीम के सभी 200 विजेताओं ने भाग लिया। हरियाणा योग आयोग के नोडल अधिकारी तथा आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ डॉ अमित पुंज तथा अंगिरा गुरुकुल मल्टी थेरेपी सेंटर की संचालिका डॉ. दीपिका, योग सहायक कुसुम लता व मीनाक्षी राठी ने जज की भूमिका निभाई।
सूर्य नमस्कार प्रतियोगिता के महिला वर्ग में नीरज प्रथम, द्वितीय एनफ तथा तृतीय स्थान शिवानी ने प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान नरेश चौधरी, द्वितीय स्थान, राजीव तथा तृतीय स्थान रजनीश ने प्राप्त किया किया। उपरोक्त विजेताओं के नाम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए भेजे जाएंगे।

# रक्तदान सबसे बड़ा पुण्य का कार्य : कपिल



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।**
रास रेजीडेंसी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 90 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान करने के लिए रजिस्ट्रेशन किया और 78 यूनिट रक्त इक्ठा किया गया।
शिविर संयोजक कपिल किशोर ने बताया कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से किसी प्रकार की कमजोरी नहीं आती। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए।

# सरकार की गलत नीतियों के कारण प्रदेश का युवा क्राइम व नशे की दलदल मे धसता जा रहा है- गर्ग



**झज्जर**
हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने झज्जर अनाज मंडी में व्यापारियों की समस्याएं सुनने के उपरांत व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण लगातार व्यापार व उद्योग हरियाणा में पिछड़ता जा रहा है। सरकार ने अपने साढे 9 साल के कार्यकाल में व्यापारी व आम जनता पर नए-नए टैक्स लगाकर व टैक्सों में बढ़ोतरी करके जनता पर आर्थिक बोझ डालने का काम किया है। पूरे विश्व में जीएसटी की दरें भारत देश में सबसे ज्यादा है जिसके कारण देश व प्रदेश में लगातार महंगाई बढ़ती जा रही है। जबकि केंद्र सरकार बार-बार महंगाई बढ़ोतरी की दरों के आंकड़े 6 प्रतिशत बता कर गलत आंकड़े पेश करती है। आज हर खाद्य सामग्री, आम जरूरत का सामान, सरसों तेल, सब्जी व फलों आदि पर लगभग 60 से 90 प्रतिशत तक दामों में बढ़ोतरी हुई है। आज

आर्थिक बोझ

**8 सरकार ने नए-नए टैक्स लगाकर व टैक्सों में बढ़ोतरी करके आर्थिक बोझ डालने का काम किया है- गर्ग**

पहले के मुकाबले दूध, दही, दालें, आटा, नमक, सब्जी, फल, रसोई गैस, पेट्रोल, डीजल, खाद, बीज, घी व चीनी आदि के दाम आसमान को छू रहे हैं। इस महंगाई में गरीब व्यक्ति दो वक्त की रोटी सब्जी-दाल के साथ खा नहीं सकता इतनी महंगाई देश में हो गई है। बजरंग गर्ग ने कहा कि जब से देश आजाद हुआ है तब से अब तक कपड़ा, चीनी, दूध, दही व लस्सी आदि जरूरत के सामान पर कभी टैक्स नहीं था। इस सरकार ने रोजमर्रा की वस्तुओं पर भी 5 प्रतिशत जीएसटी लगा दिया और जिन वस्तुओं पर 5 प्रतिशत वेट कर था उन वस्तुओं पर 18 व 28 प्रतिशत जीएसटी लगाकर जनता की कमर तोड़ने का काम किया है।

# किराएदार महिला को लेकर फरार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।**
तरावड़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एक गांव में किराएदार एक प्रवासी महिला को भगा ले गया। महिला भी अपने पति के साथ किराए के मकान में रह रही थी। पीड़ित पति ने आसपास के एरिया में करीब 9 दिन तक तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा तो शिकायत पुलिस को की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
पति ने पुलिस को शिकायत में बताया है कि वह उत्तर प्रदेश के जिला संभल के गांव का रहने वाला है और एक महीने पहले ही अपनी पत्नी के साथ तरावड़ी में काम करने के लिए आया था। हमने एक मकान किराए पर लिया हुआ है, जिसके चौबारे पर हम रहते हैं और नीचे वाले कमरे में एक अन्य किराएदार रहता है।
पति ने बताया कि बीती 8 फरवरी को किरायेदार उसकी पत्नी को पत्थरी की दवाई दिलाने के बहाने से अपने साथ ले गया, लेकिन वह वापस नहीं लौटा। जब देर शाम तक भी उसकी पत्नी नहीं लौटी तो उसकी चिंता बढ़ गई। उसने किरायेदार के नंबर पर कॉल किया, लेकिन उसने फोन नहीं उठाया। काफी दिनों तक वह अपनी पत्नी को तलाशता रहा, लेकिन कुछ भी सुराग नहीं लग पाया।
तरावड़ी थाना के जांच अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि महिला के लापता होने की शिकायत मिली है। किराएदार पर शक जताया है।

# एक्सिस बैंक के एटीएम में चोरी, बदमाश लाखों रुपए लेकर फरार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।**
करनाल के माल रोड स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम बूथ से दो मशीनें तोडकर 4 नकाबपोश बदमाश लाखों रुपए कैश लेकर फरार हो गए। घटना अल सुबह करीब 3 बजे की बताई जा रही है। बदमाशों के हौसले इतने बुलंद हैं कि बैंक से करीब 50 मीटर की दूरी पर ही सिविल लाइन थाना पड़ता है। उसके बाद भी बदमाश एटीएम मशीनें तोडकर उनसे लाखों का कैश निकालकर ले गए। पुलिस ने बैंक मैनेजर की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक करनी शुरू कर दी हैं। सिविल लाइन थाना के प्रभारी विष्णु मित्र ने बताया कि सुबह करीब 3




बजे पुलिस को सूचना मिली थी एक्सिस बैंक का सायरन बजा है। इसके बाद बैंक के अधिकारियों ने उन्हें सूचना दी और खुद भी मौके पर पहुंचे। मौके पर जाकर देखा तो बूथ में रखी दोनों मशीनों को पहले तोड़ा गया, उसके बाद दोनों मशीनों से लाखों का कैश चोरी करके बदमाश फरार हुए हैं।
उन्होंने बताया कि कुछ सीसीटीवी फुटेज पुलिस के हाथ लगी हैं, जिसमें 4 नकाबपोश बदमाश आते हैं। आते ही पहले बैंक के बाहर व बूथ के अंदर लगे कैमरों को तोड़ते हैं। उसके बाद मशीनों को गैस वेल्डिंग काटा जाता है। मशीनों से लाखों रुपए का कैश लेकर फरार हो गए। बैंक के अधिकारियों के पास जब सायरन बजा तो उन्होंने ही पुलिस को सूचना दी। इसके बाद दो मिनट के अंदर पुलिस मौके पर ही पहुंच गई थी।
विष्णु मित्र ने बताया कि कल ही दोनों मशीनों को रिफिल किया गया था। दोनों मशीनों में कितना कैश था, अभी इसकी जानकारी न तो बैंक मैनेजर के पास और न ही अन्य किसी अधिकारी के। कर्मचारियों से बातचीत कर शिकायत में बैंक के अधिकारियों द्वारा रकम को लिखवाया जाएगा। इसके बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# जापानी प्रतिनिधिमंडल ने किया महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय का दौरा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।**
जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जेआईसीए) ने कोच्चि विश्वविद्यालय (जापान) और एमएचयू, करनाल के बीच अनुसंधान सहयोग पर चर्चा करने के लिए जापान के 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय (एमएचयू) करनाल का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल के एमएचयू में पहुंचने पर अनुसंधान निदेशक प्रो. रमेश कुमार गोयल ने स्वागत किया।प्रतिनिधिमंडल ने महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय के साथ आईओपी बनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान कोच्चि विश्वविद्यालय जापान के



प्रतिनिधिमंडल व एमएचयू की ओर से अनुसंधान निदेशक ने आईओपी को लेकर उत्साहजनक माहौल में बातचीत की। कोच्चि विश्वविद्यालय (जापान) के प्रोण्नोमुरा ने भी प्रस्तुति दी। आगामी दिनों में एमएचयू ओर कोच्चि विश्वविद्यालय जापान के वैज्ञानिक मिलकर अनुसंधान के कार्य को आगे बढ़ाएंगे, यहीं नहीं दोनों ही विश्वविद्यालयों के वैज्ञानिक यूनिवर्सिटी में जाकर रिसर्च का कार्य करेंगे।
प्रतिनिधिमंडल सदस्यों ने एमएचयू के पोली हाउस, ग्रीन हाउस ओर विभिन्न लैबों का दौरा किया, लैब का दौरा के दौरान प्रतिनिधिमंडल सदस्यों को अनुसंधान निदेशक ने विभिन्न लैबों में किए जाने वाले अनुसंधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान एमएचयू के पीएचडी, बीएससी में पढने.वाले विद्यार्थियों की भी जापानी प्रतिनिधिमंडल बातचीत हुई। जेआईसी, टोकियो मुख्यालय से सुश्री मरिया काटो और प्रो. निशिगुची ने भविष्य के अनुसंधान सहयोग के लिए उपयोगी चर्चा के लिए कुलपति प्रो. एसके मल्होत्रा को धन्यवाद दिया।
जापान और एमएचयू के बीच कोलाबेरेशन को कुलपति और तेजी से आगे ले जाएंगे
अनुसंधान निदेशक प्रो.रमेश गोयल ने बताया कि हरियाणा सरकार बागवानी मूल्य श्रृंखला का निर्माण परियोजना पर काम कर रही है, मुख्यमंत्री, हरियाणा की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग के तहत जेआईसीए का मिशन, जेआईसी, मुख्यालय, जेआईसी, इंडिया कार्यालय, कोच्चि विश्वविद्यालय जापान, कोच्चि के सदस्य ओर जापान के प्री फेक्कर ने महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय का दौरा किया।
अनुसंधान निदेशक ने बताया कि जापान ओर एमएचयू के बीच कोलाबेरेशन को कुलपति एसके मल्होत्रा के नेतृत्व में ओर से तेजी से आगे ले जाएंगे। इस मौके पर डॉ. सुरेंद्र, डॉ. पंकज, डॉ.गौरव, डॉ.एसके अरोड़ा, डॉ.विजय अरोड़ा, डॉ. बिजेंद्र, डॉ. विनोद, डॉ.युवराज, डॉ.सुबरन सहित अन्य मौजूद रहे।

# डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला पहुंचे करनाल

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल /राजकुमार प्रिंस।**
करनाल पहुंचे उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला मीडिया से दूरी बनाते हुए नजर आए। रविवार दोपहर बाद डिप्टी सीएम अपने काफिले के साथ मॉडल टाउन स्थित गुरुद्वारा में एसजीपीसी के पूर्व प्रधान रघुजीत सिंह की माता के निधन पर शोक व्यक्त करने पहुंचे थे। पिछले दिनों रघुजीत सिंह की माता का देहांत हो गया था। जिसके चलते आज दोपहर बाद गुरुद्वारे में उनकी आत्मा की शांति के लिए अंतिम अरदास रखी गई थी।
शोक व्यक्त करने बाद जब डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला बाहर निकले तो उन्होंने मीडिया से बातचीत करते



हुए कहा कि रघुजीत सिंह के परिवार का चौधरी देवीलाल के समय से ही उनके परिवार से पुराना रिश्ता है। अब माता जी उनके बीच नहीं रही तो परिवार के दुख में शामिल होने के लिए वह यहां पहुंचे।
वहीं इस दौरान जब उनसे शंभू बार्डर पर बैठे किसानों को लेकर सवाल किया तो उन्होंने कहा कि हम गुरुद्वारे में खड़े हैं। इसके बाद वह मीडिया से दूरी बनाते हुए अपनी गाड़ी में बैठ गए। इस दौरान पत्रकारों ने उनसे चुनाव को लेकर व किसान आंदोलन को लेकर भी काफी सवाल किए, लेकिन उन्होंने चुप्पी साधे रखी और बिना किसी सवाल का जवाब दिए वहां से गाड़ी में बैठकर अपने काफिले के साथ कैथल के लिए रवाना हो गए।

# पीएम आज यूपी को 10 लाख करोड़ की देंगे सौगात

## 14 हजार परियोजनाओं का प्रधानमंत्री सोमवार को करेंगे शुभारंभ, प्रदेश में करीब 34 लाख रोजगार के अवसरों की संभावनाओं के द्वारा भी खुल जाएंगे

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**उत्तर प्रदेश** को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही योगी आदित्यनाथ सरकार के लिए सोमवार का दिन बहुत महत्वपूर्ण होने जा रहा है। सोमवार को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी 4.0) के जरिए प्रदेश भर में 10 लाख करोड़ से ज्यादा की 14 हजार से अधिक परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। इसके साथ ही प्रदेश में करीब 34 लाख रोजगार के अवसरों की संभावनाओं के द्वारा भी खुल जाएंगे। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री योगी के साथ यहां आयोजित होने वाली प्रदर्शनी का भी अवलोकन करेंगे। साथ ही मुख्य जीबीसी हैंगर में प्रदेश की जनता को संबोधित करते हुए इन परियोजनाओं की शुरूआत के लिए शुभकामनाएं देंगे। पिछले वर्ष 10 से 12 फरवरी के मध्य



ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन हुआ था। उसके करीब एक वर्ष बाद 19-21 फरवरी के बीच ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी समेत तमाम वीआईपी शामिल होंगे। अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद योगी सरकार के लिए यह एक और बड़ा अवसर है, जब पूरी दुनिया की नजरें उत्तर प्रदेश की ओर लगी होंगी। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में इन परियोजनाओं की शुरूआत से राज्य सरकार अपने लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाएगी। आयोजन के शुभारंभ के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी सरकार की उपलब्धियों की जानकारी देंगे तो साथ ही निवेशकों को सफलता के मंत्र भी बताएंगे। इस अवसर पर योगी उत्तर प्रदेश में उद्योगों के अनुरूप माहौल के साथ ही भविष्य की योजनाओं को लेकर अपनी बात रखेंगे। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगे, जबकि हिंदुजा ग्रुप के चेयरमैन धीरज हिंदुजा, सैमसंग, साउथ वेस्ट एशिया के सीईओ जेपी पार्क, आईएनजीकेए के सीईओ सुसैन पल्वरर, टोरेंट ग्रुप के एमडी जीनल मेहता और एडवर्ब टेक्नोलॉजीज के चेयरमैन जलज मेहता भी प्रदेश में औद्योगिक विकास की उपलब्धियों के विषय में अपने विचार रखेंगे।रक्षामंत्री और लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह भी यहां अपने विचार रखेंगे, जिसके बाद प्रधानमंत्री परियोजनाओं को डिजिटल ग्राउंड ब्रेकिंग के माध्यम से शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री को राज्य सरकार की उपलब्धियों पर आधारित एक शॉर्ट फिल्म भी दिखाई जाएगी।

**आयोजन की सभी तैयारियां पूरी:** आयोजन की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। दो दिन पहले ही मुख्यमंत्री ने तैयारियों का जायजा लिया था और आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे। कार्यक्रम में दुनिया भर के तकरीबन 4000 प्रतिभागियों के प्रतिभाग करने की संभावना है, जिसमें जाने माने उद्योगपति, फॉर्च्यून ग्लोबल/इण्डिया 500 कंपनियां, विदेशी निवेशक भागीदार, राजदूत/उच्चायुक्त एवं अन्य प्रतिष्ठित अतिथि शामिल हैं।

### पूरे प्रदेश में बहेगी निवेश की बयार

**जीबीसी** के जरिए प्रदेश में 10,23,537 करोड़ की 14,619 परियोजनाओं का शुभारंभ होने जा रहा है। सबसे खास बात ये है कि प्रदेश के सभी हिस्सों और जिलों में ये निवेश होगा। इसके अंतर्गत सर्वाधिक 52 प्रतिशत निवेश परियोजनाओं की शुरूआत प्रदेश के पश्चिमांचल हिस्से में होगी। पूर्वांचल में 29 प्रतिशत, मध्यांचल में 14 प्रतिशत और बुंदेलखंड में 5 प्रतिशत निवेश परियोजनाओं को धरातल पर उतारा जाएगा। प्रदेश के सभी 75 जिलों में निवेश परियोजनाओं की शुरूआत होगी। इसमें 19 जिले ऐसे हैं जिन्होंने निवेश लक्ष्य का शत प्रतिशत से भी ज्यादा हासिल किया। इसमें एटा ने 354 प्रतिशत, सीतापुर ने 145, शाहजहांपुर ने 127, सोनभद्र ने 121, चंदौली ने 117, मुजफ्फरनगर और मुरादाबाद ने 114, मीरजापुर ने 113 प्रतिशत, हरदोई ने 111, अमेठी ने 108, बाराबंकी ने 108, फतेहपुर, गोंडा ने 105 प्रतिशत, बरेली ने 104, रामपुर ने 103, बहराइच ने 101 और लखीमपुर खीरी, भदोही व बिजनौर ने 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया है। अधिकांश 19.24 प्रतिशत निवेश आवास में होना निर्धारित है। इसके अलावा 15 प्रतिशत निवेश रिन्यूएबल एनर्जी में, 13 प्रतिशत मैन्युफैक्चरिंग में, 10 प्रतिशत आईटी एवं आईटी आधारित सेवाओं में, 7.83 प्रतिशत लॉजिस्टिक्स।

# 'उत्तराधिकार की राजनीति करना न्यायपूर्ण नहीं'

**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**

**मध्यप्रदेश में पूर्व** सीएम कमलनाथ और छिंदवाड़ा सांसद नकुलनाथ के बीजेपी में जाने की अटकलों पर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के भाई और पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह की प्रतिक्रिया सामने आई है। मध्य प्रदेश में चल रही सियासी हलचल पर उन्होंने अपने 'एक्स' अंकाउट पर लिखा कि उत्तराधिकार की राजनीति करना न्यायपूर्ण नहीं है। हम इसके परिणाम भी देख रहे हैं। ऐसा करने से कई राजनीतिक दल और उनके समर्पित कार्यकर्ता निराश हो जाएंगे। बता दें कि पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह मुद्दों पर बेबाकी से अपनी राय रखते हैं। कमलनाथ के बीजेपी में जाने की अटकलों पर लक्ष्मण सिंह की



प्रतिक्रिया सामने आई है। कमलनाथ के पार्टी छोड़ने की अटकलों पर पूर्व सांसद लक्ष्मण सिहं ने कहा कि इस पर मैं क्या कहूं। मुझे कुछ नहीं पता, मैं तो गांव पर हूं। जो भी हो रहा है, अगर कमलनाथ जी ऐसा कह रहे हैं, सोच रहे हैं, तो पार्टी के लिए अच्छा संकेत नहीं है। वह बहुत सीनियर नेता हैं। मुख्यमंत्री रहे हैं और मैं जब पार्टी के खिलाफ कुछ बोलता था या करता था, तो मुझे दोष दिया जाता था। आज जब वो कर रहे हैं, तो मैं कहीं पूरी तरह गलत भी नहीं था। पार्टी को समझना चाहिए इस बात को। भावनाओं को समझना चाहिए। रविवार सुबह उन्होंने सोशल मीडिया के जरिये भी इस मुद्दे पर अपनी राय रखी।

सोशल प्लेटफार्म एक्स पर उन्होंने लिखा 2024 में उत्तराधिकार की राजनीति करना न्यायपूर्ण नहीं है। हम इसके परिणाम भी देख रहे हैं। ऐसा करने से कई राजनीतिक दल और उनके समर्पित कार्यकर्ता निराश होकर घर बैठने पर मजबूर है जो प्रजातंत्र और उन दलों और कार्यकताओं के लिए घातक है।



भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री मंचासीन।


# स्वामी प्रसाद के बाद एसपी को एक और झटका

## सलीम शेरवानी ने भी महासचिव पद छोड़ा

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**स्वामी** प्रसाद मौर्य के बाद एक और सपा नेता ने अखिलेश यादव को झटका दे दिया है। अब सलीम इकबाल शेरवानी ने सपा महासचिव के पद से इस्तीफा देते हुए अखिलेश पर मुसलमानों की उपेक्षा का आरोप लगाया है। सपा अध्यक्ष को लिखी चिट्ठी में उन्होंने कहा कि वह जल्द ही अपने भविष्य को लेकर बड़ा फैसला लेंगे। इससे पहले स्वामी प्रसाद मौर्य ने पत्र लिखकर सपा महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया था। सलीम शेरवानी बदायूं सीट से पांच बार सांसद रह चुके हैं। स्वामी प्रसाद मौर्य और सलीम शेरवानी के इस्तीफे के बाद अखिलेश यादव के पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) मुहिम को तगड़ा झटका लगा है अखिलेश को लिखे पत्र में सलीम शेरवानी का कहना है कि यूपी में मुसलमान लगातार उपेक्षित महसूस कर रहा है। राज्यसभा चुनाव के लिए तीन उम्मीदवार सपा ने घोषित किए, इनमें एक भी मुस्लिम नहीं है। बेशक मेरे नाम पर विचार नहीं होता लेकिन किसी मुसलमान को तो सीट मिलनी चाहिए थी। मुसलमान एक रहनुमा की तलाश में हैं। मुझे लगता है कि सपा में रहते हुए मैं मुस्लिमों की हालत में बड़ा परिवर्तन नहीं ला सकता हूं।

**इस्तीफा देने से पहले दिल्ली में की बैठक:** सपा के राष्ट्रीय महासचिव के पद से इस्तीफा देने से पहले सलीम इकबाल शेरवानी ने अपने करीबियों और समर्थकों के साथ दिल्ली स्थित इस्लामी कल्चर सेंटर में बैठक की। वह यूपी में किसी भी मुस्लिम को सपा की तरफ से राज्यसभा का उम्मीदवार नहीं बनाए जाने को



**उपेक्षा**

**8 शेरवानी ने पद से इस्तीफा देते हुए अखिलेश पर मुसलमानों की उपेक्षा का आरोप लगाया ह**

लेकर आलाकमान से नाराज चल रहे थे।

**'पीडीए को लेकर अखिलेश गंभीर नहीं':** पांच बार के सांसद सलीम शेरवानी ने अखिलेश पर आरोप लगाते हुए कहा कि आप लगातार पीडीए का नाम लेते रहते हैं, लेकिन राज्यसभा की उम्मीदवारों के नाम देखकर लगता नहीं कि आप पीडीए को बहुत महत्व देते हैं। सलीम शेरवानी ने विपक्षी इंडिया गठबंधन को लेकर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि एक मजबूत विपक्षी गठबंधन को लेकर कोई भी गंभीर नहीं दिख रहा है। ऐसा लग रहा है कि जैसे विपक्षी गठबंधन में शामिल दल सत्ता पक्ष से लड़ने की बजाय आपस में लड़ रहे हैं।

**2019 चुनाव से पहले सपा छोड़ कांग्रेस चले गए थे:** आपको बता दें कि सलीम शेरवानी चार बार सपा के टिकट पर लोकसभा चुनाव जीत चुके हैं। एक बार कांग्रेस के टिकट पर वह संसद पहुंचे हैं।

